जबलपुर
बुधवार 25 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-08
वर्ष : 20, अंक : 297
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## किसानों के लिए सौगातों की बौछार, सीएम ने कहा- हम जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं

## एमएसपी के अतिरिक्त उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस को मंजूरी



**10 हजार 500 करोड़ रुपए की 5 योजनाओं की निरंतरता को मंजूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट की विधानसभा की समिति कक्ष में हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों के हितों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष के तहत लिए गए इन फैसलों के साथ ही अगली कैबिनेट की बैठक जनजातीय क्षेत्रों में की जाएगी। उन्होंने सदन में भी कैबिनेट में लिए गए निर्णयों की जानकारी सदस्यों को दी।

### मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में यह निर्णय भी लिया

किसान कल्याण वर्ष में कृषकों के लिए लगभग 10 हजार 500 करोड़ रुपए की 5 योजनाओं की निरंतरता को मंजूरी, पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 2,014 करोड़ 83 लाख रुपए की स्वीकृति, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में पर ड्रॉप-मोर-क्रॉप के लिए 2,393 करोड़ 97 लाख रुपए की मंजूरी, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के लिए 3,285 करोड़ 49 लाख रुपए की स्वीकृति, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के लिए 1011 करोड़ 59 लाख रुपए की स्वीकृति।

## सेवातीर्थ में पहली कैबिनेट मीटिंग, कई बड़े फैसलों पर लगाई मुहर

# केरल का नाम अब 'केरलम', तीन डबलिंग प्रोजेक्ट में जबलपुर-गोंदिया रूट भी शामिल

**जबलपुर गोंदिया डबलिंग में कुल 5236 करोड़ रु का खर्च होगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को नए पीएमओ भवन 'सेवातीर्थ' में पहली कैबिनेट बैठक का आयोजन हुआ। मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने का फैसला किया। कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी।



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा। केरल विधानसभा से 24 जून 2024 को प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव के मुताबिक केरल का असल में मलयाली भाषा में नाम केरलम है। हिंदी और दूसरी भाषाओं में इसे केरल कहा जाता है। नाम बदलने का उद्देश्य केरल राज्य की पहचान, भाषा, संस्कृति और विकास को बढ़ावा देना है।

### जबलपुर गोंदिया डबलिंग रूट इन क्षेत्रों से गुजरेगा


रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड के आठ जिलों के लिए तीन मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट अप्रूव किए हैं। जबलपुर गोंदिया रेल रूट इसमें सबसे खास है, जो मध्य प्रदेश के जबलपुर शहर से महाराष्ट्र के गोंदिया जिले तक कनेक्ट होगा। मंडला, बालाघाट, सिवनी, जबलपुर और कई आदिवासी क्षेत्र भी इससे जुड़ेंगे। विशेष तौर पर मंडला, सिवनी जुड़ने से ये कई नेशनल पार्क व वाइल्ड लाइफ एरिया के पास से होकर गुजरेगा। ऐसे में इनके लिए 450 करोड़ रु का अलग प्रावधान किया गया है। डबलिंग होने से इसका फायदा पूरे देश को मिलेगा क्योंकि यह गोंदिया और इटारसी में मुंबई-हावड़ा के हाई डेंसिटी नेटवर्क से जुड़ेगा, साथ ही जबलपुर में वाराणसी हाई डेंसिटी नेटवर्क से जुड़ेगा।




## खबर संक्षेप

### संघ अधिकारी हितानंद की मां जनकदुलारी का निधन

**अशोकनगर।** आरएसएस के मध्य क्षेत्र सह-बौद्धिक प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी जनकदुलारी शर्मा का मंगलवार सुबह भोपाल के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। दोपहर उनका पार्थिव शरीर का जिले के पैतृक गांव मढ़ी महिदपुर में अंतिम संस्कार किया गया।



यहां उनके घर से कुछ दूरी पर अंतिम संस्कार किया गया, जहां हितानंद शर्मा और उनके भाइयों ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा और संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान जिले और आसपास के कई भाजपा नेता व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अंतिम विदाई देने पहुंचे प्रमुख नेताओं में पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, कैबिनेट मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त सावन सोलकर और भाजपा महामंत्री गौरव रणवीर शामिल थे।

### रुपया छह पैसे टूटकर 90.95 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** डॉलर की तेजी और कच्चे तेल की मजबूत कीमतों के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 90.95 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं ने रुपये पर और दबाव डाला, जबकि विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से कुछ समर्थन मिला।

## राजधानी भोपाल की कांग्रेस की किसान महाचौपाल में केंद्र पर जमकर बरसे राहुल

# ट्रंप का दावा था कि पीएम ने फोन पर डील 'साइन' करने का किया था वादा

*राहुल ने कहा कि सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा*

**दोपहर 3:20 से 3 बजकर 45 मिनट तक कुल 25 मिनट बोले राहुल**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एपस्टीन और अडाणी केस का दबाव था इसलिए उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को फोन कर डील पर हस्ताक्षर करने का वादा कर दिया। ऐसा करने से पहले उन्होंने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से चर्चा भी नहीं की। उन्होंने कहा कि यदि मोदी दबाव में न होते तो यह डील कभी नहीं करते, क्योंकि इसके जरिए देश के हितों को अमेरिका क हाथों बेच दिया गया। राहुल मंगलवार को भोपाल के जवाहर चौक में आयोजित किसान महाचौपाल को संबोधित कर रहे थे।

**डील के खिलाफ देश भर में अभियान की शुरुआत भोपाल से की गई**




### राहुल ने कहा

- एपस्टीन-अडाणी केस के कारण प्रधानमंत्री मोदी पर था दबाव
- बिना मंत्रिमंडल सलाह फोन पर कर दिया ट्रंप से डील का वादा
- दम है तो आप डील को रद्द करके दिखा दीजिए
- पीएम ने पूरा डेटा अमेरिका के हवाले कर दिया

### डील से भारत को कोई फायदा नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है।


राहुल गांधी

### सरकार अमेरिकी दबाव में फैसले ले रही : खरगे

किसान महाचौपाल में शामिल होने आए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा सरकारों ने नाम बदलने का अभियान चला रखा है।


मल्लिकार्जुन

### यूथ कांग्रेस चीफ उदय भानु को चार दिन की कस्टडी

**राहुल बोले- अपने बब्बर शेर साथियों पर गर्व**

**नई दिल्ली।** भारतीय यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को पूछताछ के लिए बुलाया था, इसी के बाद उन्हें अरेस्ट कर लिया गया। पुलिस ने उन्हें दिल्ली की अदालत में पेश किया। पटियाला हाउस कोर्ट ने उन्हें चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने चिब को शर्टलेस प्रोटेस्ट का मास्टरमाइंड बताया था। उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लिखा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट हमारी ऐतिहासिक विरासत है।


उदय भानु

## सीएम ने राहुल गांधी से पूछे तीन सवाल

# रबी और खरीफ में कौन सी फसलें, मप्र में दलहन की कौन सी फसलें?

**नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी पीएम से पूछे तीन सवाल**


उमंग सिंघार | डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी से तीन सवाल किए। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से कहा कि आप मेरी ओर से राहुल गांधी से तीन सवाल पूछ लें। रवि, खरीफ में कौन सी फसलें होती हैं, मप्र में दलहन की कौन सी फसल होती है। तिलहन मप्र के किन क्षेत्रों में बहुतायद होता है।


दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट में लिए गए फैसले की जानकारी विधानसभा में दी। उन्होंने इसके बाद कैबिनेट की ब्रीफिंग में भी यही सब कहा। सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि चूंकि राहुल गांधी आ रहे हैं, तो आप किसानों के लिए सौगातें दे रहे हैं। इस पर कुछ देर के लिए सदन में जमकर हंगामा हुआ। दोनों तरफ से तीखी नोकझोंक हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी आ रहे हैं तो नेता प्रतिपक्ष से कहना चाहता हूं कि मेरी तरफ से उनसे तीन प्रश्न पूछ लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रवि और खरीफ में कौन-कौन सी फैसलें लगती हैं। केवल यह बता दें और तीसरा दलहन में कौन सी फसलें मप्र में होती हैं और तिलहन में हमारे यहां क्या-क्या होता है?

इस पर नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने भी मुख्यमंत्री से कहा कि मैं आपके जरिए प्रधानमंत्री से तीन प्रश्न पूछना चाहता हूं। अमेरिका से जो डील में मप्र के किसानों को इससे क्या फायदा होगा? यूएस डील हुई तो यहां पर कपास के भाव गिर गए। मप्र में निमाड़ के किसान परेशान हैं। यूएस से सोयाबीन आएगा तो यहां पर भाव और गिरेंगे। चंबल में सरसों की खेती होती है तो सरसों के भाव भी गिरेंगे। प्रधानमंत्री से आप तीन प्रश्न हमारी तरफ से कीजिए।

## काले हिरणों के शिकार पर एक्शन

# रेंजर सहित छह कर्मचारी नपे, सबूतों से छेड़छाड़ की

**हरिभूमि न्यूज:नर्मदापुरम।** सिवनी मालवा रेंज में काले हिरणों के शिकार के सनसनीखेज मामले में वन विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए रेंजर सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। प्राथमिक जांच में प्रकरण की वास्तविकता को छिपाने, साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने तथा गंभीर लापरवाही बरतने के तथ्य उजागर होने के बाद सोमवार देर रात निलंबन आदेश जारी किए गए। सीसीएफ अशोक कुमार चौहान ने बताया कि प्राथमिक जांच प्रतिवेदन में संबंधित कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। प्रकरण की वास्तविक प्रकृति को छिपाने तथा जांच प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही प्रथम दृष्टया सिद्ध होने पर सिवनी मालवा रेंजर आशीष रावत, वनपाल महेश गौर तथा वनरक्षक मनीष गौर, रूपक झा, ब्रजेश पगारे और पवन उइके को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।


■ जांच में इनकी भूमिका संदिग्ध मिली

## अतिक्रमण हटाने गई थी टीम

# नपा के पांच अधिकारियों को लोगों ने पीटा, पथराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी


अतिक्रमण हटाने गई नगर पालिका की टीम के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बस्ती के कुछ युवक-महिलाओं ने टीम पर पथराव किया। वारदात देहात थाना क्षेत्र के महलसराय आदिवासी बस्ती की है। नगर पालिका के अतिक्रमण प्रभारी अशोक खरे ने बताया कि महलसराय क्षेत्र में हाल ही में एक शासकीय शौचालय का निर्माण कराया गया था। उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ लोग शौचालय को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सूचना मिलने पर वे पांच कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान वहां पहुंचने पर टीम ने देखा कि कुछ लोग हथौड़े से शौचालय की छत तोड़ रहे थे।


■ 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ

## दिल्ली से लेह जा रहा था विमान

# फ्लाइट का इंजन फेल हुआ दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी:नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह (लद्दाख) जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान में अचानक बड़ी तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते विमान को वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान के एक इंजन ने काम करना बंद कर दिया था। स्पाइसजेट की उड़ान संख्या 121 ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लेह के लिए अपनी नियमित उड़ान भरी थी। टेकऑफ के कुछ ही समय बाद, जब विमान हवा में था, तब पायलटों को विमान के इंजन नंबर 2 में गंभीर तकनीकी खराबी का पता चला। इंजन के फेल होने की स्थिति को भांपते हुए पायलटों ने सूझबूझ दिखाई और लेह की ओर उड़ान जारी रखने के बजाए तुरंत दिल्ली लौटने का फैसला किया।



■ विमान में सवार सभी 150 यात्री सुरक्षित




## हाईकोर्ट पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

# पहले कहा था-अरेस्ट कर लें, फिर दाखिल की अग्रिम जमानत याचिका

**प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य पर केस दर्ज हो चुका**

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। आरोपी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी की ओर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है।


अविमुक्तेश्वरानंद

### याचिका में कहा गिरफ्तारी हुई तो अपूरणीय क्षति होगी

आवेदकों ने हाईकोर्ट से आग्रह किया है कि झूंसी थाने में दर्ज क्राइम नंबर 58/2026 में ट्रायल और जांच लंबित रहने तक उन्हें अग्रिम जमानत दी जाए। याचिका में दावा किया गया है कि यदि गिरफ्तारी हुई तो अपूरणीय क्षति होगी, जिसकी भरपाई संभव नहीं। साथ ही हाईकोर्ट से यह भी अनुरोध किया गया है।

## ऐसे 'हैवान बेटे' की भला कौन करेगा चाहत?

# पिता के शव को नीले-ड्रम में छिपाया सिर काटकर 21 किमी दूर फेंका

**पिता बनाना चाहते थे डॉक्टर... बस यही विवाद**



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया।


मानवेंद्र (मृतक) | अक्षत (आरोपी)

अन्य हिस्से को तारपिन से जलाने की फिराक में था। रूम स्प्रे छिड़कर दुर्गंध खत्म कर रहा था। अक्षत ने अपनी बहन के सामने घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा।

## एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन पर भड़के पूर्व नौकरशाह

# 270 पूर्व जजों और अधिकारियों ने लिखा पत्र, लोकतांत्रिक विरोध राष्ट्र के सार्वजनिक अपमान का लाइसेंस नहीं, देश की छवि को धूमिल किया


दिल्ली में प्रदर्शन करती यूथ कांग्रेस


**भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतार कर प्रदर्शन किया था। यूथ कांग्रेस के इस प्रदर्शन की चहुंओर आलोचना की जा रही है**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर सियासी संग्राम छिड़ा है। भाजपा सहित कई राजनीतिक दलों ने कांग्रेस के इस प्रदर्शन की आलोचना की है। अब 270 पूर्व जज और अधिकारियों ने भी चिट्ठी लिखकर यूथ कांग्रेस के इस प्रदर्शन की आलोचना की है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसएन ढिंगरा और पूर्व पुलिस महानिदेशक बीएल वोहरा भी थे। भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष के साथ-साथ एआई की दुनिया में काम करने वाले कई बड़े एक्सपर्ट शामिल हुए थे। इस समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतार कर प्रदर्शन किया था। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के इस प्रदर्शन की आलोचना हो रही है।

### भारत मंडपम में राष्ट्रीय कलंक शीर्षक रखा


बीएल वोहरा


एसएन ढींगरा

### इसे राष्ट्रीय गरिमा का विश्वासघात बताया

भारत मंडपम में राष्ट्रीय कलंक शीर्षक से लिखे एक कड़े बयान में, दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसएन ढिंगरा और पूर्व पुलिस महानिदेशक बीएल वोहरा ने यूथ कांग्रेस के शर्टलेस प्रोटेस्ट की निंदा की। अधिकारियों ने इसे राष्ट्रीय गरिमा का विश्वासघात बताया।

**अतिथि सत्कार का मजाक उड़ाया**

न्यायमूर्ति ढिंगरा और वोहरा ने तर्क दिया कि इस विरोध-प्रदर्शन ने भारत की वैश्विक छवि को नुकसान पहुंचाया है। बयान में कहा गया है, किसी भी राजनीतिक दल द्वारा इंटरनेशनल समिट में कपड़े उतारकर हंगामा करना दुनिया को यह बताता है कि भारत एक वैश्विक शक्ति के बजाय अराजकता का देश है। ऐसी घटनाओं से निवेशकों का विश्वास कमजोर हो सकता है। खासकर तब जब शिखर सम्मेलन का उद्देश्य भारत की तकनीकी प्रगति को उजागर करना था। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ नागरिकों के आतिथ्य सत्कार का मजाक उड़ाता है।

### इनका सामूहिक रूप से विरोध करना चाहिए

भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन को लेकर पूर्व न्यायाधीशों और पूर्व नौकरशाहों ने संयुक्त पत्र लिखकर निंदा की। पूर्व न्यायाधीशों और पूर्व नौकरशाहों ने भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों द्वारा भारत मंडपम में किए गए हालिया विरोध प्रदर्शन की निंदा करते हुए कहा कि यह आंतरिक राजनीतिक विवादों से परे है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां सरकार को नुकसान नहीं पहुंचातीं, बल्कि राष्ट्र की छवि को धूमिल करती हैं और इनका सामूहिक रूप से विरोध किया जाना चाहिए।


**बुद्धिहीन राजनीति का दयनीय प्रदर्शन किया**

अधिकारियों ने एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन को बुद्धिहीन राजनीति का दयनीय प्रदर्शन बताया। अधिकारियों का मानना है कि इस विरोध ने किसी विशेष सरकार के बजाय देश को नुकसान पहुंचाया है। कहा गया कि ऐसे कार्यों से किसी सरकार को नहीं, बल्कि राष्ट्र को चोट पहुंची है। बयान में राजनीतिक दलों से आग्रह किया गया कि वे अंतरराष्ट्रीय मंचों को पक्षपातपूर्ण नाटक से मुक्त रखें।

---

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र भाजपा में कृष्णराज 'युवा अध्यक्ष'



**मुंबई।** भाजपा की महाराष्ट्र इकाई ने मंगलवार को नए पदाधिकारियों की सूची जारी की। इसमें कृष्णराज महाडिक को भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त कर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने इन नियुक्तियों की घोषणा की। मुख्य प्रवक्ता, महासचिव, सचिव, उपाध्यक्ष का ऐलान किया है।

### भुवनेश्वर में आग से कई दुकानें खाक



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर के धौली इलाके में को एक बाजार परिसर में आग लगी। इसमें कई दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधितारियों ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे लगी आग के कारण किसी के घायल होने या मौत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। परिसर में प्लाईवुड और प्लास्टिक सहित ज्वलनशील पदार्थ का भंडार था।

### गोली मारी और चाकू से काटा गला, सरेराह हत्या



**ग्रेटर नोएडा।** यहां के गांव लुक्सर में मंगलवार को रंजिश के चलते एक युवक की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। मृतक युवक की पहचान नितिन निवासी गांव लुक्सर के रूप में हुई है। गंभीर हालत में उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### ऑर्केस्ट्रा की आड़ में डांस बार, लाइसेंस रद्द होंगे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को अवैध डांस बार चलाने के लिए ऑर्केस्ट्रा बार लाइसेंस के दुरुपयोग के खिलाफ सख्ती बरतने की बात कही। सीएम फडणवीस ने कहा कि सरकार ऐसे बारों के लाइसेंस को स्थायी रूप से रद्द करने का प्रावधान प्रस्तावित करेगी, जो कार्रवाई के बावजूद संचालन जारी रखते हैं और नियमों का उल्लंघन करते हैं।

### कांतारा विवाद पर रणवीर को लगी फटकार



**मुंबई।** रणवीर सिंह का महीनों पुराना विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। नवंबर 2025 में सिंह ने गोवा में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में हंसी मजाक में कुछ ऐसा कर दिया जो उन्हें भारी पड़ गया। एक्टर ने स्टेज पर ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर-1' में दैवी को महिला भूत बताते हुए फिल्म के आइकॉनिक सीन की मिमिक्री की थी। इसी पर अदालत ने फटकार लगाई है।

---

## केंद्रीय कैबिनेट: रेलवे की कई तीसरी और चौथी लाइनों का भी किया जाएगा विस्तार

# 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स से रेलवे यातायात होगा सुगम, किसानों की भी होगी बल्ले-बल्ले

### श्रीनगर और अहमदाबाद भी होंगे मालामाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नए पीएम कार्यालय सेवा तीर्थ में हुई पहली कैबिनेट बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी। बुनियादी ढांचे को मजबूती देने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, केंद्रीय कैबिनेट ने कुल 12,236 करोड़ के विभिन्न विकास प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।

इस बड़े निवेश का मुख्य हिस्सा रेलवे और शहरी परिवहन के विस्तार पर केंद्रित है,रेलवे नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए पुनरख-किऊल की तीसरी और चौथी लाइन के लिए 2,668 करोड़ तथा गम्हरिया-चांडिल की तीसरी व चौथी लाइन के लिए 1,168 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। विमानन और शहरी यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से श्रीनगर में 1,667 करोड़ की लागत से एक नए इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल के निर्माण और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 28 के विस्तार (1,067 करोड़ ) को भी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई कार्य संस्कृति और महत्वाकांक्षी फैसलों के साथ 140 करोड़ लोगों के हित को सर्वोपरि रखते हुए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए हैं।

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कैबिनेट बैठक में फैसलों की जानकारी दी**



### 2026-27 सीजन के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन

पीएम मोदी की अध्यक्षता में गठित आर्थिक कार्य मंत्रिमंडलीय समिति ने मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है। 2026-27 सीजन के लिए कच्चे जूट (टीडी-3 ग्रेड) का एमएसपी 5,925रु पए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इससे जूट के अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर 61.8 प्रतिशत का लाभ सुनिश्चित होगा। मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट का यह घोषित एमएसपी बजट 2018-19 में सरकार के घोषित अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना एमएसपी निर्धारित करने के सिद्धांत के अनुरूप है। मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट का एमएसपी पिछले मार्केटिंग सीजन2025-26 की तुलना में 275 रुपए प्रति क्विंटल अधिक है।

### चार राज्यों में तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को चार राज्यों में तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं पर कुल 9,072 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। चार राज्यों में तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे परियोजनाओं को दी गई मंजूरी इन परियोजनाओं में गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन का दोहरीकरण, पुनारख-किउल तीसरी और चौथी लाइन तथा गम्हरिया-चांडिल तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं।

**लाइन क्षमता बढ़ने से आवाजाही में होगा सुधार**

लाइन क्षमता बढ़ने से आवाजाही में सुधार होगा और भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता तथा सेवा विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। ये मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं संचालन को सुगम बनाएंगी और भीड़भाड़ कम करेंगी।

**ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत**

ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत बनाई गई हैं, जिनका उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारकों से परामर्श के माध्यम से मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। ये लोगों, सामान और सेवाओं के

### कैबिनेट की बैठक के अहम फैसले

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 140 करोड़ लोगों के हित में सभी निर्णय लेने का संकल्प लेते हुए प्रस्ताव पारित किया
- वैष्णव के अनुसार, नए पीएमओ भवन में आयोजित मंत्रिमंडल की पहली बैठक में 140 करोड़ लोगों के हित में सभी निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित किया गया।
- मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार और झारखंड के 8 जिलों में तीन रेल 'मल्टी-ट्रैकिंग' परियोजनाओं को मंजूरी दी

**श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1,677 करोड़ के सिविल एन्क्लेव विकास होंगे**

केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने मंगलवार को श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रस्तावित 1,677 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से सिविल एन्क्लेव के विकास को मंजूरी दे दी है। यह कश्मीर घाटी में एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।आपको बता दें, परियोजना के दायरे में सुरक्षा कर्मियों के लिए बैरकों का निर्माण भी शामिल है। वायु सेना के बडगाम एयरबेस के तहत यह हवाई अड्डा श्रीनगर शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित है।

---

## पश्चिम बंगाल में एसआईआर पर विवाद


# ओडिशा- झारखंड के अफसर की तैनाती करें, ईसी देगा खर्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट को आदेश

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना सबसे जरूरी है। समय कम है और काम बहुत बड़ा है। ऐसे में न्यायिक अधिकारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अतिरिक्त सिविल जज तैनात करने की अनुमति दे दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, एसआईआर प्रक्रिया में लगा सकते हैं। यदि इसके बाद भी मानव संसाधन की कमी हो तो झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद ली जा सकती है। अदालत ने दोनों राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा है।



**294 जिला और अतिरिक्त जिला जज लगाए गए**

बताया गया कि अब तक 294 जिला और अतिरिक्त जिला जज एसआईआर के अंतिम चरण में तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद यह संख्या पर्याप्त नहीं मानी गई। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि यदि एक जज रोज 250 मामलों की सुनवाई करे तो भी पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 80 दिन लग सकते हैं। जबकि अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होनी है। इसलिए समय की भारी कमी है।

### संवेदनशील क्षेत्रों की जल्द पहचान करें

बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने बंगाल पुलिस-प्रशासन को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया है कि अगर संभव हो तो मार्च के दूसरे सप्ताह तक संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान पूरी कर लें। चुनाव आयोग संवेदनशील क्षेत्रों की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की तैनाती के लिए प्रारंभिक योजना बनाएगा। चुनाव आयोग ने मतदान तारीखों के एलान और आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही राज्य में सीएपीएफ की तैनाती का फैसला किया है। 10 मार्च तक राज्य में सीएपीएफ की कुल 480 कंपनियां तैनात की जाएंगी, जिनमें से 240 कंपनियां 1 मार्च को और बाकी 240 कंपनियां 10 मार्च को तैनात की जाएंगी।

---

## देश- दुनिया के लोग आएंगे, प्रशासन ने की तैयारी

# ब्रज में शुरू हो गया फगुआ, जमकर उड़े अबीर-गुलाल, 40 दिन चलेगा पर्व

यहां होली का रंगारंग त्योहार 12 मार्च तक चलेगा

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मंगलवार से पूरी दुनिया में मशहूर ब्रज होली का त्योहार मथुरा में शुरू हो गया है, जिला प्रशासन के जारी ऑफिशियल शेड्यूल के मुताबिक ब्रज में होली का त्योहार 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलेगा, जिसे देखने के लिए दुनिया के कोने-कोने से लोग यहां पर आते हैं।

प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि इस बार भी भारी संख्या में देश-विदेश से आए भक्त और टूरिस्ट बरसाना लट्ठमार होली, नंदगांव होली, गोकुल में छड़ी मार होली और बलदेव में बड़े हुरंगा त्योहार जैसे पारंपरिक त्योहारों के गवाह बनेंगे। ब्रज में होली का उत्सव लगभग 40 दिनों तक मनाया जाता है। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के इंतजामों को मजबूत किया है। व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा की जा रही है।

### यह बना विस्तृत कार्यक्रम



- 24 फरवरी: फाग निमंत्रण और लड्डू होली
- 25 फरवरी: बरसाना लट्ठमार होली
- 26 फरवरी: नंदगांव लट्ठमार होली
- 27 फरवरी: मंदिर होली (मथुरा और वृंदावन)
- 1 मार्च: द्वारकाधीश मंदिर होली और छड़ी मार होली
- 3 मार्च: चतुर्वेदी समाज डोला
- 5 मार्च: दाऊजी मंदिर हुरंगा और चरकुला
- 6 मार्च: बठैन और गिदोह में हुरंगा
- 9 मार्च: महावन में छड़ी मार होली
- 12 मार्च: रंगजी मंदिर होली उत्सव

---

## मॉल से लौट रही थी वह

# एम्स गोरखपुर में की डॉक्टर से अभद्रता, 2 लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

यहां के एम्स में काम करने वाली नगालैंड की 25 साल की रेजिडेंट डॉक्टर के साथ छेड़खानी और गाली-गलौज करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार शाम को हुई। आरोपियों ने मॉल से लौट रही पीड़िता का पीछा किया, जहां वो खरीदारी के लिए गई थी। उन्होंने एम्स के एंट्रेंस के पास उसे गलत तरीके से छूने से पहले कथित तौर पर रास्ते भर छींटाकशी की।




**मेघालय सीएम ने की घटना की निंदा**

*गोरखपुर एसपी अभिनव त्यागी ने कार्रवाई के संबंध में कहा कि इस मामले में तीन लोगों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। इधर, इस घटना को गंभीरता से लेते हुए, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने एक्स पर एक पोस्ट लिखा।*

---

## लकड़ी की ट्राम दौड़ी




**कोलकाता।** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान निर्मित लकड़ी की ट्राम संख्या 498 'गीतांजलि' की विशेष विरासत यात्रा को कोलकाता में मंगलवार को कलकत्ता ट्राम सेवा की 153वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

---

## चुनावों में नोटा का विकल्प लाने से नेताओं में सुधार पर संदेह

# पढ़े-लिखे और अमीर कम तो कमजोर तबका कर रहा ज्यादा वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर संदेह जताया है कि चुनावों में नन ऑफ द एबव यानी नोटा का विकल्प लाने से देश में चुने हुए नेताओं में कोई सुधार हुआ है या नहीं।

सभी चुनावों में नोटा ऑप्शन को जरूरी बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि भारत में पढ़े-लिखे और अमीर लोगों में वोटिंग में हिस्सा लेना, आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोगों के मुकाबले बहुत कम है। याचिका में उन सीटों को भी शामिल किया गया है जहां सिर्फ एक ही उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा है।

**सिस्टम जरूरी हो लेकिन सख्त नहीं होना चाहिए**

### नेताओं की क्वालिटी में आया सुधार?



जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि क्या नोटा से चुने हुए नेताओं की क्वालिटी बेहतर हुई है? क्योंकि इससे हमें पता चलता है कि पढ़े-लिखे, अमीर लोग कम वोट करते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर लोग ज्यादा वोट करते हैं। सीजेआई ने कहा कि कभी-कभी हमें लगता है कि हमें कोई ऐसा सिस्टम बनाना चाहिए जो जरूरी हो,

#### हल्द्वानी बनभूलपुरा केस में अहम फैसला

### रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटेगा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी बनभूलपुरा रेलवे जमीन अतिक्रमण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपना अहम फैसला दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण को लेकर फैसला देते हुए कहा है कि रेलवे की करीब 29 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे को हटाया जाएकोर्ट ने साफ कह दिया है कि 19 मार्च के बाद सर्वे शुरू किया जाए, जिसमें देखा जाए कि करीब 4500 से ज्यादा घरों में से किसके पास पीएम आवास योजना के तहत घर पाने की एलिजिबिलिटी है या नहीं।

### केरल हाईकोर्ट के फैसले पर रोक, नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट नेकेरल की एलडीएफ सरकार को राहत देते हुए, हाई कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें 'नव केरल सिटीजन रिस्पॉन्स प्रोग्राम' के लिए 20 करोड़ देने के आदेश को रद्द कर दिया गया था। नवा केरल सिटिजन रिस्पॉन्स प्रोग्राम के तहत सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा और लोगों से योजनाओं को लेकर फीडबैक भी लिया जाएगा।

**इस आधार पर रोका हाईकोर्ट का आदेश**

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य की स्पेशल लीव याचिका पर अंतरिम आदेश जारी किया। पीठ ने हाईकोर्ट में सरकार की योजना के खिलाफ याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं को भी नोटिस जारी किया है।

---

## एयर एंबुलेंस हादसा

# जान बचाने के फेर में गई 7 की जान, उधार लिए थे 7.5 लाख

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची से दिल्ली के लिए रवाना की गई एक एयर एम्बुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 7 लोगों की मौत हो गई। यह विमान एक गंभीर रूप से झुलसे झारखंड के होटल व्यवसायी को इलाज के लिए राष्ट्रीय राजधानी ले जा रहा था।

परिवार ने इस उड़ान और दिल्ली के एक बड़े निजी अस्पताल में इलाज के खर्च के लिए लाखों रुपए उधार लिए थे, लेकिन जीवन बचाने की यह कोशिश दर्दनाक हादसे में बदल गई। मृतकों में संजय कुमार शॉ, उनकी पत्नी अर्चना , रिश्तेदार ध्रुव कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, नर्स सचिन कुमार मिश्रा और पायलट कैप्टन विवेक विकास भगत तथा कैप्टन सवराजदीप सिंह शामिल हैं।



**उड़ान भरने के कुछ देर बाद टूटा संपर्क**

*बीचक्राफ्ट सी90 एयर एम्बुलेंस, जिसे रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड संचालित कर रही थी, ने शाम 7 बजकर 11 मिनट पर रांची से उड़ान भरी। लगभग 20 मिनट बाद विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया। इसके बाद विमान चतरा जिले के एक वन क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।*

# भारतीय नौसेना में शामिल होगा स्वदेशी एएसडब्ल्यू क्राफ्ट 'अंजदीप'



एंटी-सबमरीन वॉरफेयर 'अंजदीप'

## तटीय सुरक्षा और एंटी-सबमरीन क्षमता होगी मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2047 तक आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य की दिशा में भारतीय नौसेना लगातार स्वदेशी प्लेटफॉर्म शामिल कर रही है। इसी क्रम में 27 फरवरी को स्वदेशी एंटी-सबमरीन वॉरफेयर (एएसडब्ल्यू) शैलो वॉटर क्राफ्ट 'अंजदीप' को आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल किया जाएगा।

एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की मौजूदगी में चेन्नई पोर्ट पर इसका कमीशनिंग समारोह आयोजित होगा। क्षेत्रीय समुद्री चुनौतियों को देखते हुए भारतीय नौसेना ने एंटी-सबमरीन वॉरफेयर क्षमता को मजबूत किया है। इस परियोजना के तहत पहले ही आईएनएस अर्णाला, आईएनएस अंद्रोत्त और आईएनएस माहे नौसेना में शामिल किए जा चुके हैं। 'अंजदीप' इस श्रृंखला का अगला उन्नत प्लेटफॉर्म है।

*रॉकेट लॉन्चर, टॉरपीडो, नेवल गन से लैस*

*3000 किमी की दूरी तय करने में सक्षम*

### आधुनिक हथियार से लैस

'अंजदीप' एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर, लाइटवेट टॉरपीडो, 30 मिमी नेवल गन, एएसडब्ल्यू कॉम्बैट सूट, हल-माउंटेड सोनार और लो-फ्रीक्वेंसी वैरिएबल डेप्थ सोनार से सुसज्जित है। यह लगभग 25 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है और एक बार में करीब 3,300 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है।

### स्वदेशी निर्माण से बढ़ी रक्षा क्षमता

साल 2019 में 16 एएसडब्ल्यू शैलो वॉटर क्राफ्ट के निर्माण के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इनमें से 8 पोत कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड और 8 गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता में बनाए जा रहे हैं।

### तटीय सुरक्षा की रक्षा में अहम भूमिका


यह युद्धपोत तट से 100 से 150 नॉटिकल मील तक दुश्मन की सबमरीन का पता लगाने में सक्षम है। 30 से 40 मीटर की गहराई वाले क्षेत्रों में यह सबमरीन को डिटेक्ट, ट्रैक और नष्ट कर सकता है। साथ ही यह नौसैनिक बंदरगाहों से निकलने वाले बड़े युद्धपोतों के लिए समुद्री मार्ग को सुरक्षित और क्लियर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

---

**खबर संक्षेप**

### पवन हंस हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर से मायाबंदर जा रहे पवन हंस हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग बीच समंदर में कराई गई। घटना में हेलीकॉप्टर में सवार 2 क्रू मेंबर और 3 पैसेंजर सुरक्षित हैं। हेलीकॉप्टर को पानी से निकालने की कोशिश की जा रही है। पवन हंस भारत की सबसे बड़ी सरकारी हेलीकॉप्टर कंपनी है। इसे आसमान की बस सेवा समझ सकते हैं, जो उन जगहों पर जाती है, जहां ट्रेन या बड़े हवाई जहाज नहीं पहुंच पाते।



### अमेजन का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस

**बेंगलुरु।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने बेंगलुरु के बाहरी इलाके कट्टिगेनाहल्ली में एशिया का अपना दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस खोला है। 11 लाख स्क्वेयर फीट में फैला यह 12 मंजिला कैंपस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। ऑफिस में ई-कॉमर्स, ऑपरेशंस, पेमेंट्स, टेक्नोलॉजी और सेलर सर्विसेज जैसे विभागों के 7,000 से ज्यादा कर्मचारी एक साथ काम कर सकेंगे। नया कैंपस करीब 5 एकड़ जमीन पर बना है।



---

## ट्रंप की चेतावनी पर ईरानी कमांडर हातामी का बड़ा बयान

# हमारा देश युद्ध के लिए तैयार, वियतनाम और अफगानिस्तान की पराजय याद रखे अमेरिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान पर हमले की बयानबाजी के बीच ईरानी सेना के प्रमुख मेजर जनरल अमीर हातामी ने कहा कि अगर अमेरिका युद्ध चाहता है तो हम इसके लिए तैयार हैं। हतामी ने आगे कहा कि अमेरिका को वियतनाम और अफगानिस्तान की लड़ाई का हश्र देख लेना चाहिए। जहां उसे पराजय मिली। सेना प्रमुख हातामी ने कहा कि इस्लामिक गणराज्य ईरानी राष्ट्र के खिलाफ बयानबाजी को एक खतरा मानता है और इसका जवाब दिए बिना नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आज ईरान के सशस्त्र बलों की तैयारी युद्ध से पहले की तुलना में कहीं अधिक है।

हातामी ने कहा कि यदि अमेरिका कोई गलती करता है, तो उसे और भी निर्णायक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा, और हम किसी भी आक्रमणकारी का पुरजोर तरीके से मुकाबला करेंगे। उन्होंने अमेरिका को चेतावनी दी कि ट्रंप की धमकी के जवाब में किसी भी हमले का भयंकर जवाब दिया जाएगा। अमेरिका और ईरान के खिलाफ हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ईरान में संभावित सैन्य हमले के लिए खाड़ी देशों में अपनी सैन्य उपस्थिति भी बढ़ा दी है। पूर्व सीआईए अधिकारी जान किरियाकोऊ दावा कर चुके हैं कि अमेरिका जल्द ही ईरान पर हमला कर सकता है। ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान पर सीमित सैन्य हमला करने पर विचार कर रहे हैं, हालांकि दोनों देशों के बीच गुरुवार (26 फरवरी 2026) को जिनेवा में अगली वार्ता होने वाली है।

अमेरिका-ईरान के बीच अगली बैठक 26 फरवरी को जिनेवा में

पूर्व सीआईए अधिकारी का दावा, ईरान पर हमला होगा

### ईरानी नागरिकों को फोन पर मिले अलर्ट



यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप



ईरानी सेना प्रमुख अमीर हातामी

ईरान में हजारों लोगों के फोन पर आए धमकी वाले मैसेज ने जंग को लेकर और हलचल मचा दी है। दरअसल, सोमवार को हजारों ईरानी नागरिकों के फोन पर एक रहस्यमयी फारसी मैसेज आया। मैसेज में लिखा था, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप एक बड़ा एक्शन लेने वाले आदमी हैं। देखते रहिए।'

**ईरान को चीन देगा युद्धपोत डुबो देनी वाली मिसाइल**

*अमेरिकी हमले के अंदेशे का सामना कर रहे ईरान ने चीन के साथ मिसाल खरीद की डील की है। ईरानी सेना चीन से सुपरसोनिक एंटी-शिप क्रूज मिसाइल खरीद रही है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार चीन में बनी सीएम-302 मिसाइलों की डील पूरी हो चुकी है। चीन से अगले कुछ दिनों में इन मिसाइलों के ईरान पहुंचने की संभावना जताई गई है।*

### जनरल केन ईरान के साथ युद्ध के पक्ष में: ट्रंप

ट्रंप ने उन दावों को खारिज कर दिया, जिसमें बताया जा रहा था कि अमेरिका के टॉप मिलिट्री कमांडर जनरल डेनियल केन ने ईरान के साथ संभावित युद्ध के खिलाफ हैं। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल बताया कि फेक न्यूज मीडिया में कई कहानियां चल रही हैं जिनमें कहा गया है कि जनरल डेनियल केन, जिन्हें रजिन के नाम से भी जाना जाता है, ईरान के साथ हमारे युद्ध के खिलाफ हैं। यह कहानी 100% गलत है। ट्रंप ने कहा कि हम सब की तरह जनरल केन भी जंग नहीं देखना चाहते, लेकिन उनकी राय है कि यह युद्ध आसानी से जीता जा सकता है।



डेनियल केन

### ईरान का सैन्य हेलीकॉप्टर क्रैश, 4 की मौत

ईरान की सेना का एक हेलीकॉप्टर मध्य ईरान के एक प्रमुख फल एवं सब्जी बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इस हादसे में जिसमें पायलट, को-पायलट समेत 4 लोगों की मौत हो गई कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा राजधानी तेहरान से लगभग 330 किलोमीटर दक्षिण में स्थित इस्फहान प्रांत के दोरचेह शहर में हुआ।

### ईरान को घेरने के लिए नेतन्याहू को चाहिए भारत का साथ

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने एक अलग गठबंधन का बनाने का प्रस्ताव दिया है। इजराइल का कहना है कि इस गठबंधन में भारत, ग्रीस, साइप्रस, अरब के कुछ देश, अफ्रीका के कुछ देश और एशियाई देश शामिल होंगे। हालांकि, उन्होंने अरब और अफ्रीका के देशों का नाम नहीं बताया। वहीं, दूसरी ओर अभी तक किसी भी देश ने इस गठबंधन को अपना समर्थन नहीं दिया है। पीएम मोदी के इजराइली दौरे से पहले नेतन्याहू ने इस गठबंधन का ऐलान किया है, जिसका नाम रखा है, 'हेक्सागन ऑफ एलायंस'। नेतन्याहू ने ईरान का मुकाबला करने के मकसद से पीएम मोदी के 25-26 फरवरी के इजराइल दौरे से पहले गठबंधन की रूपरेखा तैयार की है। इजराइल यह गठबंधन ईरान के नेतृत्व वाले 'कट्टरपंथी शिया ग्रुप' और एक 'उभरते कट्टरपंथी सुन्नी ग्रुप' का मुकाबला करने के लिए बनाना चाहता है।



---

## कनाडा ने उठाया सख्त कदम

# गलत जानकारी के आधार पर राणा की नागरिकता रद्द करने की तैयारी



तहव्वुर राणा

एजेंसी ▶▶ ओटावा

भारत दौरे से पहले कनाडा सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान मूल के कारोबारी तहव्वुर राणा की कनाडाई नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राणा पर 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने का आरोप है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हो रही है, जब कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की भारत यात्रा प्रस्तावित है। राणा 64 वर्ष का है और 1997 में कनाडा गया था। उसने 2001 में कनाडाई नागरिकता हासिल की थी। वह 26/11 हमले के मुख्य साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी माना जाता है।

### अदालत करेगी फैसला

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की जांच में सामने आया कि राणा उस अवधि में ज्यादातर समय शिकागो में था। वहां उसके कई कारोबार और संपत्तियां थीं। जांच एजेंसियों ने इसे गंभीर और जानबूझकर किया गया धोखा बताया। विभाग ने कहा कि इस गलत जानकारी के कारण उसे नागरिकता मिल गई, जबकि वह पात्र नहीं था। कनाडा सरकार ने इस मामले को फेडरल कोर्ट में भेज दिया है। अंतिम फैसला अदालत ही करेगी। राणा के वकील ने इस फैसले को चुनौती दी है और कहा है कि यह उसके अधिकारों का उल्लंघन है। पिछले सप्ताह इस मामले में सुनवाई भी हुई। सरकार ने अदालत से कुछ संवेदनशील राष्ट्रीय सुरक्षा जानकारी सार्वजनिक न करने की अनुमति मांगी है। आव्रजन विभाग ने कहा कि नागरिकता रद्द करना आसान फैसला नहीं होता, लेकिन कानून की साख बनाए रखना जरूरी है। विभाग के अनुसार, पिछले दस वर्षों में ऐसे बहुत कम मामले सामने आए हैं। अब फेडरल कोर्ट तय करेगा कि राणा ने नागरिकता धोखे से हासिल की या नहीं।

### 26 को भारत आएंगे कनाडाई पीएम कार्नी



कनाडा के पीएम मार्क कार्नी 26 फरवरी को भारत दौरे पर आएंगे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा क्षेत्रों में नए अवसर तलाशना है। भारत के अलावा कनाडा के पीएम कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान की भी यात्रा करेंगे। पीएम कार्नी के कार्यालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर भारत यात्रा की जानकारी दी। कार्नी की भारत दौरे की शुरुआत आर्थिक राजधानी मुंबई से होगी। इसके बाद वह दिल्ली की यात्रा करेंगे, जहां उनकी मुलाकात पीएम नरेंद्र मोदी से होनी है। इस दौरान दोनों नेता कनाडा-भारत संबंधों को मजबूत और विस्तार देने पर चर्चा करेंगे।

---

भारत की रक्षा प्रणाली होगी और मजबूत

# इजराइल करेगा रक्षा सहयोग, आयरन डोम तकनीक साझा करने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित इजराइल दौरे से पहले भारत में इजराइल के महावाणिज्यदूत यानिव रेवाच ने कहा है कि इजराइल भारत के साथ अपने रक्षा सहयोग को और विस्तार देने की योजना बना रहा है। इसमें उन्नत रक्षा तकनीक साझा करने और भारत में मिलिट्री हार्डवेयर के निर्माण को बढ़ावा देने पर जोर रहेगा। अत्याधुनिक आयरन डोम सहित अन्य रक्षा प्रणालियों पर भी सहयोग बढ़ाने की तैयारी है। रेवाच ने कहा कि प्रस्तावित दौरे के दौरान रक्षा सहयोग को अपग्रेड करने, तकनीक साझा करने और भारत में निर्माण क्षमताओं को बढ़ाने जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### उन्नत रक्षा प्रणालियों पर सहयोग



महावाणिज्यदूत यानिव रेवाच

रेवाच ने बताया कि दोनों देश उन्नत रक्षा प्रणालियों, विशेष रूप से आयरन डोम तकनीक से जुड़े सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्देश्य केवल रक्षा खरीद नहीं, बल्कि तकनीक साझेदारी और संयुक्त निर्माण को बढ़ावा देना है। प्रस्तावित वार्ता केवल रक्षा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आर्थिक, तकनीकी और राजनीतिक सहयोग के नए आयामों पर भी चर्चा होगी।

### आतंकवाद पर साझा दृष्टिकोण

यानिव रेवाच ने कहा कि भारत और इजराइल समान सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग दोनों देशों की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पीएम बेंजामिन नेतन्याहू भी रक्षा सहयोग को संबंधों के प्रमुख स्तंभों में से एक मानते हैं। दोनों देश क्षेत्रीय स्थिरता और उग्रवाद के खिलाफ साझा रणनीति पर काम कर रहे हैं।

---

## रूस-यूक्रेन युद्ध के चार वर्ष पूरे

# जेलेंस्की बोले- हमने अपनी आजादी की रक्षा की, हौसला नहीं टूटने दिया



वोलोदिमीर जेलेंस्की

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन के बीच जारी भयावह संघर्ष की चौथी बरसी पर मंगलवार को यूरोप के एक दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ नेता यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। उनका यह दौरा यूक्रेन के प्रति समर्थन दिखाने के लिए था। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनका देश रूस की बड़ी और बेहतर हथियारों से लैस सेना का डटकर सामना कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में रूस ने यूक्रेन के केवल 0.79 प्रतिशत इलाके पर ही कब्जा किया है। जेलेंस्की ने कहा कि हमने अपनी आजादी की रक्षा की है, हमने अपना देश नहीं खोया है।

उन्होंने यह भी कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने मकसद में सफल नहीं हुए हैं और न ही वे यूक्रेनियों का हौसला तोड़ पाए हैं। हालांकि युद्ध अब पांचवें साल में प्रवेश कर रहा है और हालात अब भी गंभीर बने हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों पक्षों के मारे गए, घायल या लापता सैनिकों की संख्या वसंत तक 20 लाख तक पहुंच सकती है।

---

## अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी पर भारतीय परचम



**नई दिल्ली।** नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम), उत्तरकाशी और जवाहर पर्वतारोहण और शीतकालीन खेल संस्थान (जेआईएम एंड डब्ल्यूएस), पहलगाम के छह सदस्यीय दल ने भारतीय पर्वतारोहण के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस संयुक्त दल ने दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे शिखर और एशिया के बाहर दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट एकांकागुआ पर 22 फरवरी 2026 को दोपहर 2:10 बजे सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कर्नल हेम चंद्र सिंह के नेतृत्व में इस दल को 5 फरवरी 2026 को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह दल 8 फरवरी 2026 को अर्जेंटीना पहुंचा और वहां से अपनी चढ़ाई शुरू की थी।

---

## वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में आधुनिक हथियारों का समन्वित उपयोग किया

# रेगिस्तान में सेना का हाई-टेक युद्धाभ्यास 'अग्नि वर्षा' शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने मंगलवार से 'अग्नि वर्षा' नामक व्यापक सैन्य युद्धाभ्यास शुरू किया है। यह युद्धाभ्याय राजस्थान के बीकानेर जिले के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में किया जा रहा है। इस अभ्यास में आधुनिक टैंक, तोप, ड्रोन, रोबोट, मिसाइल, हेलिकॉप्टर और हवाई शक्ति का समन्वित उपयोग किया जाएगा। 'अग्नि वर्षा' भारतीय सेना का एक बड़ा युद्धाभ्यास है, जिसे वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में अंजाम दिया जा रहा है। दक्षिणी कमान के तत्वावधान में रेगिस्तानी क्षेत्र में यह महत्त्वपूर्ण सैन्य अभ्यास आयोजित किया जा रहा है। इस व्यापक युद्धाभ्यास का उद्देश्य सेना की ऑपरेशनल तैयारी, संयुक्त युद्धक क्षमता और आधुनिक युद्ध प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण करना है। रेगिस्तान की कठिन परिस्थितियों में सेना की विभिन्न शाखाएं इसमें भाग ले रही हैं। इनमें पैदल सेना, बख्तरबंद कोर, तोपखाना, वायु रक्षा और संचार इकाइयां शामिल हैं। सभी इकाइयां एकीकृत रूप से युद्धाभ्यास में भाग लेंगी।

### समन्वित हथियार के प्रयोग पर जोर



खरगा कॉर्प्स ने भीष्म टैंक का प्रदर्शन किया

अभ्यास का मुख्य फोकस सभी हथियार प्रणालियों के समन्वित उपयोग पर है। इसमें लंबी दूरी की सटीक मारक क्षमता का परीक्षण किया जाएगा और नेटवर्क आधारित कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम को परखा जाएगा। रेगिस्तानी इलाके की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तेज और निर्णायक कार्रवाई की रणनीति विकसित की जाएगी। इसके माध्यम से आधुनिक तकनीक और स्वदेशी हथियार प्रणालियों की प्रभावशीलता का भी मूल्यांकन होगा।

**पारदर्शिता का संदेश**

इस युद्धाभ्यास को 25 देशों के अंतरराष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञ प्रत्यक्ष रूप से देखेंगे। इससे भारत की सैन्य क्षमता का वैश्विक प्रदर्शन होगा और रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता व विश्वास निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। यह अभ्यास आधुनिक तकनीक के समावेश, स्वदेशीकरण और युद्धक क्षमता के निरंतर विकास की नीति को भी दर्शाता है।

### भविष्य के लिए रणनीतिक तैयारी

सेना का उद्देश्य है कि भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों के अनुरूप उसकी रणनीति, संसाधन और प्रणालियां पूरी तरह सक्षम और अद्यतन रहें। यह अभ्यास राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के प्रति सेना की तत्परता का स्पष्ट संदेश देता है। आवश्यकता पड़ने पर त्वरित, सटीक और निर्णायक कार्रवाई की क्षमता सेना के पास मौजूद है। 'अग्नि वर्षा' केवल एक सैन्य अभ्यास नहीं, बल्कि तकनीक-सक्षम और आत्मनिर्भर भारतीय सेना की शक्ति, तैयारी और संकल्प का व्यापक प्रदर्शन भी है।


---

# 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द, रेल सेवा निलंबित, बिजली गुल, स्कूल बंद किए

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के उत्तरपूर्वी हिस्से में एक शक्तिशाली बर्फीले तूफान ने कहर बरपाया है। मैरीलैंड से लेकर मेन तक के इलाके भारी बर्फ की चादर में ढक गए हैं। इस भीषण मौसम के कारण शनिवार से मंगलवार के बीच 10,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। अकेले सोमवार को 5,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और मंगलवार के लिए 1,300 से अधिक उड़ानें पहले ही रद्द कर दी गई हैं, जिससे हजारों यात्री फंस गए हैं।






# विधानसभा में प्रश्न कुछ लगाया और पूछा कुछ, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल में पहले ही प्रश्न पर जमकर बहस हुई। कांग्रेस सदस्य ने जो प्रश्न लगाया था, सदन में उसकी बात तक नहीं की। मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि प्रश्न दूसरा लगाया गया है और पूछा कुछ जा रहा है, ऐसे में यह उद्भूत ही नहीं होता। जवाब देने का इसका कोई औचित्य नहीं है।

सदन में कांग्रेस सदस्य दिनेश चंद्र बोस ने उज्जैन जिले में महिदपुर के छात्रावास में क्या-क्या सामग्री कब-कब कितनी कितनी कीमत में खरीदी गई। इससे संबंधित सवाल किया था, किंतु जब सदन में इस पर चर्चा होने लगी तो इसके बजाय उन्होंने यह पूछना शुरू किया की इस छात्रावास में 30 बच्चियां बीमार हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया कुछ बच्चियों को उज्जैन रेफर किया गया। इस पर मंत्री जवाब दें। मंत्री नगर सिंह चौहान ने कहा कि जो प्रश्न पूछा गया है उसी का उत्तर देना उचित होगा।

इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी छात्रावास में बच्चों के बीमार होने का मुद्दा उठाया था। उस दौरान तक सदस्य जैन सदन में नहीं पहुंचे थे। बाद में सवाल जवाब को लेकर भी यही हुआ। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि शायद नेता प्रतिपक्ष को गलतफहमी हो गई है। यह प्रश्न दूसरा है। सामग्री को लेकर है, आप पहले प्रश्न पढ़ लीजिए।

इस मुद्दे पर काफी देर तक सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहस होती रही। कांग्रेस सदस्य ने छात्रावास में सामग्री की खरीदी, उसका वितरण, संबंधित एजेंसी के नाम भुगतान आदि के बारे में चर्चा तक नहीं। इसे लेकर के कई तरह के सवाल खड़े हुए। ताज्जुब की बात यह की पूरा विपक्ष प्रश्न में पूछे गए मुद्दों के बजाय अलग ही तरह के प्रश्न में सभी को उलझाए रहा।

## मुख्य बजट के बाद अनुपूरक बजट कहीं वित्त विभाग की गलती तो नहीं

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने तृतीय अनुपूरक बजट को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुख्य बजट के बाद सरकार यदि अनुपूरक बजट लाती है, तो यह कहीं न कहीं वित्त विभाग की गंभीर गलती है। यह अधिकारियों और मंत्रियों की गलती है। समीक्षा नहीं होती कि हमें एक कितना खर्च करना है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने सोमवार को तृतीय अनुपूरक बजट की मांगों पर चर्चा में कहा कि मुख्य बजट 4 लाख 21 हजार करोड़ रुपए का था। प्रथम अनुपूरक 2356 करोड़ रुपए का था। द्वितीय अनुपूरक 13,476 करोड़ रुपए और तृतीय अनुपूरक 19,287 करोड़ है। मतलब पहले और दूसरे अनुपूरक बजट में भी सरकार आकलन नहीं कर पाया कि हमें कितना खर्च करना है। तीनों अनुपूरक बजट को मिलाकर 35,121 करोड़ पर मांगे गए। इसका मतलब मुख्य बजट का 1.34 प्रतिशत होता है।वित्त विभाग यह आकलन नहीं कर पा रहा है कि 35,121 करोड़ रुपए क्या छोटी राशि है। उन्होंने सरकार की प्लानिंग पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए।

## भूरिया बोले, बजट में गरीब-आदिवासियों के हक का पन्ना फाड़ा, पांडे ने कहा इरादों की सरकार

■ बजट पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष के विधायकों ने रखी बात

विधानसभा के बजट सत्र के छठवें दिन बजट पर चर्चा का दौर चलता रहा। पक्ष के विधायकों ने जहां बजट को वादों के साथ इरादों को पूरा करने वाला बताया, वहीं विपक्ष के विधायकों ने इसे आंकड़ों का खेल बताते हुए कहा कि बजट में गरीब और आदिवासियों के हक का पन्ना फाड़ा गया है। कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने विधानसभा में कहा कि बजट में आंकड़ों के हिसाब से तो उनके लिए बहुत कुछ दिया गया है, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं मिल रहा है। बजट में सरकार की भावना छुपी होती है।


विरोध प्रदर्शन करते सिंघार।

## जवाबदेही की दिशा में अहम कदम, बाघ मृत्यु अपडेट वेबसाइट पर रहेंगे उपलब्ध

**भोपाल।** मप्र में वन विभाग बाघों और उनके प्राकृतिक आवास की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रदेश में प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक कारणों से होने वाली बाघ मृत्यु की प्रत्येक घटना पर केंद्र सरकार के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (नई दिल्ली) तथा मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप विधिवत कार्रवाई की जाती है।
संरक्षण प्रयासों में और अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए विभाग ने वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 (15 फरवरी तक) में घटित सभी बाघ मृत्यु प्रकरणों से संबंधित जानकारी आमजन की जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। भविष्य में भी इस जानकारी को समय-समय पर अद्यतन किया जाएगा यह कदम पारदर्शिता को सुनिश्चुत करने के साथ ही 'टाइगर स्टेट' की गौरवपूर्ण पहचान को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### देश में कुल 3,682 बाघ हैं जिनमें से सर्वाधिक 785 बाघ मप्र में

केन्द्र सरकार से कराए गए वर्ष 2022 के बाघ आकलन के अनुसार देश में कुल 3,682 बाघ हैं, जिनमें से सर्वाधिक 785 बाघ (एक वर्ष से अधिक आयु के) मप्र में पाए गए हैं। यह उपलब्धि केंद्र एवं राज्य सरकार तथा वन विभाग के दशकों से किए जा रहे सतत एवं वैज्ञानिक प्रयासों का परिणाम है अधिक संख्या में बाघ होने के कारण प्राकृतिक मृत्यु स्वाभाविक है। विभाग का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मानव-निर्मित कारणों से होने वाली घटनाएं न्यूनतम रहें।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से ग्वालियर के कृषि मंथन में कृषि वैज्ञानिकों को दिया संदेश

# यह वर्ष इतिहास में किसानों के हित और समग्र कल्याण मामले में होगा साबित मील का पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दलहन-तिलहन, औषधीय और मसाला फसलों का भी बढ़ा रहे उत्पादन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। इनके अथक परिश्रम से ही हमारे बाजार गुलजार है। हम वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। यह वर्ष प्रदेश के इतिहास में किसानों के हित और समग्र कल्याण के मामले में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह वर्ष 'खेत से लेकर कारखाने तक और बाग से लेकर बाजार तक' की पूरी मूल्य संवर्धन श्रृंखला को एक सूत्र में जोड़ेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से कृषि विश्वविद्यालय परिसर, ग्वालियर में हो रहे 'कृषि मंथन एवं कृषि प्रौद्योगिकी मेला 2026' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण और वैल्यू एडिशन के लिए अधिकाधिक रोजगार आधारित उद्योगों के विकास, उन्नत किस्म के बीजोत्पादन, पशुपालन, दुग्धोत्पादन, मत्स्योत्पादन में वृद्धि सहित हर वो कदम उठाएंगे, जिनसे खेती और अन्नदाताओं का विकास हो।





### जरूरी सुधार और बदलाव लाने में मदद करेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम पर हो रहा कृषि मंथन निश्चित ही किसानों को खेती में जरूरी सुधार और बदलाव लाने में मदद करेगा। हमारी सरकार आधुनिक कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य क्षेत्रों में मूल्य-श्रृंखला विकास, प्रोसेसिंग, तकनीक अपनाने और ग्रामीण युवाओं की उद्यमिता को बढ़ावा देकर व्यापक रोजगार सृजन करने पर फोकस कर रही है। तकनीकी नवाचार, विविधीकरण और नीतिगत समर्थन से इन क्षेत्रों में न केवल उत्पादकता बढ़ाई जा सकेगी, बल्कि विपणन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में बाजार अनुरूप लाभकारी व्यवस्था कृषकों के लिए निर्मित होगी। हम कृषि के अलावा उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं सहकारिता क्षेत्र में भी नई सोच से आगे बढ़ रहे है।

**मुख्यमंत्री ने विस में किसानों के लिए 5 घोषणाएं की**

### उड़द प्रोत्साहन योजना-वर्ष 2026

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र में दलहनी फसलों के संतुलित उत्पादन, किसानों की आय में वृद्धि, फसल विविधीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का अधिक उत्पादन होने से उत्पन्न, उपार्जन तथा विपणन समस्याओं के निराकरण की चुनौतियों के दृष्टिगत उड़द की ग्रीष्मकालीन फसल पर हमारी सरकार की ओर से प्रति किसान 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के रूप में देने का निर्णय लिया जा रहा है। मूंग की जगह उड़द उगाने को प्रोत्साहित करने के लिए यह प्रोत्साहन राशि न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त दी जाएगी।

### समर्थन मूल्य पर चना, मसूर का उपार्जन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चना एवं मसूर की फसल का प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चने के लिए 6.49 लाख मीट्रिक टन एवं मसूर के लिए 6.01 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि तय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर के उपार्जन के लिए 24 मार्च से 30 मई तक की अवधि प्रस्तावित की गई है। इसके लिए 20 फरवरी से 16 मार्च तक किसानों के पंजीयन की कार्रवाई फिलहाल प्रचलन में है।

### किसानों की बेहतरी के लिए कर रहे कामः सीएम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की बेहतरी के लिए हम तेजी से कार्य कर रहे हैं। किसानों को अपने उत्पाद देश की बड़ी मंडियों तक पहुंचाने के लिए पहली जरूरत कनेक्टिविटी होती है। किसानों की इस जरूरत को पूरा करने के लिए हमने प्रदेश में सड़क मार्गों और राजमार्गों का जाल बिछाने का बीड़ा उठाया है। उज्जैन से जावरा तक बनने वाली ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड परियोजना (हाई-वे) भी इसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

### तुअर उपार्जन के लिए प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजेंगे

सीएम ने कहा कि खरीफ फसल तुअर का प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत केन्द्रीय एजेंसियों (नाफेड एवं एनसीसीएफ) ने सीधे उपार्जन के लिए 1.31 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की बेहतरी के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

## विधानसभा सत्र में भील आदिवासी विकास प्राधिकरण की मांग

# सहरिया विकास प्राधिकरण जैसा बने भील विकास प्राधिकरण



सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने सहरिया विकास प्राधिकरण की तर्ज पर सरकार से भील आदिवासी विकास प्राधिकरण बनाने की मांग की। उन्होंने सदन में कहा कि एक ओर आदिवासियों के साथ शोषण अत्याचार होता है, वहीं दूसरी ओर विकास के अवसरों से वंचित भील जनजाति लगातार पिछड़ती जा रही है। भील आदिवासी समुदाय में सामाजिक-आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कुपोषण को दूर करने के लिए एक समर्पित विकास प्राधिकरण की सख्त जरूरत है। डोडियार ने सदन में यह भी कहा कि पश्चिमी मप्र के रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर और धार जिलों के भील आदिवासी लगातार कुपोषण, अशिक्षा, बेरोजगारी, पलायन और विस्थापन के शिकार हो रहे हैं इसलिए सामुदायिक केंद्रीय व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, बुनियादी ढांचे और आजीविका के अवसरों का काम करना पड़ेगा। भील आदिवासी विकास प्राधिकरण बनने से मप्र के रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार सहित खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर के भील आदिवासियों का सर्वांगीण विकास होगा। सहरिया की तर्ज पर भील आदिवाई विकास प्राधिकरण के माध्यम से ग़रीब और वंचित परिवारों को पीएम-जनमन योजना के तहत पक्के आवास, गांवों में सड़क, और महिलाओं और बेरोजगार आदिवासी युवाओं को आजीविका और रोजगार के लिए अनुदान दिया जा सकेगा।

### ग्वालियर संभाग के जिलों में इस बार बसंत पंचमी पर नहीं हुई मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में कोई शादी

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह निकाह योजना में इस बसंत पंचमी को कोई शादी नहीं हुई। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि योजना की शर्तों में जोड़ा गया कि संबंधित परिवार गरीबी रेखा से नीचे होना चाहिए। जबकि सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे का प्रमाण पत्र ही बनाना बंद कर दिया है। इस वजह से बसंत पंचमी पर योजना के तहत कोई शादी नहीं हुई। विधानसभा में डॉ. सतीश सिकरवार ने मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह, निकाह योजना में बीपीएल कार्ड की अनिवार्यता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर संभाग में इस बार बसंत पंचमी पर एक भी शादियां नहीं हुई। आखिर ऐसी क्या वजह है की सरकार इस मामले में कुछ नहीं कर रही है।
मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने जवाब में कहा कि इस योजना में भारी भ्रष्टाचार की शिकायतें देखने को मिली थी। कई जनप्रतिनिधियों ने भी शिकायत की थी। इसे देखते हुए सरकार ने नियमों में परिवर्तन कर दिया है। उन्होंने कहा कि कई बार यह भी देखने को मिला कि एक शादीशुदा व्यक्ति योजना के तहत दोबारा शादी कर रहा है। इस तरह की दिक्कतें आम हो गई थी। उन्होंने कहा कि संख्या भी 200 है न कि 100 की गई है। इस योजना में सरकार ने चार तिथियां निर्धारित की है।

## सुशासन से समृद्धि की दिशा में सरकार का मजबूत कदम

# छग वित्तमंत्री चौधरी ने पेश किया 1.72 लाख करोड़ का तीसरा बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 24 फरवरी को विधानसभा में तीसरा बजट पेश किया। जो 1.72 लाख करोड़ का है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट पेश करते हुए कहा कि यह बजट सुशासन से समृद्धि की दिशा में मजबूत कदम है।

प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए विकसित छत्तीसगढ़ की नींव रखी जाएगी।



### 'ज्ञान' और 'गति' के बाद 'संकल्प' के थीम पर आधारित

साय सरकार का तीसरा बजट 'ज्ञान' और 'गति' के बाद 'संकल्प' के थीम पर आधारित है। इसमें एस का अर्थ समावेशी विकास, ए का अर्थ अंधोसंरचना। एन का अर्थ निवेश। के का अर्थ कुशल मानव संसाधन। ए यानि अंत्योदय। एल का अर्थ लाइवलीहुड और प यानि पॉलिसी से परिणाम को प्रमुखता से शामिल किया गया है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ का बजट 35 गुना बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पांच हजार करोड़ का बजट अब 35 गुना बढ़कर 1 लाख 72 हजार करोड़ पहुंच गया है।

### आदिवासी क्षेत्र बस्तर और सरगुजा पर फोकस

इस बार के बजट में साय सरकार ने आदिवासी संभाग बस्तर और सरगुजा पर फोकस किया है। अधिकतर घोषणाएं इन दो संभागों को ध्यान में रखकर की गई है। बस्तर ओलंपिक के तर्ज पर अब सरगुजा ओलंपिक करने का ऐलान किया गया है। इसके लिए 5-5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। साथ ही नक्सलगढ़ कहे जाने वाले अबूझमाड़ और जगरगुंडा में 2 नए एजुकेशन सिटी के लिए 100 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। बस्तर एवं सरगुजा-जशपुर विकास प्राधिकरण के लिए 75 करोड़ का प्रावधान किया गया है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 200 करोड़ का प्रावधान है। बैगा एवं पुजारी को प्रोत्साहन राशि के लिए 3 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 1,500 बस्तर फाइटर्स के पदों का सृजन। बस्तर नेट परियोजना हेतु 5 करोड़ स्वीकृत। बस्तर और सरगुजा में पशुपालन गतिविधियों के लिए 15 करोड़ का प्रावधान, अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी निर्माण के लिए 100 करोड़। मैनपाट के पर्यटन विकास के लिए 5 करोड़ का प्रावधान। बस्तर एवं सरगुजा में अतिरिक्त पोषण सहायता के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान।

### पांच मिशन पर फोकस

इस बार के बजट में सरकार ने पांच मिशन पर फोकस किया है। ताकि विकास को रफ्तार दिया जा सके। इसमें...
मुख्यमंत्री एआई मिशन
मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन
मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन
मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन
मुख्यमंत्री स्टार्टअप एवं एनआईपीयूएन मिशन

### मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 50 करोड़ का प्रावधान

दंतेवाड़ा, मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और कुनकुरी में नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। रायपुर में बनेगा होम्योपैथी कॉलेज,बस्तर और सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सकों की भर्ती। बस्तर, सरगुजा और दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान। आयुष्मान योजना के लिए 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान। 10 करोड़ रुपये से मेकाहारा में एआई का उपयोग किया जाएगा। एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान। मेडिकल कॉलेज इंटर्न हॉस्टल के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान। सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान। कांकेर, कोरबा, महासमुंद में नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण। शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान योजना के तहत सरकारी और गैर-सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए 5 लाख रुपये तक की सुविधा हेतु 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान।

## बढ़ते सड़क हादसों और बार-बार ट्रैफिक जाम के मद्देनजर उठाया कदम

आम नागरिकों की सुरक्षा होगी सुनिश्चित

# कोंडागांव में भारी वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

नगर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं व जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने एक अहम आदेश जारी किया है।

आदेश के तहत आगामी आदेश तक नगर से गुजरने वाले सभी भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि कोंडागांव नगरीय क्षेत्र में सघन आबादी एवं भीड़भाड़ की स्थिति बनी रहती है। साथ ही कोंडागांव-जगदलपुर मार्ग (एनएच-30) नगर के मध्य भाग से होकर गुजरता है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं और यातायात जाम की समस्या उत्पन्न होती रहती है। इस स्थिति को देखते हुए नगर की बाहरी सीमा पर दोनों ओर बायपास सड़क का निर्माण किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब नगर में प्रवेश करने वाले सभी भारी वाहन अनिवार्य रूप से बायपास सड़क से ही आवागमन करेंगे और नगर के भीतर प्रवेश नहीं करेंगे। यह निर्णय नगर की यातायात व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

### आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को आंशिक छूट

*हालांकि, आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध से आंशिक छूट दी गई है। ऐसे वाहन सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही नगर में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम 1988 एवं छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस फैसले से नगरवासियों ने राहत की उम्मीद जताई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि भारी वाहनों के नगर में प्रवेश पर रोक लगने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी, यातायात सुचारू होगा और पैदल चलने वालों सहित दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा बढ़ेगी।*

## घरेलू विवाद के चलते की वारदात, आरोपी गिरफ्तार

# एक ही परिवार के पांच लोगों पर हमला, 3 की मौत, 2 लोग गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में मंगलवार को एक ही परिवार के पांच लोगों पर जानलेवा हमला किया गया है।

घरेलू विवाद के चलते पड़ोसी ने एक ही परिवार के पांच कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पतल भेजा गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। घटना डोंगरीपाली थाना क्षेत्र के झाल गांव की है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने परिवार के सदस्यों पर हमला किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या करने के बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की थी लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे अरेस्ट कर लिया। हादसे की जानकारी मिलते ही गांव में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस साक्ष्य जुटाने और घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

### वारदात के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल

हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा किया गया है। शुरुआती जांच में आपसी रंजिश में हत्या की बात सामने आई है। इस हत्याकांड के बाद पूरे गांव में तनाव है। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## कहा, पशु-पक्षियों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार हर हाल में प्रतिबद्ध

उपग्रह टेलीमेट्री जैसे नवाचारों से निरंतर बढ़ रही गिद्ध संख्या

# मुख्यमंत्री ने लुप्तप्राय प्रजातियों के 5 गिद्धों को हलाली डैम जल क्षेत्र में किया मुक्त

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को हलाली डेम क्षेत्र में लुप्तप्राय प्रजाति के 5 गिद्ध को प्राकृतिक आवास में मुक्त किया। इनमें चार भारतीय गिद्ध (जिप्स इंडिकस) और एक सिनेरियस गिद्ध (एजिपीयस मोनाकस) शामिल हैं। डॉ यादव ने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोगी पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मध्यप्रदेश जहां बाघ, तेंदुआ और अन्य वन्य प्राणियों की सर्वाधिक संख्या वाला राज्य है वहीं गिद्ध संरक्षण में भी देश में प्रथम है। मध्यप्रदेश में सभी प्रांतों से अधिक संख्या में गिद्ध पाए जाते हैं। इनमें प्रवासी गिद्ध भी शामिल हैं। डॉ यादव ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को गिद्ध पक्षी संरक्षण के प्रयासों के लिए बधाई दी।





सीएम डॉ. यादव ने पांच गिद्धों को हलाली डैम में मुक्त किया।

### गिद्ध संरक्षण एवं पक्षी संरक्षण के प्रयास

मध्यप्रदेश के वन विभाग ने डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया और बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के सहयोग से गिद्धों की गतिविधियों और निगरानी के लिए उपग्रह टेलीमेट्री कार्यक्रम प्रारंभ किया है। टेलीमेट्री से प्राप्त आंकड़ों के माध्यम से गिद्धों के भू-दृश्य उपयोग, आवागमन पैटर्न और मानव-जनित दबावों के प्रति उनकी प्रतिक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

### गिद्ध पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक

पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र में गिद्ध प्रकृति के सफाईकर्मी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गिद्ध पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, साथ ही बीमारियों के प्रसार को रोकने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। मध्यप्रदेश लंबे समय से देश में गिद्धों की समृद्ध आबादी का केंद्र रहा है। प्रदेश में भारतीय गिद्ध (लॉन्ग-बिल्ड वल्चर), सिनेरियस गिद्ध (ब्लैक वल्चर), मिस्त्र गिद्ध (व्हाइट स्कैवेंजेर वल्चर) और हिमालयन ग्रिफॉन जैसी प्रजातियां पाई जाती हैं।

### राज्य शासन की ओर से पेश किया गया जवाब, आगे की कार्रवाई के लिए दो सप्ताह का समय लिया

# हाई कोर्ट में लायर्स चेम्बर व बहुस्तरीय पार्किंग के लिए वित्त विभाग की स्वीकृति मिली

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट के समक्ष मंगलवार को मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान पूर्व निर्देश के पालन में राज्य शासन की ओर से अवगत कराया गया कि लायर्स चेम्बर व बहुस्तरीय पार्किंग के लिए विधि विभाग की स्वीकृति मिल गई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस जवाब को रिकार्ड पर ले लिया। इसी के साथ आगे की कार्रवाई के लिए दो सप्ताह की मोहलत प्रदान कर दी।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि इस मामले में मूल याचिकाकर्ता के अलावा अन्य अधिवक्ता संघ भी इंटरवीनर बन गए हैं। इसी से मामले की गंभीरता परिलक्षित होती है। यह मामला व्यापक जनहित से जुड़ा हुआ है क्योंकि पार्किंग सुविधा नहीं होने से हाई कोर्ट के सामने रोजाना जाम लगता है जिसके चलते राहगीर परेशान होते हैं। मल्टीलेवल पार्किंग बनने से उक्त समस्या से निजात मिलेगी। दरअसल, इस भवन का शिलान्यास चार मई, 2025 को हुआ था। हाई कोर्ट के गेट नंबर-चार के सामने करीब 117 करोड़ रुपये से आधुनिक लायर्स चेम्बर और बहुस्तरीय पार्किंग बनना है। इसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस एसी शर्मा, जस्टिस सूर्यकांत शर्मा और तत्कालीन चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की मौजूदगी में हुआ था। इसे लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने लगातार राज्य सरकार से पत्राचार किया। शासन की ओर से जवाब दिया गया कि पांच मई, 2025 को सैद्धांतिक रूप से वित्त की अनुमति प्राप्त हो चुकी है, महज व्यावहारिक रूप से वित्त विभाग से अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिस कारण से निर्माण शुरू नहीं हो पाया।

**हाईकोर्ट का निर्देश**

## एसोसिएट प्रोफेसर्स एवं सिस्टर ट्यूटर का रिजल्ट जारी करने पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन एसोसिएट प्रोफेसर्स एवं सिस्टर ट्यूटर के चयन का रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार और कर्मचारी चयन मण्डल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 2 सप्ताह बाद होगी।

जबलपुर निवासी निशा चंदेल व अन्य की ओर से अधिवक्ता सुयश मोहन गुरू ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर्स के पद, ट्यूटर सिस्टर्स के पद प्रमोशन से भरने का नियम है, लेकिन राज्य सरकार ने इन्हें सीधी भर्ती से भरने का आदेश जारी किया है। कर्मचारी चयन मण्डल ने 24 दिसंबर 2025 को अधिसूचना जारी कर बीते दिनों भर्ती परीक्षा भी करवा ली है। दरअसल, राज्य सरकार ने पूर्व में अधिसूचना जारी कर असिस्टेंट प्रोफेसर और सिस्टर ट्यूटर की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया। इसके बाद 25 जनवरी को दूसरा विज्ञापन जारी किया, जिसमें से सिस्टर ट्यूटर को हटा दिया गया और एसोसिएट प्रोफेसर की भर्ती निकाली। इस पर सिस्टर ट्यूटर की ओर से हाईकोर्ट मे याचिका दायर की गई। कोर्ट को बताया गया कि एसोसिएट प्रोफेसर बनने के लिए याचिकाकर्ता क्ववालीफाई हैं। भर्ती नियम 2024 के अनुसार एसोसिएट प्रोफेसर की भर्ती 100 प्रतिशत तक प्रमोशन से ही होना है, इसलिए सीधी भर्ती जो निकाली गई है, वह गैरकानूनी है।

## स्टेट बार काउंसिल ने आंदोलन के लिए सात सदस्यीय समिति गठित की

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा, सम्मान व कल्याण से जुड़ी मांगों के संबंध में आंदोलन के लिए सात सदस्यीय समिति गठित कर दी है। चेयरमैन राधेलाल गुप्ता व वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने बताया कि समिति में प्रियनाय पाठक, अधिवक्ता भोपाल, मनोज जराठे, अधिवक्ता व सचिव, जिला अधिवक्ता संघ, होशंगाबाद, अनिल द्विवेदी, अधिवक्ता व सचिव, जिला अधिवक्ता संघ, छत्तरपुर, सोनल नायक, अधिवक्ता व सह सचिव, अधिवक्ता संघ, भोपाल, सुरेन्द्र सिंग राजपूत, अधिवक्ता व सह सचिव, अधिवक्ता संघ, होशंगाबाद और प्रशान्त दुबे, अधिवक्ता, जबलपुर शामिल हैं। यदि एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट सहित अन्य मांगों को शीघ्र पूर्ण न किया गया तो यह समिति आंदोलन के समस्त कार्यों का संचालन व समन्वय करेगी। अधिवक्ताओं को शांतिपूर्ण व अनुशासित आचारण के लिए प्रेरित करेगी।

### धोखाधड़ी : विधवा महिला की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

## इलाज के नाम पर डॉक्टर ने हड़पे 10 लाख

**जबलपुर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक डॉक्टर द्वारा अपनी विधवा मकान मालिक की सास और पति के इलाज के नाम पर 10 लाख रुपए हड़प लिए। दरअसल आरोपी डॉक्टर महिला के मकान में किराए से रहता था और उसने महिला को विश्वास में लेकर कोरे चैके में हस्ताक्षर करा लिए थे, बाद वह पैसा किसी शैलेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर करा दिए, अब न तो वह पैसे वापस कर रहा है और न ही यह बता रहा है कि पैसे कहा है। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 316(2), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इस संबंध में विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयनगर निवासी गीता बेन की सास जिन्हें वर्ष 2022 में पैरालाईसिस हुआ था। उस दौरान नर्सिंग करने वाले अमित कुशवाहा से मुलाकात हुई थी, जो उसकी सास का इलाज कर रहा था। बाद में अमित कुशवाहा, गीता बाई के घर पर किरायेदार के रूप में रहने लगा। महिला के अनुसार इस बीच उसके पति भी बीमार हो गये और बीमार रहते 14 दिसंबर 22 को उनका स्वर्गवास हो गया था। पति का इलाज भी अमित कुशवाहा की देखरेख में ही किया गया था।

### कोरे चैक में कराए दस्तखत

महिला ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि अमित कुशवाहा द्वारा समय समय पर उससे धन राशि ली जाती रही। उसी दौरान उसकी जमीन बिकी हुयी थी, जिसका पैसा बैंक में रखा था। पति का इलाज अमित कुशवाहा के द्वारा भोपाल सांई हास्पिटल में कराया गया था। अस्पताल में हुए खर्च का पैसा उसने अमित कुशवाहा को दिया था। पति का स्वर्गवास होने के बाद अमित कुशवाहा ने कहा कि इलाज के हास्पिटल के 30 हजार रूपये का बिल और देना है। उसने कहा कि उसके पास पैसे नहीं है। इस पर अमित ने कहा कि आप ब्लैंक चैक साईन करके दे दो बिल मैं भर दूंगा। अमित के कहे अनुसार उसने ब्लैंक चैक दस्तखत कर दि दिया। इसके बाद उसे पैसों की आवश्यकता हुयी तो उसने नम्बर 2025 में बैंक ऑफ महाराष्ट्र से स्टेटमेंट निकलवाया जिस पर पता चला कि अमित कुशवाहा द्वारा शैलेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति के बैंक खाते में उसके उसी चैक के माध्यम से 16 जनवरी 23 को 10 लाख रूपये डाल दिये गये। अमित कुशवाहा द्वारा अक्टूबर 2024 मे 20 हजार रूपये अलग से अपनी मां के इलाज के लिये लिये गये थे। महिला ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2025 के अंत में उसने डॉक्टर अमित कुशवाहा से 14 जनवरी 26 को उसके 10 लाख रूपये वापस करने के लिये कहा तो अमित कुशवाहा कहने लगा कि उक्त राशि की एफडी करवा दी है, अब अमित कुशवाहा न ही उसे राशि वापस कर रहा है और न ही एफडी के बारे में बता रहा है। उसके रूपए मांगने पर धमकी भी दे रहा है। पुलिस ने गीता बेन की शिकायत पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

## ट्रैक्टर की हवा चैक कर रहे चालक को आइशर ट्रक ने टक्कर मारी, मौत

**जबलपुर।** सिहोरा थानांतर्गत मझौली बाइपास पर मंगलवार को तड़के सडक किनारे अपने ट्रैक्टर की हवा चैक कर रहे ट्रैक्टर चालक को तेज भागते आयशर ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर मरणासन्न अवस्था में पहुंचा दिया और मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायल को उपचार के लिए सिहोरा अस्पताल ले जाया गया जहां परीक्षण के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाकल के सलैया खुर्द ग्राम का रहने वाला 31 वर्षीय महिपाल सिहं गौड मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर पर भूसा लादकर पनागर परियट जा रहा था। सुबह लगभग 5.30 बजे सिहोरा के मझौली बाइपास तक पहुंचा ही था कि उसे ट्रैक्टर में हवा कुछ कम लगी जिस पर उसने सडक किनारे वाहन रोका और हवा चैक करने लगा। इसी दौरान एक तेज भागते आइशर ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर ट्रैक्टर और उसके चालक को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद आइशर चालक मौके पर वाहन छोडकर फरार हो गया। यहां राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिस पर थाने से पुलिस दल मौके पर पहुंचा तथा घायल को तत्काल उपचार के लिए सिहोरा अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया तथा ट्रक जब्त कर चालक की तलाश आरंभ कर दी है।

## जिला, पुलिस और नगर निगम के संयुक्त अभियान से सड़कें हो रहीं हैं अतिक्रमण मुक्त

**जबलपुर।** जिला, पुलिस और निगम प्रशासन के सहयोग से शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगर निगम द्वारा



चलाया जा रहा 'अतिक्रमण मुक्त सड़क और लेफ्ट टर्न फ्री' अभियान अब धरातल पर रंग लाने लगा है। मंगलवार को प्रशासन की टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए सड़कों को अवरोध मुक्त किया। कार्रवाई के संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि अतिक्रमण हटाओं मुहिम में न केवल नागरिक बल्कि व्यापारी वर्ग भी बढ़-चढ़कर प्रशासन का साथ दे रहा है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई को लेकर नागरिकों में प्रसन्नता है और उनका भी जनसमर्थन लगातार प्रशासन को मिल रहा है। आज निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों क्रमशः शास्त्री ब्रिज एवं गोलौआ में सड़क किनारे जमे अवैध कब्जों को हटाया गया, कटंगा और गढ़ा क्षेत्र में व्यापारिक केंद्रों के पास फुटपाथ को साफ कराया गया, बंदरिया तिराहा में लेफ्ट टर्न को बाधा रहित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। शहर के व्यापारियों ने निगम की इस पहल की प्रशंसा की है। उनका मानना है कि सड़कें चौड़ी और व्यवस्थित होने से बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ेगी और जाम की स्थिति से मुक्ति मिलेगी वहीं, नागरिकों का कहना है कि 'लेफ्ट टर्न फ्री' होने से रेड सिग्नल पर वाहनों का दबाव कम होगा, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। कार्रवाई के समय प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### हाई पॉवर कमेटी के चेयरमैन जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर ने बीसीआई के आदेश को निरस्त किया

## जस्टिस मोदी की जगह सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसके पालो चुनाव अधिकारी नियुक्त

**जबलपुर।** तीन दिल पहले चुनाव कराने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश एनके मोदी को रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया था। मंगलवार को जस्टिस मोदी ने चुनाव कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। वहीं सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पॉवर कमेटी के चेयरमैन जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर ने बीसीआई के आदेश को निरस्त करते हुए जस्टिस मोदी की जगह सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसके पालो को चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 16 फरवरी 2026 को जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर को मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के चुनाव कराने के लिए हाई पॉवर इलेक्शन कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 30 अप्रैल तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। इसी बीच 21 फरवरी 2026 बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने जस्टिस एनके मोदी को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त कर दिया था। कमेटी को जानकारी मिलने पर चेयरमैन ने आदेश जारी कर कहा कि यह नियुक्ति उसके अधिकार क्षेत्र के बाहर है क्योंकि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 18 नवंबर 2025 के आदेश में निर्देश दिया है कि पूरे भारत में चुनाव शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुसार कराए जाएं। चूंकि पूरा चुनाव सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई कमेटी द्वारा कराया और सुपरवाइज़ किया जाना है, इसलिए कमेटी बीसीआई 21 फरवरी के आदेश को निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त करने के लिए हाई पॉवर कमेटी सक्षम और अधिकृत है।

### हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता घायल, क्षेत्रवासियों ने स्पीड ब्रेकर की मांग उठाई

## तिलहरी एसबीआई चौराहा बना जानलेवा, तेज रफ्तार वाहनों की भिड़ंत में कार चकनाचूर

**जबलपुर।** शहर का उप नगरीय क्षेत्र तिलहरी स्थित एसबीआई चौराहा इन दिनों हादसों का केंद्र बनता जा रहा है। सोमवार सुबह यहां तेज रफ्तार से भागती व्हाइट कलर की ब्रेजा कार MP20 ZG 0036 ने, धीमी गति से रोड क्रॉस कर रही बैलेनों कार MP20CJ9383 को बुरी तरह चकनाचूर कर दिया, हादसे में अजय सत्य प्रकाश होम्स तिलहरी निवासी व हाईकोर्ट जबलपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिजीत ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चौराहे पर लंबे समय से यातायात नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। सिग्नल और स्पीड ब्रेकर के अभाव में वाहन चालक तेज गति से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सोमवार को सुबह भी तेज रफ्तार कार MP20 ZG 0036 जिसमे 4 युवा सवार थे, ने धीमी गति से रोड क्रॉस कर रही सीनियर एडवोकेट अभिजीत ठाकुर की कार को जोरदार टक्कर मारकर भाग निकले जिससे कार के परखच्चे उड़ गए प्रत्यक्षदर्शियों ने कार का नम्बर नोट कर लिया।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह चौराहा पहले भी कई हादसों का गवाह बन चुका है। बावजूद इसके, यहां न तो स्थायी स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं और न ही प्रभावी ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि चौराहे पर शीघ्र स्पीड ब्रेकर, ट्रैफिक सिग्नल और चेतावनी संकेत लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

घटना की सूचना मिलते ही गोराबाजार पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी और घायल एडवोकेट को शासकीय विक्टोरिया अस्पताल इलाज हेतु ले गई। जनता की मांग चौराहे पर तत्काल स्पीड ब्रेकर निर्माण ट्रैफिक सिग्नल की स्थापना, तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाए, तो तिलहरी एसबीआई चौराहा और भी बड़े हादसों का कारण बन सकता है।

### अब सिर्फ रात में रहती है गुलाबी ठंड

## सूर्योदय से सूर्यास्त तक पड़ने लगी गर्मी

**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त हो चुका है। तापमान औसत से ऊपर चल रहा है जिसकी वजह से अब सूर्योदय से सूर्यास्त तक गर्मी का असर बना रहता है। सुबह और शाम के वक्त हवाओं की ठंडक जरूर बनी रहती है। दिन में धूप तेज लगने लगी है। धूप की वजह से सूर्योदय से सूर्यास्त तक गर्मी बनी रहती है। शाम ढलते ही उत्तरी हवाओं की ठण्डक का एहसास होने लगता है।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक मौसम शुष्क हो गया है पश्चिम विक्षोप का प्रभाव समाप्त हो गया है। तापमान उछाल लेने लगा है जिससे धीरे-धीरे गर्मी का वातावरण बन रहा है। ठंड अब सिर्फ रात में अपना असर दिखाती है। गर्मी के कारण अब दिन में पंखे चालू हो गये हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम का स्वभाव ऐसा ही बना रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 68 प्रतिशत और सायंकाल 30 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.34 बजे और सूर्यास्त शाम 6.11 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा।

### कुर्क सभी सम्पत्तियों को नीलाम करने की जायेगी कार्रवाई

## उदयपुरा ब्रेवरेज प्रा.लि. पर कुर्की की कार्रवाई, 407 वाहन जप्त




**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा संभागवार एवं वार्डवार बकाया करों की वसूली के लिए प्रयास तेज कर दिये हैं। राजस्व विभाग की टीम द्वारा जिन करदाताओं को बार-बार सूचना देने के बाद भी बकाया करों की राशि जमा नहीं की जा रही है, उन सभी करदाताओं के विरूद्ध कुर्की, तालाबंदी एवं नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। कुर्क सम्पत्तियों को नीलाम करने के संबंध में विभागीय प्रमुख एवं संभागीय अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित अवधि के उपरांत वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए कुर्क हुई सभी सम्पत्तियों को नीलाम करने की कार्रवाई की जायेगी।

इसी क्रम में आज संभाग क्रमांक 15 के अंतर्गत उदयपुरा बेवरेज प्रा.लि. (कोकाकोला) औद्योगिक क्षेत्र रिछाई के द्वारा सम्पत्ति कर जमा नहीं करने पर गार्ड रूम, कान्फ्रेंस हॉल एवं विश्राम गृह की सम्पत्ति को नगर निगम ने कुर्क कर नोटिस चस्पा किया और चल सम्पत्ति के तहत 407 वाहन को जप्त करने की कार्रवाई की गयी। कार्यवाही के समय राजस्व अधिकारी आनंद मिश्रा, सहायक राजस्व अधिकारी मयंक चौरसिया, सींगीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक शिरीष उपाध्याय, सहायक राजस्व निरीक्षक राहुल श्रीवास्तव, नीरज जैन आदि उपस्थित रहे।

### मुख्य न्यायाधीश की प्रेरणादायी पहल को मिली निरंतर सफलता

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की प्रेरणादायी पहल के अंतर्गत जिला न्यायपालिका व हाई कोर्ट के कर्मचारियों के सेवा-संबंधी विवादों के सौहार्दपूर्ण व त्वरित समाधान हेतु प्रारंभ की गई मध्यस्थता प्रक्रिया निरंतर प्रभावी परिणाम दे रही है। इसी क्रम में 24 फरवरी को प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की अध्यक्षता में न्यायालय के नियमित कार्यसमय के पश्चात हाई कोर्ट के साउथ ब्लाक सभागार में विशेष मध्यस्थता सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र न्यायालय समय पश्चात आयोजित किया गया, जिससे नियमित न्यायिक कार्य प्रभावित न हों और कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके। उक्त मध्यस्थता सत्र में कुल 22 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 14 प्रकरणों का आपसी संवाद, सहमति एवं समन्वय के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण किया गया, इनमें एक प्रकरण 2005 से लंबित था। प्रकरणों का समाधान पक्षकारों की सक्रिय सहभागिता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से संभव हो सका। इस सत्र की एक विशेष उपलब्धि यह भी रही कि विभिन्न जिलों में पदस्थ कर्मचारियों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता कर अपने प्रकरणों का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया। तकनीक-सक्षम इस प्रक्रिया ने भौगोलिक दूरी की बाधाओं को समाप्त करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ कर्मचारियों को भी समान अवसर प्रदान किया। प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया ने कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल से कर्मचारियों को त्वरित, किफायती एवं संतोषजनक समाधान प्राप्त हो रहा है, जिससे न्यायालयीन वातावरण में विश्वास व सौहार्द की भावना सुदृढ़ हो रही है।



### सर्प विशेषज्ञ ने किया रेस्क्यू, जंगल में छोड़ा

## धामन प्रजाति के सांप ने कार के बोनट में डेरा जमाया

**जबलपुर।** अंधमूक बायपास रोड पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब सड़क पार करते हुए धामन प्रजाति का सांप आया और उसने कार के बोनट के अंदर अपना डेरा जमा लिया। कार मालिक द्वारा उसे निकालने की कोशिश की गई, जब वह नहीं निकला तो, सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे पहुंचे और सांप को निकालकर जंगल में छोड़ा गया। बताया गया है कि मंगलवार की दोपहर अंधमूक बायपास पर सड़क पार करते हुए 5 फीट लंबा सांप आया और कार के बोनट में अंदर जाकर बैठ गया। कार मालिक शुभम तिवारी ने देखा तो पहले अपने स्तर पर सांप को निकालने की कोशिश की, जब सफल नहीं हुए तो सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे को सूचना दी। मौके पर पहुंचे गजेंद्र दुबे ने काफी मशक्कत के बाद सांप का रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित पकड़ लिया। सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे ने बताया कि यह धामन प्रजाति का सांप है जिसे घोड़ा पछाड़ या अधिक चूहे खाने के कारण रैट स्नेक भी कहा जाता है। यह सांप जहरीला नहीं होता। सांप को पकडऩे के बाद गजेंद्र दुबे ने उसे सुरक्षित रूप से बरगी के जंगल में छोड़ दिया। इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लगी रही।

## हाईकोर्ट का निर्देश, भोपाल के खिलाड़ियों को राहत

# शूटिंग खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए प्रदान करो एक-एक हजार कारतूस

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने राजधानी भोपाल कलेक्टर द्वारा शूटिंग खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए प्रदान किये जाने वाले कारतूसों की संख्या कम किये जाने के खिलाफ दायर याचिका पर संजीदगी दर्शाई। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इन खिलाड़ियों को एक-एक हजार कारतूस का कोटा दिये जाने के निर्देश दिए।सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि, 'केन्द्र सरकार ने राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का लायसेंस निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने इस संबंध में आदेश पेश करने के निर्देश दिये। भोपाल निवासी इब्राहिम जावेद खान सहित अन्य 3 लोगों की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता इब्राहिम एक शूटिंग खिलाड़ी है। अन्य याचिकाकर्ता शूटर बनना चाहते हैं। उन्हें आर्म्स रूल्स, 2016 के नियमों के तहत कारतूस देने के लिए कोटा निर्धारित किया गया है। जिला कलेक्टर ने शूटरों को कारतूस प्रदान करने के संबंध में एक कमेटी गठित की थी।



कमेटी ने प्रैक्टिस के लिए एक-एक हजार कारतूस प्रदान करने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद निर्धारित कोटे को घटाकर 500 कारतूस कर दिया है। आने वाले समय में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अभ्यास करने की आवश्यकता है और उनके पास कारतूस नहीं हैं। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि, जनहित में कोटा बढ़ाने का फैसला लिया जा सकता है। जाने-माने शूटर तथा उभरते शूटर को एक एक हजार कारतूस दिये जायेंगे। जिससे वह आने वाली प्रतियोगिता की तैयारी कर सकें। वह बता सकें कि, सभी कारतूस ट्रेनिंग में समाप्त हो गये हैं तो उन्हें एक हजार कारतूस का कोटा रिन्यू कर दिया जायेगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि, शूटरों को एक-एक हजार कारतूस का कोटा आवंटित किया जाये। कोटा खत्म होने पर वह जिला कलेक्टर को रिपोर्ट करेंगे। जिला कलेक्टर कारतूस के इस्तेमाल की जांच करने के बाद अभ्यास के लिए कारतूस जारी करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा स्पोर्ट कैटेगरी के हथियारों के इस्तेमाल के बारे में भारत सरकार की राय और खिलाड़ियों को दिये जाने वाली कारतूस की संख्या के संबंध में भी हाईकोर्ट में पेश की जाए।

## 899.08 मीट्रिक टन जहरीले कचरे का हुआ विनिष्टीकरण
### हाई कोर्ट ने आगामी प्रक्रिया पर मांगा जवाब

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के समक्ष यूनियन कार्बाइड परिसर, भोपाल के जहरीले कचरे से जुड़े मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में राज्य व प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से जानकारी पेश की गई। अवगत कराया गया कि 899.08 मीट्रिक टन जहरीले कचरे का विनिष्टीकरण पीथमपुर में किया जा चुका है। यह कार्रवाई हाई कोर्ट द्वारा तीन दिसंबर 2024 और 10 दिसंबर 2025 को पारित आदेशों के अनुपालन में की गई है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह व जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की डिवीजन बेंच ने इस जानकारी को अभिलेख पर ले लिया। इसी के साथ आगामी प्रक्रिया के बारे में जवाब मांग लिया। अगली सुनवाई 13 मार्च को नियत की गई है।

## छावनी परिषद क्षेत्र में रजिस्ट्री शुरू कराने की मांग, मुख्यमंत्री व रक्षामंत्री को भेजा ज्ञापन

**जबलपुर।** छावनी परिषद क्षेत्र में मकानों और दुकानों की रजिस्ट्री प्रक्रिया प्रारंभ कराने की मांग को लेकर नागरिकों एवं व्यापारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में छावनी क्षेत्र में संपत्तियों की रजिस्ट्री व्यवस्थित रूप से नहीं हो पा रही है, जिससे राज्य एवं केंद्र सरकार को करोड़ों-अरबों रुपये के संभावित राजस्व का नुकसान हो रहा है। यदि रजिस्ट्री प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए, तो स्टाम्प शुल्क, पंजीयन शुल्क और अन्य करों के माध्यम से सरकारी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। साथ ही संपत्ति लेन-देन अधिक पारदर्शी और सुगम बनेगा। नागरिकों और व्यापारियों ने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था में "नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट" के नाम पर अनावश्यक परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं। इससे पारदर्शिता प्रभावित हो रही है और देरी के कारण आम जनता को आर्थिक एवं मानसिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में स्पष्ट और समयबद्ध प्रक्रिया लागू करने पर अनियमितताओं पर अंकुश लगने की भी मांग की गई। ज्ञापन के अंत में संबंधित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि शीघ्र नीतिगत निर्णय लेकर छावनी परिषद क्षेत्र में संपत्तियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया प्रारंभ कराने हेतु ठोस निर्देश जारी किए जाएं।इस पहल में डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम (महिला विंग प्रमुख), एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, एड. अंकित मिश्रा, एड. रोशन मंध्यानी, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, एड. अमित खत्री, एड. अमित शर्मा और एड. बिनीत कुमार शामिल रहे।

# तेज गाड़ी चलाने पर भिड़े 2 पक्ष
## सरेराह मारपीट, 3 घायल

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत लाल बिल्डिंग के पास कैसी गाड़ी चला रहे हो की बात पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ गालीगलौज कर पत्थर व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इस वारदात में तीन युवक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाषनगर मड़फैया निवासी 28 वर्षीय मोहित पटेल उर्फ भोला गत रात लगभग 9.30 बजे अपने घर से ई बैटरी वाली स्कूटी से लाल बिल्डिंग की ओर जा रहा तभी मेडिकल तरफ से दीपक बाल्मीक एवं सूरज चक्रवर्ती बुलट से आये और कैसी गाड़ी चला रहे हो कहते हुए पत्थर से सिर पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 115(2), 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं दूसरे पक्ष लाल बाबा बस्ती धनवंतरीनगर निवासी 18 वर्षीय दीपक बाल्मीक उर्फ सुम्मी गत रात लगभग 9.30 बजे सूरज चक्रवर्ती के साथ बुलट मोटरसायकल क्रमांक एमपी 20 एनएक्स 4444 में बाजनामठ भैरो बाबा मंदिर में दर्शन करके वापस लाल बिल्डिंग हनुमान मंदिर तिराहा पर पहुँचे जहां पर मोहित पटेल उर्फ भोला और उसका एक अन्य साथी तेज गाड़ी चलाकर आया और गाड़ी चलाने की बात पर जातिगत रुप से अपमानित कर मोहित ने सूरज को एक चांटा मार दिया तथा पीछे वाले लड़के ने चाकू से दीपक पर हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 118(1), 109(1), 351(3), 3(5), बीएनएस तथा 3, 3(2)(व्ही), 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## रोड पर बह रहा गंदा पानी, नगर परिषद नहीं कर पा रही निकासी की व्यवस्था

**बरेला।** नगर परिषद द्वारा जहां एक ओर पूरे नगर में समुचित नाली निर्माण का दावा किया जाता है और नालियों से गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था का डिंडोरा पीटा जाता है किंतु इसके बावजूद भी कुछ जगहों पर नालियों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है जिसकी वजह से लोगों को आने-जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसका प्रत्यक्ष नजारा वार्ड नंबर 13 स्थित पानी की टंकी से लेकर देवी की तलैया मार्ग में देखा जा सकता है। जहां पर नालियो का गंदा पानी रोड पर बहता रहता है ।इस रोड से आने जाने वाले वार्ड वासियों को इस गंदे पानी से ही होकर गुजरना पड़ता है। इस संबंध में स्थानीय नागरिक दीपक चक्रवर्ती ने बताया कि इस गंदे पानी की निकासी रोक थाम के लिए नगर परिषद द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसकी वजह से इस वार्ड के लोग सहित विद्यालय आने जाने वाले बच्चों को इस गंदे नाली के पानी से गुजरने मजबूर हैं। बताया जाता है कि नगर परिषद द्वारा इस रोड के समीप ही लाखों रुपए की लागत से नाली का निर्माण कराया गया है किंतु जहां तहां नालियां जाम होने के कारण गंदा पानी रोड पर बह रहा है। नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए खर्च करने के पश्चात भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है अपितु यह समस्या जस की तस बनी हुई है।

# दमदार दांव-पेच के साथ इंदौर बना चैंपियन

**जबलपुर।** जिला एमेच्योर कुश्ती संघ के तत्वावधान में आयोजित अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य समापन 23 फरवरी 2026 को पीएनटी ग्राउंड, रानीताल में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 150 बालक एवं बालिका पहलवानों ने विभिन्न भार वर्गों में दमदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में जिला कार्यवाहक नंदकिशोर पटेल, मप्र हॉकी संघ के अध्यक्ष नितिन ढिमोले, डॉ. पुष्पराज पटेल, हेली पाजी, राहुल रोहाणी, अंकित चौधरी, राहुल जैन, एड. अर्नव तिवारी, राजेश पहलवान, अमर पहलवान, विक्की सोनकर, सुबोध साहू, गोपाल पटेल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस वर्ष की चैंपियनशिप इंदौर टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर जीती और विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। आयोजन समिति अध्यक्ष शिवम तिवारी का पगड़ी बंधन कर स्वागत किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, कोचों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी



प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच प्रदान करती हैं। तीनों दिनों में बालक एवं बालिका वर्ग के रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को उत्साहित किया। महिला पहलवानों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहां वे तमिलनाडु में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष उमाशंकर पटेल (पूर्व प्राचार्य एवं कुश्ती विश्वामित्र अवार्डी, म.प्र.), सचिव राजेश राजपूत (पूर्व राष्ट्रीय पहलवान), प्रो रेसलिंग सीईओ राहुल तुषार सिंह, शेरू रैकवार, गोपाल तिवारी, मानस गुप्ता, जनार्दन सिंह, पवन चक्रवर्ती, जितेंद्र सिंह राजपूत, निर्मल सिंह, दिलीप चक्रवर्ती, प्रवीण शर्मा, रोहन चतुर्वेदी, दीपक सिंह, रुद्र यादव, इलू महाराज, शानू तिवारी, अक्कू यादव, महेंद्र ठाकुर, नागेंद्र सिंह राजपूत, अमर विश्वकर्मा एवं रत्नेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शराबी पति ने पत्नी को उठाकर पटका

**जबलपुर।** कुंडम थाना अतंर्गत पिपरिया लखनवारा में एक शराबी पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट उसे जमीन पर पटक दिया। बताया गया है कि उसका शराबी पति घरेलू बातों को लेकर आए दिन शारीरिक व मानसिक रुप से उसे प्रताड़ित करता है।
कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरिया लखनवारा निवासी 48 वर्षीय श्रीमति मीरा बाई विश्वकर्मा से गत रात लगभग 11.12 बजे शराब के नशे में घरेलू बातों को लेकर गालीगलौज व मारपीट की और उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके सिर एवं हाथ पैरों में चोटें आ गई है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 85 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### देवरानी-जेठानी के घर में बम पटककर भागा बदमाश

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत सरकारी कुंआ निवासी एक देवरानी और जेठानी के घर पर आरोपी ने सोमवार की देर रात बम पटका और फरार हो गया। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका। मौके पर देवरानी ने युवक को ललकारा तो वह धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने आरोपी युवक पर मामला दर्ज कर लिया है।
घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी कुंआ में रहने वाली श्रीमति अंजू राजपूत सोमवार रात लगभग 11-45 बजे अपने घर पर सो रही थी इसी बीच घर के अंदर बम फूटने की आवाज आयी। उसने उठकर देखा कि बम फटने से उसके दरवाजे में लगा पर्दा जल गया। फोटोफ्रेम टूट गया। बाहर निकलकर देखी तो अनुज गुप्ता उर्फ मेवा ने एक और बम उसकी जेठानी के मकान में फैंका। उसने बम फेंकने से मना किया, तो गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये वह भाग गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 351(2), 324(4), बीएनएस तथा 3,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## "फाग के रंग कान्हा की सखियों के संग" थीम पर भव्य फूलों की होली

**जबलपुर।** धर्म संस्कृति सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन की महिलाओं द्वारा होली के पूर्व "फाग के रंग कान्हा की सखियों के संग" थीम पर होटल समदड़िया इन में फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की सजीव झांकियों के साथ सखियों ने पुष्प वर्षा कर होली खेली। सभी महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहीं, जिससे आयोजन का वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भागवत आचार्य श्रीमती निशा तिवारी, श्रीमती अर्चना पुरुषोत्तम तिवारी, यामिनी अन्नू सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी की नगर अध्यक्ष रूपा राव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं श्री गणेश वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात महिलाओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। आयोजन धर्म संस्कृति सांस्कृतिक संगठन की अध्यक्ष श्रीमती कविता दुबे एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। मंच संचालन नेहा उपाध्याय एवं विशाखा दुबे ने किया। संगठन द्वारा समय-समय पर धार्मिक आयोजन एवं निराश्रितों की सहायता के कार्य किए जाते हैं तथा भविष्य में भी समाजसेवा के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई।

# उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहा दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के संरक्षण तथा क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रचना विश्वकर्मा के निर्देशन में किया गया। दो दिवसीय इस आयोजन में लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया।कुश्ती के 55 किलोग्राम वर्ग में दीपक यादव तथा 65 किलोग्राम वर्ग में प्रकाश मल्लाह विजेता रहे। टेबल टेनिस में अजीत कुमार और शतरंज में दिनेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्सीकूद महिला वर्ग में रजनी कुचबंधिया,कैरम पुरुष वर्ग में रोहित बर्मन एवं महिला वर्ग में सिमी जैन विजेता रहीं जबकि कबड्डी पुरुष वर्ग में 'धुरंधर' टीम





ने बाज़ी मारी। एथलेटिक्स स्पर्धाओं में 100 मीटर महिला वर्ग में रागिनी कोरी और पुरुष वर्ग में निखिल पटेल,200 मीटर में अमर चक्रवर्ती (पुरुष) एवं शुभ प्रिया तिवारी (महिला),400 मीटर में अमर चक्रवर्ती (पुरुष) और क्रिस्टी रैदास (महिला),800 मीटर में रोहित सिंह (पुरुष) एवं क्रिस्टी रैदास (महिला) विजेता रहे। शॉटपुट में निकिता बसोर (महिला) और निखिल पटेल (पुरुष), तथा लंबी कूद में अनिल सिंह (पुरुष) एवं शुभ प्रिया तिवारी (महिला) ने प्रथम स्थान अर्जित किया।भाला फेंक में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अमित गडारी प्रथम रहे । समापन अवसर पर प्राचार्य ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल अनुशासन,नेतृत्व और टीम भावना के विकास का सशक्त माध्यम हैं तथा विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।



## दरबार-ए-जमाली में उर्स पर रोजा अफ्तार-ए-आम, सैकड़ों रोजेदार हुए शामिल

**जबलपुर।** हज़रत मुल्ला जमालुद्दीन शाह चिश्ती हमीदि के उर्स मुबारक के अवसर पर रविवार, 21 फरवरी को मंडी मदार टेकरी स्थित दरबार-ए-जमाली में अफ्तार-ए-आम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सदारत सूफी बाबा मेराज अहमद जमाली ने की और खादिम बाबा जमाली की कयादत में मजार शरीफ पर चादरपोशी एवं फूल-माला अर्पित कर अकीदत का इजहार किया गया। मगरिब के समय सैकड़ों रोजेदारों ने सामूहिक रूप से रोजा अफ्तार किया। इस अवसर पर मतीन अंसारी, हाजी शेख जमील नियाजी, पार्षद अख्तर अंसारी, गुड्डू नबी, ताहिर खान और इश्तियाक अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अफ्तार के बाद सामूहिक नमाज अदा कर मुल्क की खुशहाली और अमन-चैन की दुआ की गई।

### रमजान में सेहरी वैन सेवा की शुरुआत

पवित्र माह रमजान में जरूरतमंद रोजेदारों के लिए शहर में मदनी भाइयों द्वारा सेहरी वैन सेवा शुरू की गई है। यह वैन विशेष रूप से मुसाफिरों और अस्पतालों में भर्ती मरीजों तक समय पर सेहरी पहुंचाएगी, ताकि कोई भी बिना सेहरी के रोजा न रखे। इस पहल में हाजी मोहम्मद जावेद अत्तारी, हाफिज इमरान अत्तारी और कांग्रेस नेता आजम खान सहित कई समाजसेवियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# प्रतीक्षा मार्को के हाथों में सिहोरा पुलिस की कमान
## आते ही सबसे पहले पहुंची आजाद चौक

**सिहोरा।** विगत दिनों आजाद चौक सिहोरा में दो पक्षों के बीच घटी घटना के बाद बनी तनावपूर्ण स्थिति के बाद अब शांति है बाजार खुले हैं आम लोगों का आना जाना पहले की तरह चल रहा है घटना के बाद से पुलिस की सक्रियता के चलते कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई है। कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने सिहोरा की कमान प्रतिक्षा मार्को के हाथों में सौंपी है। तथा थाना प्रभारी विपिन सिंह को जबलपुर क्राइम ब्रांच स्थानांतरित किया गया है। नवागत सिहोरा थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया शहर में बहाल हुई शांति व्यवस्था को सभी के सहयोग से कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी तथा कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़



करने वालों को बक्शा नहीं जायेगा चाहे वह कोई हो और कितना भी मजबूत क्यों न हो । सभी लोग अपने त्यौहार शांति पूर्वक मनायें यही पुलिस की अपेक्षा है। वे आने के बाद से लगातार संवेदनशील आजाद चौक सहित शहर में राउंड कर स्थिति का जायजा ले रहीं है तथा आम जनता पुलिस स्टाफ से मिल रहीं है । नगर में शांति व्यवस्था कायम रखने जगह जगह तैनात पुलिस बल से भी उन्होंने मुलाकात की। उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्वों के साथ शहर की फिजा खराब करने वालों से पुलिस शक्ति से निपटेगी । पुलिस सतर्क है तथा हर आने जाने वाले पर कड़ी नजर रख रही है।

**श्री नितिन सोनी-** सिहोरा कालभैरव चौक निवासी श्री नितिन सोनी लकी का 44 साल की उम्र में निधन हो गया । अंतिम संस्कार कुर्रे रोड़ स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश सोनी के पुत्र एंव अशोक सोनी अलंकार ज्वेलर्स के भतीजे थे।



**श्री ओमकार बहादुर आचार्य-** छापर विजयनगर रामपुर निवासी श्री ओमकार बहादुर आचार्य (63) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री गुरु प्रसाद कोल की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी कोल (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री राम चरण चौधरी-** चेरीलाल चंडालभाटा निवासी श्री राम चरण चौधरी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वी. बालकृष्ण राव-** कांचघर समदड़िया कॉलोनी निवासी श्री वी. बालकृष्ण राव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री सतीश शुक्ल-** त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री सतीश शुक्ल (74 ) का निधन हो गया अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती वीथिका सरकार-** मदनमहल राइट टाउन निवासी श्री जेके सरकार की धर्मपत्नी श्रीमती वीथिका सरकार (94) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला चौधरी-** रविदास नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री सहदेव चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती लीला चौधरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री महेश कुमार शर्मा-** कांचघर निवासी श्री महेश कुमार शर्मा (82) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा पटेल-** मढ़ाताल निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा पटेल का





निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट शमशान भूमि में हुआ।

**श्रीमती देवी बाई मनवानी-** आदर्श नगर सुंदर विहार कॉलोनी निवासी श्री बुद्धरमल मनवानी की धर्मपत्नी श्रीमती देवी बाई मनवानी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उमाशंकर सोंधिया-** सुदामानगर कालीमठ आमनपुर निवासी श्री उमाशंकर सोंधिया (58) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गौरीघाट शमशान भूमि में संपन्न हुआ ।

**श्री शनि कैथेल-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री हरिशंकर कैथेल के पुत्र श्री शनि कैथेल (40) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमलजीत कौर-** नेपियर टाउन निवासी श्री अमरीक सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कमलजीत कौर (94) का देहांत हो गया है। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मुन्ना लाल बेन-** जीसीएफ पनेहरा पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री मुन्ना लाल बेन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x5 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x5 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

# इस साल 9.1 प्रतिशत औसत वेतन वृद्धि का अनुमान : सर्वेक्षण

## पिछले वर्ष की 8.9 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ा अधिक

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश में इस साल विभिन्न क्षेत्रों के कर्मचारियों को औसतन 9.1 प्रतिशत वेतन वृद्धि मिलने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की 8.9 प्रतिशत वेतन वृद्धि से थोड़ा अधिक है। मंगलवार को एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एओएन ने अपने 'वार्षिक वेतन वृद्धि एवं कारोबार सर्वेक्षण 2025-26' का हवाला देते हुए कहा कि इस साल 9.1 प्रतिशत की अनुमानित वेतन वृद्धि वर्ष 2025 में दर्ज 8.9 प्रतिशत की वास्तविक वृद्धि से थोड़ी अधिक है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन औसतन 10.1 प्रतिशत बढ़ सकता है। मोटर वाहन एवं वाहन विनिर्माण क्षेत्रों के कर्मचारियों को 9.9 प्रतिशत की वृद्धि मिलने की संभावना है। वहीं, इंजीनियरिंग डिजाइन सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को भी 9.9 प्रतिशत की वृद्धि मिल सकती है।

### रियल एस्टेट में रहेगी सर्वाधिक बढ़ोतरी

एओएन के सर्वेक्षण का 32वां संस्करण देश के 45 उद्योग क्षेत्रों में सक्रिय 1,400 से अधिक संगठनों के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2026 में वेतन वृद्धि का अनुमान विभिन्न उद्योगों में अलग-अलग रहेगा। रियल एस्टेट एवं अवसंरचना क्षेत्रों के कर्मचारियों को सर्वाधिक 10.2 प्रतिशत की वेतन वृद्धि मिलने की उम्मीद है।



### इंजीनियरिंग व विनिर्माण में 9.5 फीसदी की वृद्धि संभव

सर्वेक्षण में पाया गया कि इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण क्षेत्र के कर्मचारियों और खुदरा क्षेत्र के कर्मचारियों को औसतन 9.5-9.5 प्रतिशत की वेतन वृद्धि मिलने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये रुझान दर्शाते हैं कि भारत में नियोक्ता बदलते बाजार परिवेश में विशेष कौशल वाली प्रतिभाओं के लिए कायम प्रतिस्पर्धा के बीच प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं ग्राहक-सामना क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### भारत भी अनिश्चितता से जूझ रहा

एओएन इंडिया में साझेदार (प्रतिभा समाधान) रूपांक चौधरी ने कहा, ''भारत अपनी वृद्धि यात्रा के अगले चरण में एक मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद के साथ कदम रख रहा है। कंपनियों के भू-राजनीतिक अनिश्चितता से जूझने के बावजूद सुदृढ़ घरेलू मांग, मुद्रास्फीति में नरमी और नए व्यापार समझौते मध्यम अवधि के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण में योगदान दे रहे हैं।'' सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर घटकर 16.2 प्रतिशत रह गई।

## खबर संक्षेप




### कल्याणी स्टील्स व दो अन्य ने सेबी को दिए 4.12 करोड़

**नई दिल्ली।** कल्याणी स्टील्स लिमिटेड (केएसएल) समेत तीन इकाइयों ने बाजार नियामक सेबी के साथ सूचना छिपाने और संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के नियमों के कथित उल्लंघन का मामला कुल 4.12 करोड़ रुपये का भुगतान कर सुलझा लिया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का यह आदेश तब आया जब कल्याणी स्टील्स लिमिटेड, बीएफ यूटिलिटीज और दीप्ति आर पुराणिक ने अपने खिलाफ शुरू की गई नियामकीय कार्रवाई को समाधान के जरिए सुलझाने का प्रस्ताव रखा।

### पीएम सूर्य घर योजना, 30 लाख घरों में रूफटॉप

**नई दिल्ली।** ''पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना'' के तहत फरवरी, 2024 से अब तक देशभर में 30 लाख से अधिक घरों में छतों पर सौर ऊर्जा इकाई लगाई जा चुकी हैं। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने यह जानकारी दी। जोशी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर कहा, देशभर में 30 लाख परिवार अब ''पीएम सूर्य घर योजना'' के तहत रूफटॉप सौर प्रणाली से लैस हो चुके हैं। इस तरह सूर्य की रोशनी अब बचत और टिकाऊ विकास में बदल रही है।



### दिसंबर तिमाही में खुदरा ऋण 18% बकाया बढ़ा

**मुंबई।** खुदरा ऋण का बकाया दिसंबर तिमाही में 18.1 प्रतिशत बढ़कर 162 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सोने की कीमतों में तेजी, त्योहारी मांग और जीएसटी दरों में कटौती से कर्ज वितरण को बढ़ावा मिला। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रेडिट सूचना कंपनी 'सीआरआईएफ हाई मार्क' की इस रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर-दिसंबर, 2025 तिमाही के दौरान खुदरा ऋण में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाला आवासीय ऋण खंड 10.5 प्रतिशत बढ़कर 43 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।




### सुजलॉन ने अजय कपूर को ग्रुप सीईओ किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन ने अजय कपूर को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (ग्रुप) मंगलवार को नियुक्त किया। कंपनी ने जे पी चलसानी को नवगठित 'ग्रुप एग्जीक्यूटिव काउंसिल' में पदोन्नत भी किया है। बयान के अनुसार, सुजलॉन 2.0 दृष्टिकोण के अनुरूप, सुजलॉन ने रणनीतिक दिशा को आगे बढ़ाने के लिए 'ग्रुप एग्जीक्यूटिव काउंसिल' (जीईसी) का गठन किया है।



## निवेशकों की करीब 3 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति साफ हो गई

# आईटी शेयरों में बिकवाली से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का

एजेंसी ⏭ मुंबई

कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही।

- निफ्टी में भी 288 अंक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका एवं ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। दो सत्रों की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ।

**खास बातें**

- अमेरिका व ईरान के बीच बढ़ते तनाव से सहमा बाजार
- कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों की धारणा बदली



**टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक गिरावट :** आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया।

### सूचकांक 1360 के स्तर तक लुढ़क चुका था

कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। व्यापक गिरावट के बीच निफ्टी में शामिल 32 शेयर गिरकर बंद हुए।

### नई चिंताओं के कारण निवेशक धारणा कमजोर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''वैश्विक व्यापार घटनाक्रम और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को लेकर पैदा हुई नई चिंताओं के बीच निवेशक धारणा कमजोर रही और कच्चे तेल के दाम भी चढ़ गए। इसके अलावा एआई से व्यापक व्यवधान की आशंका और वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में बने दबाव का असर भी मानक सूचकांकों की गिरावट के रूप में देखा गया।

### एआई की वजह से व्यापक गिरावट दर्ज

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''घरेलू बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई, जिसका नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और पारंपरिक आईटी सेवा प्रदाताओं के मार्जिन पर दबाव से जुड़ी वैश्विक चिंताएं फिर उभर आई हैं।

### आईटी क्षेत्र लंबे समय तक दबाव में रहने की आशंका

नायर ने कहा कि आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक दबाव रहने की आशंका से रियल एस्टेट शेयरों पर भी असर पड़ा, क्योंकि इससे घरों की मांग और मूल्यांकन प्रभावित हो सकते हैं। क्षेत्रवार सूचकांकों में फोकस आईटी खंड में सर्वाधिक 4.80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि आईटी खंड में 4.53 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 2.61 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 1.79 प्रतिशत की गिरावट रही।

### स्मॉलकैप में रही गिरावट

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सिलेक्ट सूचकांक 0.68 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप सिलेक्ट 0.54 प्रतिशत नीचे आ गया। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,802 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि 1,422 शेयरों में बढ़त रही और 143 अन्य अपरिवर्तित रहे।

# अक्टूबर-दिसंबर में भारत की जीडीपी 8% की दर से बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




नए आधार वर्ष 2022-23 की संशोधित श्रृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है। पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान 27 फरवरी को जारी किए जाएंगे। इनमें नए आंकड़े और संशोधन शामिल होंगे। इसलिए, पहले और दूसरी तिमाही के सभी पुराने आंकड़े भी नए आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार बदल सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया, तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत मजबूत है, जो खेती और गैर-कृषि गतिविधियों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से है। रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि लगभग 8.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

- एनएसओ ने जारी किया अनुमान

### एससीबी की जमा वृद्धि ऋण वृद्धि की तुलना में धीमी


हालांकि, नई गणना पद्धति में महत्वपूर्ण बदलाव होने के कारण संशोधन की दिशा का अनुमान लगाना कठिन है। इसमें आगे कहा गया कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की जमा वृद्धि ऋण वृद्धि की तुलना में धीमी बनी हुई है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कुल जमा में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि ऋण में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# सरकार ने 2026-27 सत्र के लिए कच्चे जूट का एमएसपी बढ़ाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को विपणन सत्र 2026-27 में कच्चे जूट के लिए 5,925 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 275 रुपये ज़्यादा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, जूट उगाने वालों को फ़ायदा होगा। भारत दुनिया में कच्चे जूट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा प्रधानमंत्री के नए कार्यालय, सेवा तीर्थ में अपनी पहली बैठक में लिए गए फ़ैसलों में से एक था। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि टीडी-3 ग्रेड के कच्चे जूट के लिए तय किया गया एमएसपी, किसानों को उत्पादन की अखिल-भारतीय भारित औसत लागत पर 61.8 प्रतिशत का लाभ देगा। यह फैसला सरकार के इस सिद्धान्त के मुताबिक है जिसके तहत एमएसपी को उत्पादन के अखिल-भारतीय भारित औसत लागत के कम से कम 1.5 गुना तय किया जाता है, जैसा कि केंद्रीय बजट 2018-19 में कहा गया था। बयान में कहा गया है कि वर्ष 2014-15 से, कच्चे जूट का एमएसपी 2,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 5,925 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जो 3,525 रुपये प्रति क्विंटल या 2.5 गुना ज़्यादा है।

- एमएसपी 275 रुपए बढ़ाकर 5925 रुपए प्रति क्विंटल किया



देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला का संचालन शुरू

# टोरेंट ग्रुप ने डायग्नोस्टिक कारोबार में कदम रखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



गुजरात स्थित टोरेंट ग्रुप ने स्वास्थ्य जांच से जुड़े डायग्नोस्टिक क्षेत्र में कदम रखते हुए देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला का संचालन शुरू किया है। समूह ने एक बयान में कहा कि नवी मुंबई में एक लाख वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैली यह प्रयोगशाला स्वास्थ्य जांच की 15 विभिन्न शाखाओं और 3,500 से अधिक परीक्षण सेवाओं का समर्थन करती है। इनमें निवारक, नियमित और विशेष जांच शामिल हैं। बयान के मुताबिक, टोरेंट ग्रुप 'संदर्भ-केंद्रित मॉडल' के जरिये डायग्नोस्टिक कारोबार का विस्तार करेगा। इस मॉडल में विभिन्न शहरों से नमूने इकट्ठा कर केंद्रीय प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे, जहां उन्नत और विशेष परीक्षण किए जाएंगे। टॉरेंट ग्रुप के निदेशक वरुण मेहता ने कहा, /''डायग्नोस्टिक क्षेत्र में प्रवेश करते हुए हमने दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया है और इसकी शुरुआत मजबूत वैज्ञानिक आधार से की है।

# सोना 400 रुपए बढ़कर 1.63 लाख रुपए पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली और कमजोर रुपये के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 1,63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। स्थानीय बाजार विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी की कीमतें 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहीं। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातु की कीमतों में गिरावट के बावजूद स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की ओर से खरीदारी बढ़ने से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों को समर्थन मिला।

- खरीदारी कमजोर रहने से चांदी की कीमतें स्थिर




### रुपए की कमजोरी से सोना हुआ महंगा

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 1.35 प्रतिशत घटकर 5,157.16 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 88.19 डॉलर प्रति औंस पर सपाट रुख के साथ कारोबार कर रही थी। विश्लेषकों ने कहा कि रुपये में कमजोरी से अन्य मुद्रा धारकों के लिए सोना महंगा हो गया, जिससे वैश्विक कीमतों में गिरावट का असर कम हो गया।

# एलएटी एयरोस्पेस ने किया 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** जोमैटो के संस्थापक दीपेंद्र गोयल और कंपनी की पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुरभि दास द्वारा स्थापित एलएटी एयरोस्पेस ने गुरुग्राम स्थित रक्षा रोबोटिक्स स्टार्टअप 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण किया है। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उनका लक्ष्य कंपनी के भीतर ही ऐसी क्षमताएं विकसित करना है, जिन्हें आगे चलकर रक्षा और नागर विमानन, दोनों क्षेत्रों में लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गोयल ने पिछले महीने जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी 'इटर्नल' के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## ताइवान को लेकर जापान के पीएम की टिप्पणी से विवाद गहराया

# चीन ने जापानी कंपनियों को निर्यात नियंत्रण सूची में डाला

एजेंसी ⏭ बीजिंग

चीन ने मंगलवार को 20 जापानी कंपनियों को निर्यात नियंत्रण सूची में और 20 अन्य को निगरानी सूची में डाल दिया। ताइवान को लेकर जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कुछ पुरानी टिप्पणियों को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद यह कदम उठाया गया है। ताइवान एक स्व-शासित द्वीप है जिस पर चीन अपना दावा करता है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, चीनी निर्यातकों को 20 जापानी कंपनियों को द्वि-उपयोग (डुअल-यूज) वस्तुएं बेचने पर प्रतिबंध रहेगा, जिनका उपयोग नागरिक एवं सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

- चीन ने जापान की 20 कंपनी को नियंत्रण व 20 को निगरानी सूची में डाला



### गतिविधियां तुरंत बंद करने कहा गया

मंत्रालय ने कहा कि विदेशी संगठन या व्यक्ति भी चीन में उत्पन्न द्वि-उपयोग वस्तुएं इन 20 संस्थाओं को उपलब्ध नहीं करा सकेंगे। बयान में कहा गया, '' संबंधित सभी जारी गतिविधियां तुरंत बंद की जानी चाहिए।''

### निशाने पर जहाज व विमान निर्माण कंपनी

निशाने पर आई कंपनियों में मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज की कई अनुषंगी इकाइयां शामिल हैं जो जहाज निर्माण एवं विमान इंजनों तथा समुद्री मशीनरी के उत्पादन से जुड़ी हैं। साथ ही कावासाकी हैवी इंडस्ट्रीज और फुजित्सु के कुछ प्रभाग भी इसमें शामिल हैं।

### दूसरी सूची में सुबारू व मित्सुबिशी कंपनी शामिल

दूसरी सूची में सुबारू कॉरपोरेशन, मित्सुबिशी मैटेरियल्स कॉरपोरेशन और इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टोक्यो सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि इन कदम का उद्देश्य जापान के पुनः सैन्यीकरण एवं परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाना है और ये ''पूरी तरह वैध, उचित एवं कानूनी'' हैं।

### दोनों देशों में आदान-प्रदान प्रभावित नहीं होगा

मंत्रालय ने कहा, '' ये कदम केवल कुछ चुनिंदा जापानी संस्थाओं पर लक्षित हैं और संबंधित उपाय केवल द्वि-उपयोग वस्तुओं तक सीमित हैं। इससे चीन और जापान के बीच सामान्य आर्थिक एवं व्यापारिक आदान-प्रदान प्रभावित नहीं होगा। ईमानदार तथा कानून का पालन करने वाली जापानी संस्थाओं को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।''

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**
Office: Municipal Council Kotma Dist-Anuppur (M.P.) Email-cmokotma@mpruban.gov.in Phone-0765823360
क्रमांक. 572/ न.प./लो.नि./नि.सू./2025-26 कोतमा दिनांक-18/02/2026

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2026_UAD_483643_1 Date -19.02.2026 | वार्ड क्र. 10 न्यायालय परिसर में जन सुविधा केन्द्र का मरम्मत एवं सौन्दर्यीकरण कार्य। | 04 माह 1281016 | 2000.00 9610.00 | 24.03.2026 |

नोट :-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, कोतमा
जिला अनूपपुर (म.प्र.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर (म.प्र.)**
N.I.T. NO / PWD/07/PRO.No. 905 निविदा सूचना Dated 24/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्रं | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _482990_1 Date:-24/02/2026 | निर्मलचंद जैन वार्ड न्यू कंचनपुर कन्हैया डेरी के पास सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह 5.89 लाख | 2000/- 5898/- | 17/03/26 |
| 2 | 2026_UAD _482990_2 Date:-24/02/2026 | निर्मलचंद जैन वार्ड अंतर्गत इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में सामुदायिक भवन में बाउंड्रीवाल किचिन शेड व सीमेंटीकरण कार्य। (अध्यक्ष अनुशंसा) | 04 माह 8.42 लाख | 2000/- 8424/- | 17/03/26 |
| 3 | 2026_UAD _482990_3 Date:-24/02/2026 | निर्मलचंद जैन वार्ड अंतर्गत न्यू शोभापुर ब्रिज के सामने शौचालय के पास पार्क की बाउंड्रीवाल एवं नाले की रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य। (अध्यक्ष अनुशंसा) | 04 माह 8.36 लाख | 2000/- 8369/- | 17/03/26 |
| 4 | 2026_UAD _482990_4 Date:-24/02/2026 | निर्मलचंद जैन वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पुलिया नाली निर्माण सीमेंटीकरण, एवं पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। (पार्षद अनुशंसा ) | 04 माह 16.76 लाख | 2000/- 12577/- | 25/03/26 |


नोट :- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर

## चिंतन

# बच्चों और युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति चिंता का विषय

बच्चों, किशोरों और युवाओं में लगातार बढ़ रही आक्रामकता और हिंसा की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। लखनऊ, हरियाणा, गाजियाबाद समेत कई शहरों में हिंसक मामले सामने आए हैं। गाजियाबाद में तीन लड़कियों ने कथित गेम की लत के कारण आत्महत्या कर ली थी। वहीं, हरियाणा में भी एक दोस्त ने अपने साथी फाइनल इयर के छात्र की हत्या कर शव को जोहड़ में फेक दिया था। अब लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने ही गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अक्षत ने अपनी बहन के सामने ही घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। आरोपी का कहना है कि उसके पापा उसे डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन उसे लखनऊ में होटल खोलना था। इसी से नाराज होकर उसने पिता की हत्या कर दी। बता दें कि समाज का भविष्य बच्चे और युवा ही होते हैं। यदि इन्हीं के मन में आक्रोश, हिंसा और संवेदनहीनता घर करने लगे, तो यह केवल परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का संकट बन जाता है। बड़े शहरों में सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। ये घटनाएं अपवाद भर नहीं रहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति की ओर संकेत कर रही हैं। युवा मन ऊर्जा से भरा होता है। यदि इस ऊर्जा को सकारात्मक दिशा न मिले, तो वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले सकती है। आज के दौर में डिजिटल दुनिया बच्चों और किशोरों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। हिंसक वीडियो गेम, वेब सीरीज और सोशल मीडिया पर परोसी जा रही आक्रामक सामग्री धीरे-धीरे संवेदनशील मन पर प्रभाव डालती है। जब बच्चे बार-बार आभासी दुनिया में हिंसा को 'सामान्य' रूप में देखते हैं, तो उनके भीतर हिंसा के प्रति संवेदनशीलता कम होने लगती है। वे समस्या का समाधान संवाद के बजाय टकराव में खोजने लगते हैं। हालांकि हिंसा की जड़ केवल डिजिटल माध्यमों में तलाशना पर्याप्त नहीं होगा। पारिवारिक माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण कारक है। यदि घर में तनाव, कलह, नशे की प्रवृत्ति या कठोर अनुशासन का वातावरण हो, तो बच्चा असुरक्षित और उपेक्षित महसूस करता है। माता-पिता की अत्यधिक अपेक्षाएं भी कई बार बच्चों के मन में दबाव और कुंठा पैदा करती हैं। करियर को लेकर थोपे गए निर्णय, तुलना की संस्कृति और असफलता का डर उन्हें भीतर से तोड़ देता है। जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं, तो आक्रोश विस्फोटक रूप ले सकता है। स्कूल और सामाजिक परिवेश भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। हालांकि इसके समाधान की शुरुआत भी परिवार से ही होती है। बच्चों को अनुशासन सिखाना आवश्यक है, खुला संवाद सबसे प्रभावी उपाय है। माता-पिता यदि बच्चों की बात धैर्य से सुनें, उनके मित्र बनें और उनकी भावनाओं को स्वीकार करें, तो आधी समस्या वहीं समाप्त हो सकती है। मीडिया और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर संतुलित निगरानी भी जरूरी है। पूर्ण प्रतिबंध समाधान नहीं है, लेकिन समय और सामग्री पर नियंत्रण आवश्यक है। बच्चों को वैकल्पिक गतिविधियों-खेल, कला, संगीत, पठन की ओर प्रेरित करना चाहिए, ताकि उनकी ऊर्जा रचनात्मक दिशा में प्रवाहित हो। स्कूलों में भी काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे मानसिक दबाव को समय रहते साझा कर सकें।



यूएनओ
अखिलेश आर्येन्दु

# भारत की स्थायी सदस्यता से किसे लाभ

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर भी रोक लग सकेगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। पिछले दिनों ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अपने पुराने पैटर्न पर कायम रहते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के तुरंत सुधार की बात कही। उन्होंने सुरक्षा परिषद् में भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का समर्थन किया। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति ने जी4 यानी भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान समूह की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जी4 समूह संघ और परिषद में सुधार की वकालत करता है और एक-दूसरे की स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है।

ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि 20 से अधिक वर्षों से भारत, ब्राजील, जापान और जर्मनी ने जी4 नामक समूह बनाया है, जहां हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की वकालत करते हैं। ब्राजील प्रमुख का कहना था कि आज दुनिया-भर में जो हम देख रहे हैं, उनमें हस्तक्षेप करने के लिए यूएनओ के पास अधिक शक्ति और सामर्थ्य की जरूरत है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ को ज्यादा प्रतिनिधि वाला बनाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे, जिसमें दुनिया के और अधिक देश शामिल किए जाएं और भारत व ब्राजील को यूएनओ में स्थायी सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में स्थान मिले। अस्थायी और स्थायी सदस्यता की श्रेणियों को बढ़ाने से वैश्विक शासन की वैधता और प्रभावशीलता प्रदान करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने दोनों देशों के व्यापार और मैत्री को बढ़ाने के लिए जिस तरह की ठोस पहल की है, उससे दोनों देशों के बीच स्थायी मैत्री विकसित हुई है। भारत के मित्र देशों में ब्राजील और भारत की मैत्री दशकों से है लेकिन पिछले एक दशक में ब्राजील और भारत के बीच जिस तरह की आपसी विश्वासनीयता बढ़ी है, उससे दोनों देश कई क्षेत्रों में निकट आए हैं, जिससे विकास और प्रगति का पहिया तेजी से आगे बढ़ा है। देशों के बीच विश्वासनीयता का आधार आपसी सहमति और निकटता को लगातार गति देना रहता है। भारत और ब्राजील ने ऐसा करके दिखा दिया है। दोनों देश अलग-अलग संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बावजूद सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आपसी सहमति और विश्वसनीयता बढ़ी है। यह इसलिए भी है कि दोनों देश बहुपक्षवाद और शांति के समर्थक हैं। इतना ही नहीं, समावेशी और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को भारत ने अपनी नीतियों के साथ आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दुहराई। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों देश स्थायी सदस्यता के हकदार हैं। दोनों एक लोकतांत्रिक देश हैं और बहुत तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। ब्राजील भारत के लिए यूएनओ में स्थायी सदस्यता का मुद्दा जोर-शोर से उठाता रहा है और ब्राजील के लिए भी ऐसा ही भारत करता और कहता आया है। इसके पहले ब्राजील 2005 में जी4 प्रस्ताव के



पहले और बाद में यूएनजीए के सत्रों में यह मुद्दा उठाया था। ब्राजील इस मुद्दे पर मानता आया है कि भारत एक प्रमुख शक्ति के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा है इसलिए भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होने का प्रबल दावेदार और हकदार है। ब्राजील को भारत की जरूरत है तो भारत को ब्राजील की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों स्थायी सदस्यता इसलिए चाहते हैं कि कई वैश्विक मुद्दों पर, खासकर आतंकवाद, समुद्री डकैती, तस्करी, साइबर अपराध और तमाम जटिल वैश्विक समस्याओं से दोनों देश बराबर पीड़ित रहे हैं। दुनिया के तमाम देश कई विकट समस्याओं-खासकर आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से पीड़ित रहते हैं। इन दोनों देशों का यूएनओ का सदस्य बन जाने से कई जटिलताएं दूर हो सकती हैं। आज आतंकवाद सबसे जटिल वैश्विक मुद्दा है और पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा कारखाना है।

चीन पाकिस्तान का साथ देने के लिए अपने वीटो का इस्तेमाल कर पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित होने से बचा लेता है। भारत और ब्राजील यदि स्थायी सदस्यता हासिल कर लेंगे तो चीन की मनमानी नहीं चलेगी। इतना ही नहीं, पाकिस्तान का साथ देने की चीन की मंशा पर रोक तभी लग सकती है जब भारत और ब्राजील को भी वीटो करने या वीटो को रद्द करने का पूरा अधिकार मिल जाए। संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में जब लैटिन अमेरिकी देशों, कैरेबियन, एशिया और अफ्रीकी क्षेत्रों से विकासशील देशों को भी अधिक प्रतिनिधित्व होगा, तब अमेरिका की भी मनमानी करने से रोका जा सकेगा। भारत का इजराइल जितना ही विश्वसनीय देश ब्राजील भी है।


सुरक्षा परिषद का विस्तार होने पर इजराइल को भी यदि इसका स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है तो यह भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया महाद्वीप, लैटिन अमेरिका, अफ्रीकी देशों और अरब देशों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। भारत की स्थायी सदस्यता का मतलब दुनिया को आतंकवाद जैसी सबसे गम्भीर समस्या से निजात मिल सकेगी, क्योंकि उन देशों पर लगाम लगाने में सहुलियत होगी, जो आतंक और आतंकवादियों को संरक्षण और पोषण देने का कार्य करते हैं। तत्काल ब्राजील चाहता है कि भारत 2028-29 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया जाए। कुछ वर्षों से दुनिया में अशांति और कहीं-कहीं युद्ध के हालात बने हैं। इससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है। ऐसे में जरूरी है कि बहुपक्षवाद को मजबूती मिले और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और अन्य तंत्रों को तत्काल पुनर्जीवित किया जाए। भारत का अतीत बताता है कि इसने हमेशा दुनिया में शांति प्रयासों और आपसी मैत्रीपूर्ण नीति का समर्थन किया। यही कारण है कि भारत ने रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को शांतिपूर्ण नीतियों से हल करने या अमेरिकी दादागीरी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इससे दुनिया को यह संदेश गया कि भारत आज जिस स्थिति में है, उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता मिलनी ही चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है कि अमेरिकी दखल की वजह से विश्व मैत्री को बढ़ावा देने वाली इस संस्था की प्रासंगिकता धीरे-धीरे खत्म हो रही है। भारत की सदस्यता इसका सबसे बेहतर उपचार है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर उन देशों पर रोक लगेगी, जो भारत विरोधी देशों के समर्थन में देखे जाते थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## तकनीक

आशुतोष कुमार सिंह



# टेक्नोलॉजी से पोषण तकः बदल रही राशन वितरण की व्यवस्था

मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत लागू पोषण ट्रैकर आज दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्तपोषित पोषण निगरानी प्रणालियों में शामिल है। यह आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पोषण ट्रैकर सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि ऐसा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसने पहली बार महिलाओं और बच्चों से जुड़ी पोषण जानकारी को वास्तविक समय में दर्ज और समझना संभव बनाया है। आज यह 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को जोड़ता है और छोटे बच्चों की लम्बाई, वजन, कुपोषण के संकेत, साथ ही गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण स्थिति का रिकॉर्ड लगातार अपडेट करता है। कई राज्यों में यह किशोरियों की पहचान और उनके लिए दी जा रही सेवाओं को भी ट्रैक करता है। इससे 8 करोड़ से अधिक बच्चों, माताओं और किशोरियों का एक स्पष्ट पोषण प्रोफ़ाइल तैयार हो पाया है- खास तौर पर उन समूहों का, जिनमें कुपोषण की संभावना सबसे ज़्यादा हो सकती है। पोषण ट्रैकर ने आंगनवाड़ी सेवाओं की डिलीवरी को भी अधिक पारदर्शी बनाया है। पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी-भरकम रजिस्टरों में डेटा भरना पड़ता था, जिसे न समय पर देखा जा सकता था और न ही निर्णय-निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता था। अब वही जानकारी मोबाइल पर आसानी से दर्ज हो जाती है और तुरंत उपयोग के लिए उपलब्ध रहती है। इससे ब्लॉक, ज़िला, राज्य और केंद्र स्तर के अधिकारी समझ पाते हैं कि किस क्षेत्र में कुपोषण अधिक है, कहां सेवाएं कमजोर हैं और किन स्थानों पर तुरंत हस्तक्षेप की आवश्यकता है।




यह एक सतत सुधार वाली प्रणाली है, जिसने स्थानीय स्तर पर पोषण सेवाओं की पहचान और समय पर पहुंच के कई नए अवसर खोले हैं, क्योंकि टेक-होम राशन सीधे लाभार्थी तक पहुंचने वाली सेवा है, इसलिए इसे पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ई- केवाईसी और एफआरएस जैसी प्रक्रियाएं लाई गई हैं। इसका मूल उद्देश्य यही है कि सभी पात्र लाभार्थियों तक टेक-होम राशन सही मात्रा में और समय पर पहुंचे, साथ ही व्यवस्था में मौजूद संभावित लीकेज, मनमानी और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों को कम किया जा सके। ई-केवाईसी वह प्रक्रिया है जिसमें आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से पहचान सत्यापित होती है। यह एक बार की प्रक्रिया है, हर महीने इसे दोहराने की कोई आवश्यकता नहीं। एक बार हुए ई-केवाईसी से लाभार्थी का आजीवन डिजिटल पहचान रिकॉर्ड बन जाता है, जिससे सेवाएं निर्बाध मिलती हैं। दूसरी ओर, एफआरएस यह दर्ज करता है कि "कब–कहां–किसे" राशन मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऐप में लाभार्थी को चुनती हैं, लाइव फोटो लेती हैं, और सिस्टम उसे पहले से मौजूद तस्वीर से मिलाकर वितरण की पुष्टि करती है। यह प्रक्रिया ऑफ़लाइन मोड में भी चलती है, जिससे दूरदराज़ क्षेत्रों में भी वितरण की जांच आसानी से हो जाती है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात किसी भी बच्चों की फोटो नहीं ली जाती; उनके अभिभावक की पहचान ही पर्याप्त मानी जाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि 31 दिसम्बर 2025 तक 4.73 करोड़ पात्र राशन लाभार्थियों में से 4.51 करोड़ का ई- केवाईसी और आधार आधारित चेहरा मिलान पूरा हो चुका है। यह लगभग 95.4% कवरेज है, जो स्पष्ट दिखाता है कि वास्तविक लाभार्थी न तो ई- केवाईसी से परेशान हैं और न ही एफआरएस से। कम नेटवर्क की समस्या के समाधान के लिए फैस मैचिंग को ऑफ़लाइन मोड में भी एक्टिवेट किया गया है। इस पहल को केवल तकनीकी सुधार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा वितरण में विश्वास बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। पोषण ट्रैकर की सफलता ऐप या एल्गोरिद्म की नहीं, बल्कि विश्वास की कहानी है- एक ऐसी प्रणाली जहां लाभार्थी बिना भटकाव के अपना हक़ पाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का काम सरल हो और सरकार का हर संसाधन पारदर्शी रूप से सही व्यक्ति तक पहुंचे। पूरी दुनिया डिजिटल हो रही है और भारत इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य और पोषण जैसी जीवन-निर्भर सेवाओं का डिजिटल होना स्वाभाविक और आवश्यक है। इसलिए, यदि आप लाभार्थी हैं, तो इन पहलों को अपनाएं, दूसरों को भी जागरूक करें, और सुनिश्चित करें कि आपका अधिकार आपको बिना किसी बाधा के मिले। तकनीक तभी सार्थक है, जब वह अधिकारों को सुरक्षित और सुलभ बनाए, और पोषण ट्रैकर इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

(लेखक स्वस्थ भारत, पंजी, न्यास के चेयरमैन हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सब प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
## दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है- रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

# नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित
## प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हो, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## सटाका




## आज की पाती

### अमेरिकी टैरिफ पर सियासत नहीं, रणनीति की जरूरत

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सभी देशों पर पंद्रह प्रतिशत समान टैरिफ लगाने की घोषणा ने वैश्विक व्यापार जगत में नई हलचल पैदा कर दी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले दस प्रतिशत की बात हुई फिर चौबीस घंटे के भीतर पंद्रह प्रतिशत का ऐलान कर दिया गया। इस बदलाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अपनी घरेलू आर्थिक और राजनीतिक जरूरतों के अनुसार व्यापार नीति को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे समय में भारत को भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय राजनीति में इस मुद्दे को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इसे देश के साथ धोखा बताया और सरकार पर अमेरिकी दबाव में झुकने का आरोप लगाया।

*– कांतिलाल मांडोत, सूरत*


## ट्रेंड

### दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि



रांची से दिल्ली की ओर जा रहा एक एयर एंबुलेंस चतरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक समाचार मिला है। विमान में सवार सभी सात लोगों के निधन की पुष्टि हुई है। इस असामयिक दुर्घटना में दिवंगत सभी आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### अमेरिकी डील रद्द करें



मोदी जी, खुली चुनौती है - भारत-अमेरिका व्यापार सौदा रद्द करें। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के फैसले को रद्द कर दिया, सभी देशों ने अपने फैसले पर फिर से बातचीत की,आप क्यों शामिल हैं? सारा देश जानता है कि आप ये नहीं कर सकते - क्योंकि आप अमेरिकी पकड़ में सरेंडर कर चुके हैं।
**- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

### जन-आकांक्षाओं का बजट



झारखंड की जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लाया गया यह अबुआ दिशोम बजट 2026-27 है। वर्ष 2050 तक युवा झारखंड का समृद्ध बनने का सफर सुगम एवं तीव्रता से भरा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए हैं।
**- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड**

### निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण



बीजेपी और आरएसएस की मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनाओं की व्याख्या में करुणा की बजाय नफरत झलकती है। एक ज़रूरतमंद महिला को कंबल देने से वंचित करना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।
**- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

## करंट अफेयर

# ब्रह्मांड के विशाल तारे में विस्फोट होने की आशंका


ब्रह्मांड के सबसे बड़े ज्ञात तारों में से एक डब्ल्यूओएच जी64 में वर्ष 2014 में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया गया और नए शोध के अनुसार इसमें विस्फोट होने की आशंका है। एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के गोंजालो मुन्योस–सांचेज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि यह तारा अपनी लाल विशाल अवस्था से दुर्लभ पीली अतिविशाल अवस्था में प्रवेश कर चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बदलाव तारे के जीवन के अंतिम चरण का संकेत हो सकता है। अति–विशाल अवस्था में पहुंचने के बाद तारे का जीवन आमतौर पर महाविस्फोट के साथ समाप्त होता है। यह अध्ययन 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुआ है। डब्ल्यूओएच जी64 की खोज 1970 के दशक में 'लार्ज मैनेलैनिक क्लाउड' में हुई थी, जो हमारी आकाशगंगा के निकट स्थित एक बौनी आकाशगंगा है। यह तारा अत्यंत चमकीला और असाधारण रूप से विशाल है, जिसका आकार सूर्य की त्रिज्या से लगभग 1,500 गुना अधिक आंका गया है। वर्ष 2024 में अत्यंत विशाल दूरदर्शी 'इंटरफेरोमीटर' की मदद से इसकी विस्तृत तस्वीर ली गई, जिसमें इसके चारों ओर धूल का घना आवरण दिखाई दिया। इससे संकेत मिला कि यह तारा उम्र बढ़ने के साथ अपना द्रव्यमान तेजी से खो रहा है।



## ऑफ बीट

# आपके अस्थमा को बर्गर व चिप्स करते हैं प्रभावित

कुछ खाद्य पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं। भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका पफ़र कितनी अच्छी तरह काम करता है। यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए। अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है। जब कोई व्यक्ति कुछ ट्रिगर्स (जैसे श्वसन वायरस, धूल या व्यायाम) के संपर्क में आता है, तो फेफड़ों तक जाने वाले वायुमार्ग में प्रदाह होता है और यह संकीर्ण हो जाते हैं। अस्थमा से पीड़ित वयस्कों के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाना भी महत्वपूर्ण है। संतृप्त वसा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे बिस्कुट, सॉसेज, पेस्ट्री और चॉकलेट और फास्ट फूड में पाए जाते हैं। संतृप्त वसा, साथ ही चीनी और लाल मांस से भरपूर आहार किसी के अस्थमा के लक्षणों को बिगाड़ सकता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# दुनिया की वो नदी, जो एक साथ बहती है दो दिशाओं में

ओटावा। नदियां हमेशा से प्रकृति के सबसे बड़े चमत्कारों में से एक रही हैं। ये पहाड़ों से निकलकर समुद्र तक बहती हैं, जीवन देती हैं और कभी-कभी ऐसे रहस्य छुपाती हैं जो सदियों से वैज्ञानिकों को हैरान करते रहे हैं। आमतौर पर नदियां एक ही दिशा में बहती हैं– ऊंचाई से नीचे की ओर, गुरुत्वाकर्षण के नियमों का पालन करते हुए। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में ऐसी एक नदी है जो एक ही समय में दो अलग-अलग दिशाओं में बहती है? जी हां, ये कोई कल्पना नहीं, बल्कि कनाडा की इचिमामिश नदी का वास्तविक रहस्य है।

स्थानीय भाषा में इसका नाम ही 'पानी जो दोनों तरफ बहता है' रखा गया है। यह नदी कनाडा के जंगलों में बहती है और यहां से पानी एक तरफ हडसन बे की ओर जाता है तो दूसरी तरफ अलग दिशा में। वैज्ञानिक इसे 'रिवर बिफुरकेशन' कहते हैं, जहां एक नदी दो या ज्यादा शाखाओं में बंट जाती है। लेकिन, इचिमामिश का मामला अलग है– यहां ढाल इतनी कम है (0.009 प्रतिशत से भी कम) कि पानी दोनों दिशाओं में कैसे बहता है, ये समझना मुश्किल है। नासा ने भी इस नदी की सैटेलाइट तस्वीरें ली हैं, जो इसकी अनोखी प्रकृति को दर्शाती है।

## साइंटिस्ट भी नहीं सुलझा पाए रहस्य




### क्या कहते हैं वैज्ञानिक?

वैज्ञानिकों के मुताबिक, ये घटना तब होती है जब एक नदी दूसरी नदी का पानी आंशिक रूप से कैप्चर कर लेती है, लेकिन पूरी तरह नहीं। इसे 'इनकम्पलीट रिवर कैप्चर' कहा जाता है। लेकिन, इचिमामिश में ये प्रक्रिया इतनी परफेक्ट है कि पानी दोनों ओर बराबर बहता रहता है। हाल के अध्ययनों में अमेरिका और दक्षिण अमेरिका की कई ऐसी नदियों का जिक्र है जो हाइड्रोलॉजी के नियम तोड़ती नजर आती हैं। जैसे वेनेजुएला और सूरीनाम में कुछ नदियां अप्रत्याशित तरीके से बंटती हैं। लेकिन, इचिमामिश सबसे ज्यादा रहस्यमयी है क्योंकि इसका ढाल न्यूनतम है, फिर भी पानी का प्रवाह मजबूत है। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि ये प्राकृतिक वर्महोल जैसा है– जहां पानी दो अलग वाटरशेड में बंट जाता है।



### हो चुकी है कई स्टडी

इस राज को सुलझाने के लिए कई स्टडी की जा चुकी है। एक अध्ययन में इसे 'हाइड्रोलॉजिक इक्विवेलेंट ऑफ ए वर्महोल बिटवीन टू गैलेक्सीज' तक कहा गया है। वैज्ञानिकों ने 9 ऐसी अनियमित नदियों और झीलों का विश्लेषण किया, जहां पानी अपेक्षित नियमों के विपरीत बहता है। इचिमामिश इसमें सबसे ऊपर है। भारत में भी ऐसी कहानियां हैं। नर्मदा नदी को उल्टी बहने वाली नदी कहा जाता है– ये पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है, जबकि ज्यादातर नदियां पश्चिम से पूर्व जाती हैं। लेकिन. ये 'दो दिशाओं में एक साथ' नहीं बहती है। नर्मदा का रहस्य रिफ्ट वैली से जुड़ा है, जो वैज्ञानिक रूप से समझाया जा चुका है। पौराणिक कथाओं में इसे कुंवारी नदी कहा जाता है, जिसने शादी नहीं की, इसलिए उल्टी दिशा में बहती है। लेकिन, इचिमामिश का मामला अलग है।

---

**एक ऐसा अनोखा बार**

# ड्रिंक ऑर्डर करने से पहले होता है हेल्थ चेकअप

**बीजिंग।** चीन के शंघाई में एक अनोखा बार खुला है, जहां ड्रिंक देने से पहले ग्राहकों का हेल्थ चेकअप किया जाता है और उनकी सेहत के अनुसार कॉकटेल तैयार की जाती है। यह नया 'पंक वेलनेस' ट्रेंड युवाओं को मौज-मस्ती के साथ सेहत के प्रति जागरूक होने का भी मौका दे रहा है। आज के बड़े शहरों में युवाओं की जिंदगी तेज रफ्तार से दौड़ रही है। लंबे काम के घंटे, कॅरियर का दबाव, देर रात तक जागना और फास्ट फूड जैसी आदतें आम हो चुकी हैं। ऐसे माहौल में लोग थोड़ा सुकून और सेहत दोनों साथ में चाहते हैं। इसी जरूरत को समझते हुए चीन के शहर शंघाई में एक अनोखी शुरुआत हुई है यहां एक ऐसा बार खुला है, जहां ड्रिंक ऑर्डर करने से पहले आपकी सेहत की जांच की जाती है।

शंघाई में कुछ बार ऐसे हैं जहां 'हेल्थ कॉकटेल' देने से पहले पारंपरिक चीनी चिकित्सा के आधार पर लोगों की पल्स जांची जाती है। एक पोस्टग्रेजुएट छात्रा, हेलन झाओ, जब इस बार में पहुंचती हैं तो सबसे पहले वह अपने दोनों हाथ आगे बढ़ाती हैं। डॉक्टर उनकी पल्स देखकर उनके शरीर की स्थिति समझते हैं।



### पंक वेलनेस का बढ़ता चलन

आज के युवा पंक वेलनेस नाम की सोच को अपना रहे हैं। इसका मतलब होता है व्यस्त और तनाव भरी जिंदगी के बीच भी सेहत को पूरी तरह नजर अंदाज ना करना। 26 वर्षीय झाओ बताती हैं कि उनकी जिंदगी आम युवाओं जैसी ही है। देर रात तक काम करना और बाहर का खाना खाना। लेकिन, काम के बाद एक ड्रिंक लेते समय अगर उन्हें अपनी सेहत के बारे में थोड़ी जानकारी भी मिल जाए तो उन्हें सुकून और उम्मीद दोनों मिलते हैं। युवाओं के लिए यह जगह सिर्फ मौज-मस्ती का स्थान नहीं, बल्कि अपनी सेहत के प्रति जागरूक होने का एक नया तरीका बनती जा रही है।

### पारंपरिक चिकित्सा और शराब का पुराना रिश्ता

बार के टीसीएम विशेषज्ञ बताते हैं कि जड़ी-बूटियों और शराब का मेल कोई नई बात नहीं है। पारंपरिक चीनी चिकित्सा में मेडिसिनल वाइन यानी औषधीय शराब का जिक्र काफी पुराना है। हालांकि, वह साफ करते हैं कि इस बार का मकसद किसी बीमारी का इलाज करना नहीं है। इसका उद्देश्य सिर्फ लोगों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक बनाना है। यहां दी जाने वाली ड्रिंक्स एक तरह से स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देती हैं।

---

## स्पेसक्राफ्ट को चांद पर उतरना था

# धरती पर बैठे-बैठे कैसे जिंदा जल गए तीन एस्ट्रोनॉट्स?

**मास्को।** पहली बार चांद पर उतरने की तैयारी थी। एक डेडलाइन थी। साइंटिस्ट दिन रात काम कर रहे थे। यान का टेस्ट हो रहा था। तीन एस्ट्रोनॉट्स अंदर बंद किए गए। ऑक्सीजन फुल थी। पावर अंदर वाली चालू थी। सारा कुछ चांद जैसा। अचानक एक एस्ट्रोनॉट की सीट के नीचे कुछ हुआ... तीनों एस्ट्रोनॉट्स जिंदा जल गए। अब एक बार फिर जब इंसान धरती पर कदम रखने के लिए बेकरार है तो टेस्ट की भेंट चढ़े उन तीन एस्ट्रोनॉट्स को नहीं भूलना चाहिए, जो अपनी जान देकर भविष्य के मून मिशन की नींव तैयार कर गए।

बात उस समय की है जब 1961 में सोवियत संघ (आज के रूस) ने दुनिया का पहला सैटलाइट लॉन्च किया था। यूरी गागरीन स्पेस में जाने वाले पहले इंसान बने। अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन केनेडी को यह सब अच्छा नहीं लगा। वह एक्सीलेरेटर तेज कर अमेरिका को आगे ले जाना चाहते थे। उसी साल उन्होंने संसद में घोषणा कर दी कि हम इसी दशक में चांद पर उतरेंगे और वापस धरती पर आएंगे। अपोलो 8 मिशन के बिल एंडर्स एक इंटरव्यू में बताते हैं कि अमेरिकी टेक्नोलॉजी को सुप्रीम कैसे दिखाया जाए, इसको लेकर काफी प्रेशर था। अमेरिकी टैक्सपेयर्स खासतौर से आयोवा के संपन्न किसान चाहते थे कि अमेरिका जीते।





### 7 दिन 12-12 घंटे की शिफ्ट में काम

किसी ने ऐसा कुछ पहले नहीं उड़ाया था। एक ऐसे विशालकाय रॉकेट को तैयार करना था जो एस्ट्रोनॉट्स की स्पेसशिप को धरती की कक्षा से बाहर पहुंचा सके। स्पेसशिप में ही कमांड, सर्विस मॉड्यूल और सबसे मुश्किल लुनार मॉड्यूल को बनाना था। लुनार मॉड्यूल में बैठकर एस्ट्रोनॉट्स चांद की सतह पर उतरने जा रहे थे, जो मदरशिप से निकलकर चांद पर लैंड करता। जैसे-जैसे देरी हो रही थी, साइंटिस्टों पर दबाव बढ़ रहा था। वे सातों दिन 12-12 घंटे की शिफ्ट कर रहे थे। वे बहुत तेज काम करने लगे थे।

### अंदर काफी तारों के बंडल थे

एक दिन लॉन्चपैड पर अपोलो-वन कैप्सूल क्रेन से लाया गया. अपोलो कमांड और सर्विस मॉड्यूल का टेस्ट किया जाना था। मिशन के लीडर गस ग्रीसम थे। स्पेस में उड़ने वाले वह दूसरे अमेरिकी थे। जब उन्होंने अपने स्पेसक्राफ्ट की जांच की तो निराश हो गए। साथी एस्ट्रोनॉट जॉन यंग ने उनसे कहा कि खराब वायरिंग की आप शिकायत कीजिए। उन्होंने कहा कि ये देखिए यहां तारों के बंडल हैं। ये इधर-उधर लपेटे गए हैं, लेकिन गस ने कहा कि अगर मैं कुछ भी शिकायत करूंगा तो वे मुझे निकाल देंगे। गस को तब समझ में नहीं आया कि उनकी जान खतरे में है। तीनों एस्ट्रोनॉट्स का ग्रुप फोटो लिया गया। 27 जनवरी को गस ग्रीस अपोलो 1 के क्रूमेट्स से मिले. उन दोनों का नाम था- एड वाइट, रोजर चैफी।

### तीन बिल्डिंग में बात नहीं कर पा रहे...

गस ग्रीसम ने झल्लाते हुए कहा कि अगर हम तीन बिल्डिंग्स के बीच बात नहीं कर पा रहे हैं तो चांद पर कैसे जा रहे हैं? जीसस क्राइस्ट। वे अंदर इंतजार करते रहे कि वर्कर्स जल्द ही रेडियो ठीक कर देंगे तभी बड़ा हादसा हो गया। ग्रीसम की सीट के नीचे एक तार में स्पार्क हुआ और आग लग गई। ऑक्सीजन से भरा यान अंदर ही अंदर जलने लगा। उस समय शाम के 6.31 बजे थे। शुक्रवार का दिन था। बाकी साइंटिस्ट कैमरा मॉनिटर में आग की लपटें देख रहे थे। कुछ ही देर में धमाका हो गया। तीनों एस्ट्रोनॉट्स की मौत हो गई। इस तरह से अपोलो 1 मिशन भयानक त्रासदी में खत्म हो गया। आगे मॉड्यूल के डिजाइन में भारी बदलाव किए गए। 20 जुलाई 1969 को आखिरकार नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन ने चांद पर कदम रखा। वो सफल मिशन अपोलो 11 था।

---

# जकार्ता में सजता है सांप के मीट का सबसे बड़ा बाजार



**जकार्ता।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में एक ऐसा बाजार है जो दुनिया भर में अपनी अनोखी और शॉकिंग वजह से मशहूर है। यहां सांप के मीट का सबसे बड़ा और खुला बाजार लगता है। मंग्गा बेसर इलाके की सड़कों पर शाम ढलते ही स्टॉल्स सज जाते हैं, जहां जिंदा कोबरा और दूसरे सांप बिकते हैं। लोग अपनी मर्जी से सांप को कटवाते हैं।

यह बाजार ना सिर्फ लोकल लोगों के लिए, बल्कि चाइनीज और दूसरे एशियाई पर्यटकों के बीच भी काफी पॉपुलर है, क्योंकि यहां कोबरा, कोबरा ब्लड शॉट्स और कोबरा पकोड़े जैसी चीजें मिलती हैं। यह सब कैसे शुरू हुआ? दक्षिण-पूर्व एशिया में सांप का मीट और खून सदियों से पारंपरिक दवा के रूप में इस्तेमाल होता रहा है। लोग मानते हैं कि कोबरा का खून स्टैमिना बढ़ाता है, पित्त त्वचा रोग ठीक करता है और मीट एनर्जी देता है। जकार्ता में ये कल्चर काफी मजबूत है, खासकर मंग्गा बेसर जैसे इलाकों में जहां स्ट्रीट वेंडर्स शाम 5-6 बजे से रात 2 बजे तक स्टॉल लगाते हैं।

### इतनी है कीमत

एक सेट मेन्यू में कोबरा, ब्लड और बाइल (पित्त) मिलता है, जिसकी कीमत करीब 90,000 से 300,000 इंडोनेशियन रुपिया (लगभग 500-2000 रुपए) होती है। किंग कोबरा पैकेज महंगा पड़ता है, क्योंकि ये जहरीला और दुर्लभ माना जाता है। हाल ही में वीडियो वायरल हुआ, जिसमें जकार्ता के एक रोडसाइड स्टॉल पर कोबरा पकोड़े, स्नेक ब्लड और नूडल जैसी डिशेज दिखाई गई। वीडियो में साफ दिखता है कि क्रेट में जिंदा सांप रखे हैं और कस्टमर की डिमांड पर उन्हें तुरंत काटकर तैयार किया जाता है।

---

# 6 लाख मील का सफर और 52 साल का इंतजार, चांद की ओर बढ़ेंगे चार जांबाज

**वॉशिंगटन।** नासा 6 मार्च को आर्टेमिस II मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर भेजने की तैयारी में है। यह पहला मानवयुक्त मिशन होगा जो 1972 के अपोलो मिशन के बाद चंद्रमा के पास जाएगा। नासा 6 मार्च को चंद्रमा की ओर चार अंतरिक्षयात्रियों को भेजने की तैयारी कर रहा है। ये मिशन आर्टेमिस II के तहत होगा और इसे लेकर नासा काफी उत्साहित है। फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर में नासा की बड़ी रॉकेट अब लॉन्च पैड पर तैयार है। इस रॉकेट की ऊंचाई 322 फीट है और इसे सफलतापूर्वक ईंधन भरने के बाद लॉन्च की संभावित डेट 6 मार्च तय की गई है।

### 6 मार्च को नासा रचेगा इतिहास...



### तैयार है नासा

नासा की कार्यकारी निदेशक लॉरी ग्लेज ने कहा कि मिशन की तैयारी अब गंभीर हो गई है और सभी को उत्साहित होने का समय आ गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अभी कुछ काम बाकी हैं। लॉन्च पैड पर अंतिम तैयारियों और सुरक्षा जांच के लिए कई दिन की फ्लाइट रीडिनेस रिव्यू करनी होगी. ये सुनिश्चित करेगा कि मिशन का हर पहलू पूरी तरह से तैयार है और कोई खतरा नहीं है।

### क्या है ये मिशन?

आर्टेमिस II मिशन में चार अंतरिक्षयात्री लगभग 6,00,000 मील की यात्रा करेंगे. इस मिशन में एस्ट्रोनॉट चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाएंगे और फिर वापस पृथ्वी लौट आएंगे। यह मिशन खास है क्योंकि यह 1972 के अंतिम अपोलो मिशन के बाद मानव द्वारा चंद्रमा की ओर पहला यात्रा है। एस्ट्रोनॉट्स को इस यात्रा से पहले संक्रमण और बीमारियों से बचाने के लिए लगभग दो सप्ताह का क्वारंटीन रखा गया है।

### पहले से कर लिया है अभ्यास

पिछले परीक्षण में नासा ने रॉकेट में ईंधन भरने का अभ्यास किया था। उस दौरान लिक्विड हाइड्रोजन में रिसाव जैसी समस्याएं आई थी। हालांकि, कुछ सील बदलने और अन्य कार्यों के बाद ये समस्याएं हल कर दी गई हैं।हालिया काउंटडाउन प्रैक्टिस भी सफल रहा है, हालांकि लॉन्च कंट्रोल सेंटर में ग्राउंड कम्युनिकेशन में थोड़ी बाधा आई थी, जिसे बैकअप का उपयोग कर संभाला गया था। आर्टेमिस II के एस्ट्रोनॉट्स में नासा के रीड विसमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टिना कोच और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के जेरमी हैंसन शामिल हैं।सभी अंतरिक्षयात्री मिशन के लिए काफी उत्साहित हैं और तैयारी के दौरान उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों और यात्रा की रोमांचक संभावनाओं पर चर्चा की है। नासा अधिकारियों के मुताबिक, 6 मार्च के संभावित लॉन्च को लेकर सभी निगरानी और सुरक्षा तैयारी पूरी तरह से सुनिश्चित की जा रही है।

---

# मौत से ठीक पहले हर मरीज बोलता है ये 9 शब्द, नर्स का सनसनीखेज खुलासा

**न्यूयार्क।** अमेरिका में फ्लोरिडा की रहने वाली 29 वर्षीय नर्स किर्स्टी रॉबर्ट्स ने पिछले 4 सालों में अनगिनत लोगों को अपनी आंखों के सामने दम तोड़ते देखा है। किर्स्टी का दावा है कि मौत की आगोश में समाने से ठीक पहले हर इंसान के व्यवहार में एक ऐसा 'आध्यात्मिक बदलाव' आता है, जिसे आज तक चिकित्सा विज्ञान भी नहीं समझा पाया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया वीडियो के जरिए उन शब्दों का खुलासा किया है, जो लगभग हर मरीज अपने आखिरी वक्त में बोलता है और ये शब्द किसी को भी अंदर तक झकझोर सकते हैं। किर्स्टी के अनुसार, अस्पताल में भर्ती मरीज की हालत चाहे कैसी भी हो, उसके वाइटल्स स्थिर हों या डॉक्टर उसे खतरे से बाहर बता रहे हों, लेकिन मरीज को खुद अपनी मौत का पूर्वाभास हो जाता है। उन्होंने बताया कि मरने वाला हर व्यक्ति लगभग एक ही बात कहता है, कृपया मेरे परिवार को बताना कि मैं उनसे प्यार करता हूं, मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा है और मुझे पता है कि मैं मरने वाला हूं। चौंकाने वाली बात यह है कि जैसे ही कोई मरीज ये शब्द बोलता है, उसके कुछ ही समय बाद उसकी मौत हो जाती है। किर्स्टी कहती हैं कि यह एक ऐसी स्थिति है, जहां दवाइयां और टेस्ट फेल हो जाते हैं, क्योंकि आत्मा को शायद विदाई का संकेत पहले ही मिल चुका होता है।



### चौंकाने वाली है नर्स की बातें

वे बताती हैं कि उन्होंने चार साल के करियर में कई बार देखा है कि मरीज के शरीर के सभी पैरामीटर्स बिल्कुल सामान्य होते हैं, कुछ भी ऐसा नहीं होता जो जानलेवा दिखे, लेकिन अचानक वह शिफ्ट होता है, जिसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है। अन्य मेडिकल प्रोफेशनल्स ने भी किर्स्टी के इस एक्सपीरिएंस का समर्थन किया है। एक पूर्व हॉस्पिस नर्स ने कमेंट किया, 'वह बिल्कुल सही कह रही हैं, मरीजों को हमेशा पता होता है।' एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उसके चाचा के वाइटल्स अच्छे थे, फिर भी उन्होंने अपनी मौत की सटीक भविष्यवाणी कर दी थी। मृत्यु के साथ इस तरह का सामना करना किर्स्टी के लिए कभी आसान नहीं रहा। वे कहती हैं, 'मरीजों के साथ गहरा रिश्ता बन जाता है, उनके परिवारों के साथ हम वक्त बिताते हैं, इसलिए उन्हें खोना हमेशा दर्दनाक होता है। लेकिन, समय के साथ आप इसे वास्तविकता के रूप में स्वीकार करना सीख जाते हैं।'

### लोगों को सोचने पर कर दिया है मजबूर

किर्स्टी का मानना है कि जीवन केवल भौतिक चीजों को इकट्ठा करने के बारे में नहीं है, क्योंकि अंत में हम सब कुछ यहीं छोड़ जाते हैं।उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि वे ईश्वर से प्रेम करें, दूसरों की परवाह करें और जो कुछ भी उनके पास है उसके लिए आभारी रहें, क्योंकि अंत समय में केवल प्यार और रिश्ते ही साथ रह जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखें तो कई बार शरीर के अंग फेल होने से पहले मस्तिष्क को संकेत भेजते हैं, जिससे घबराहट या बेचैनी महसूस हो सकती है। हालांकि, किर्स्टी जिस आध्यात्मिक अनुभव की बात कर रही हैं, वह विज्ञान की समझ से थोड़ा परे है। नर्सों का यह अनुभव बताता है कि मृत्यु केवल एक शारीरिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक गहरा भावनात्मक और रूहानी सफर भी है। किर्स्टी की इस दास्तां ने दुनिया भर के लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या वाकई इंसान को अपनी विदाई का समय पहले ही महसूस हो जाता है?

---

# 3 मार्च को लगेगा साल का पहला चंद्रग्रहण, भारत में देगा दिखाई

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहला चंद्रग्रहण जल्द ही मार्च के महीने में लगने जा रहा है। यह ग्रहण फाल्गुन पूर्णिमा तिथि के दिन लगेगा।।साल का पहला चंद्रग्रहण भारत में भी दिखाई देगा। यह चंद्रग्रहण 3 मार्च को लगने जा रहा है। तीन मार्च को साल 2026 का पहला चंद्रग्रहण लगेगा। यह एक पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जिसे पूरे एशिया और ऑस्ट्रेलिया में देखा जा सकता है। साथ ही पैसिफिक द्वीपों और उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका में भी यह दिखेगा। भारतीय समयानुसार, यह चंद्रग्रहण दोपहर 3.20 बजे से लेकर शाम 06.47 बजे तक रहेगा। लंबी अवधि के कारण ग्रहण अलग-अलग टाइम जोन में दिखेगा। पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान चांद नारंगी रंग का दिख सकता है। इस घटना को ब्लड मून कहा जाता है। पृथ्वी के वातावरण द्वारा सूरज की रोशनी को चांद पर बिखरने की वजह से ऐसा होता है।

### कब और क्यों लगता है चंद्रग्रहण?

पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है। चंद्रमा एक उपग्रह है, जो धरती की परिक्रमा करता है। इस दौरान जब सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है, तो सूर्य की रोशनी चंद्रमा तक नहीं पहुंच पाती है। इससे धरती की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। इस खगोलीय घटना को चंद्र ग्रहण कहा जाता है। पूर्णिमा के दिन यह खगोलीय घटना होती है। हिन्दू पंचांग के मुताबिक, प्रत्येक महीने के शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि को पूर्णिमा पड़ती है।



### कितने तरह के होते हैं चंद्रग्रहण?

चंद्रग्रहण तीन प्रकार के होते हैं। यह इस पर निर्भर है कि सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध में किस तरह हैं। आंशिक चंद्रग्रहण, पूर्ण चंद्र ग्रहण और उपछाया चंद्रग्रहण होता है। पूर्ण चंद्रग्रहण तब लगता है, जब पूरे चंद्रमा की सतह पर धरती की छाया पड़ती है। आंशिक चंद्रग्रहण के दौरान सिर्फ चांद का एक भाग पृथ्वी की छाया में प्रवेश करता है। चंद्रमा के धरती की तरफ वाले हिस्से पर धरती की छाया काली दिखाई देती है।

### भारत में कब और कितने समय के लिए दिखेगा चंद्रग्रहण?

भारत में चंद्रग्रहण की कुल अवधि 25 मिनट की होगी। दरअसल, भारतीय समय के मुताबिक, 3 बजकर 20 मिनट पर ग्रहण शुरू हो जाएगा और शाम में 6 बजकर 47 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। दिल्ली में चंद्रोदय शाम में 6 बजकर 22 मिनट पर होगा, जिसके बाद ही ग्रहण भारत के शहरों में दिखाई देगा। ऐसे में भारत में चंद्रग्रहण की कुल अवधि 25 मिनट की ही रहेगी। बता दें कि भारत के अन्य शहरों में चंद्रोदय के समय के मुताबिक, ग्रहण दिखने की अवधि अलग-अलग हो सकती है।

# होलाष्टक प्रारंभ, फिर भी गूंज रही शहनाई

## पुरानी परंपराएं ध्वस्त, हो रहे शुभकार्य

जबलपुर।

मंगलवार 24 फरवरी से होलाष्टक प्रारंभ हो चुका है और इसके साथ ही वर्षों पुरानी परंपरा के तहत शुभ कार्यों पर रोक लग गई। आठ दिन तक चलने वाले होलाष्टक में शुभ कार्य नहीं किये जाते, लेकिन इस साल नई पीढ़ी पुरानी परंपरा को दरकिनार कर शादी विवाह सहित अन्य शुभ कार्य होलाष्टक में कर रहे है, दरअसल इसको लेकर भी पंडितों में मतभिन्नता आ गई हैं। पंचाग में भी होलाष्टक के दौरान 27 फरवरी तक विवाह सहित अन्य शुभकार्य के मुर्हूत निकाले गए हैं, लिहाजा सभी शुभ काम चल रहे हैं। ज्योतिषाचार्य



पी.एल. गौतमाचार्य के मुताबिक होलाष्टक का हफ्ता अशुभ माना जाता है। इस कारण इन आठ दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं किये जाते हैं। इस दौरान विवाह, चौक, मुण्डन, गृह प्रवेश, उपनयन संस्कार, नामकरण, सगाई आदि कुछ नहीं होता। वहीं नई वस्तुओं की खरीददारी और घर मकान खरीदने में कोई दोष नहीं होता। ये संस्कारों में नहीं आते। 27 फरवरी के बाद अब 4 मार्च से 25 मार्च तक पुनः विवाह के मुर्हूत शुरु होंगे।

### होलिका दहन 2 को

इस बार दो पूर्णिमा होने से दोज की तिथि एक दिन आगे बढ़ गई है। होलिका दहन 2 मार्च को ही होगा। इसी दिन व्रत की पूर्णिमा होगी और अगले दिन स्नानदान पूर्णिमा रहेगी। लिहाजा, 2 मार्च की रात्रि में 10.44 बजे होलिका दहन करने का मुर्हूत है। धुरेड़ी का पर्व 3 मार्च को मनाया जाएगा।

## निगमायुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा

# जल, लोककर्म, सीवर, उद्यान, फायर, स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को प्रभावी बनाने के साथ ही राजस्व वसूली में तेजी लाने संबंधितों को दिये निर्देश

**जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आज विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की सुंदरता और जनसुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं को दिये गए समय सीमा में पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने दो महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स नर्मदा प्रसादम और परिषद हॉल के निर्माण को लेकर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में बताया कि इन प्रोजेक्ट्स के लिए टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाये, जिससे कार्यों में गति आ सके।



समीक्षा बैठक में शहर को व्यवस्थित करने के लिए निगमायुक्त ने अमृत योजना और अन्य जल प्रदायों के कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि गर्मियों से पहले सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। मुख्य चौराहों और डिवाइडरों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ शहर की लाइटिंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने के साथ-साथ शहर के सभी प्रवेश मार्गो को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा के दौरान सफाई व्यवस्था को भी और प्रभावी बनाने और सभी सफाई ठेकेदारों, अधिकारियों को सुबह 2 घंटे भ्रमण कर सफाई कराने के निर्देश दिये। बैठक में निगमायुक्त ने निगम के राजस्व को बढ़ाने के लिए वसूली अभियान को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया तथा राजस्व अमले को वसूली अभियान को और सख्ती के साथ करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण यंत्री, सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# तहसील कार्यालय की मनमानी पर भड़का आक्रोश

**पनागर के किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**

**जबलपुर।** पनागर तहसील में पदस्थ अधिकारियों- कर्मचारियों की कथित लापरवाही, मनमानी से त्रस्त किसानों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। भारतीय किसान संगठन के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम अभिषेक सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि तहसीलदार, आरआई, पटवारी एवं अन्य कर्मचारी सप्ताह में केवल कुछ दिन ही कार्यालय आते हैं, जिससे फौती, नामांतरण, बटांकन जैसे महत्वपूर्ण राजस्व प्रकरण लंबे समय से लंबित पड़े हैं। किसानों को पेशी पर बुलाया जाता है, लेकिन सुनवाई नहीं होती, जिससे उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसानों ने तहसील परिसर में व्याप्त गंदगी, महिला प्रसाधन की अनुपलब्धता और बढ़ती दलाली प्रथा पर भी नाराजगी जताई। साथ ही स्कूलों की तर्ज पर पंचायत कार्यालयों में ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू करने तथा पटवारियों की सप्ताह में कम से कम तीन दिन अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की।इस अवसर पर भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विवेक पटेल, जिला अध्यक्ष रामराज पटेल (खजरी), नवीन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष पाटन सुरेश पटेल, विनोद पटेल, जितेंद्र पटेल, नरेश पटेल, मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# राधे-राधे से गूंज उठी चेरीताल की गली-गली

## श्री चैतन्य महाप्रभु जयंती महोत्सव अंतर्गत निकली प्रभात फेरी हरिनाम संकीर्तन यात्रा

**जबलपुर।** राधे राधे गोविन्द गोविन्द राधे, आज ब्रज में होरी रे रसिया, होरी खेलन आयो नंदलाल राधा संग सखियों से, सीताराम सीताराम सीताराम कहिए, गोपाला गोपाला गोपाला मुरली मनोहर नंदलाला हरिनाम संकीर्तन करते रसिक भक्त वृंद, छतों अटारियों से पुष्प वर्षा करती महिलाएं, आरती उतार कर लड्डू गोपाल, श्री चैतन्य महाप्रभु की पूजा अर्चना करते हुए भक्तों ने चेरीताल में सरस्वती कॉलोनी, वसुंधरा कॉलोनी शिव नगर, हनुमान मंदिर पंजाब बैंक कालोनी, परिजात बिल्डिंग, राम मंदिर की गलियों में श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल मिलौनीगंज,श्रीराधा नाम संकीर्तन मंडल की संकीर्तन मंडलियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु ढोलक मंजीरे झांझ के साथ नाचते गाते हुए,हरिनाम जाप करते गली गली सनातन संस्कृति की अलख जगाते हुए सुबह सुबह 6 बजे से चेरीताल में प्रभात फेरी निकली गई।रथ पर सवार भगवान श्री कृष्ण विग्रह का जगह जगह पुष्प वर्षा, आरती,स्वागत कर प्रसाद



वितरण किया।

हरिनाम संकीर्तन यात्रा में संतोष अग्रहरि, सत्य प्रकाश सराफ,देवव्रत सोनी , पार्षद प्रतिभा भापकर, डॉ आर के नेमा,श्याम गुप्ता, नवदीप पटवा, अमर सिंह ठाकुर, संजय तिवारी, आदर्श वेद,मिलन सोनी नितिन अग्रवाल ,विध्येश भापकर , नरेंद्र साहू, नवीन नेमा, राजेन्द्र व्यौहार, कैलाश नेमा,सुधांशु परेता सुधीर स्वामी नेमा जी सुरेन्द्र पांडे ब्रजेश अग्रहरि, रितिक अग्रवाल अनमोल यादव,रंजीत राय, अनिल आचार्य, अनिल रैकवार, मनोज सेन, जवाहरलाल साहू, गौरव सोनी, सागर विनोदिया, सुनील श्रीवास्तव, के बी दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त की उपस्थिति रही।



# ननि की जनसुनवाई में 43 व संभागों से 48 आवेदन प्राप्त हुए

**जबलपुर।** शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए जबलपुर नगर निगम द्वारा मंगलवार को मुख्यालय सहित सभी 16 संभागों में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित सुनवाई में कुल 91 आवेदनों पर कार्यवाही कर आवेदकों को मौके पर ही राहत प्रदान की गई। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मुख्यालय में प्राप्त 43 आवेदनों पर आवेदकों से सीधे संवाद कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। प्राप्त आवेदनों में 6 अतिक्रमण, 6 भवन शाखा, 3 स्थापना, 5 स्वास्थ्य विभाग, 1 कॉलोनी सेल, 5 संपदा, 3 जल, 2 पेंशन शाखा, 1 राजस्व, 2 उद्यान, 2 बाजार, 3 लोककर्म, 1 सीवर, 1 लोकसूचना, 1 संभाग क्रमांक 03 एवं 1 संभाग क्रमांक 12 से संबंधित थे। सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया, जबकि कुछ प्रकरणों का राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल निराकरण किया गया।

# संत अलॉयसियस कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस पर दी गई सुमधुर गीतों की प्रस्तुति

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हिंदी, मलयालम, बंगाली, गौड़ी, मराठी, पंजाबी, बघेली, बुंदेली एवं कुड़ुख भाषाओं में सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने भी विभिन्न बोलियों एवं प्रादेशिक भाषाओं में गीत प्रस्तुत कर मातृभाषाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोज के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भाषा ईश्वर का अमूल्य उपहार है तथा मातृभाषाएँ हमारी अस्मिता का प्रतीक हैं, जिन्हें सहेज कर रखना हमारा दायित्व है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. कैरोलिन




सैनी, डॉ. रामेन्द्र प्रसाद ओझा, डॉ. रीना थॉमस एवं डॉ. अभिलाषा शुक्ला की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. कल्लोल दास सहित डॉ. मंदिरा कार, डॉ. विश्वास पटेल, डॉ. सोनल राय, डॉ. एंथोनिमा रॉबिन, डॉ. तुहिना जौहरी, डॉ. रीता चौहान, डॉ. रेनू मारकंडे, डॉ. प्रमोद चैतन्य, डॉ. निहारिका सिंह एवं डॉ. सोमा गुहा दास की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। मंच संचालन सुश्री खुशी रजक द्वारा किया गया।



# एसपी ने की जनसुनवाई

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को विधि सम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि/परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित 76 शिकायतें थी। जनसुनवाई में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बीएस गोठरिया उपस्थित रहे।

### स्ट्रीट डॉग मामले में निगमायुक्त के साथ बैठक आज

**जबलपुर।** आवारा श्वानों का कहर लगातार जारी है। डॉग बाईट के केसेस लगातार बढ़ रहे हैं, नागरिक परेशान हैं। इससे चिंतित होकर जब नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रतिनिधियों ने नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार से मुलाकात की तब उन्होंने स्ट्रीट डॉग के बारे में 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे बैठक आयोजित की है। आयुक्त के निर्देशानुसार इस बैठक में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच तथा साथ ही जनसंगठनों के पदाधिकारी, नगर निगम के संबंधित अधिकारी, कठौंदा डॉग शेल्टर होम के अधिकारी तथा ठेकेदार, इस शेल्टर होम में काम कर रहे एनजीओ, पशुपालन महाविद्यालय के डीन या उनके प्रतिनिधि, फिनिक्स के प्रतिनिधियों आदि को उपस्थित होने के लिए सूचना जारी की गई है।

# नरसिंह मंदिर में श्री सनातन धर्म महासभा की बैठक आज

**जबलपुर।** श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में श्री रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी हेतु प्रथम बैठक बुधवार, 25 फरवरी को सायं 5 बजे श्री नृसिंह मंदिर में आयोजित की जाएगी। महासभा द्वारा नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित मंदिरों के सहयोग से श्री राम प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर वर्ष 1980 से भव्य श्री रामनवमी शोभायात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में इस वर्ष शोभायात्रा को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई है। बैठक डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज के संरक्षण एवं सानिध्य में संपन्न होगी। महासभा ने सभी सक्रिय मंदिरों, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं मातृशक्ति से आग्रह किया है कि वे बैठक में उपस्थित होकर अपने सकारात्मक सुझाव दें और शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने में सहयोग प्रदान करें

# गढ़ा में 4 मार्च को होली रंग-बरसे बारात महोत्सव

**जबलपुर।** होली रंग-बरसे बारात महोत्सव आयोजन समिति द्वारा 4 मार्च को गढ़ा क्षेत्र में होली मिलन समारोह उमंग, उल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में मनाया जाएगा। आयोजन समिति के बैनर तले आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में गुलाल का तिलक एवं फूलों की होली के साथ सभी सहभागी एक-दूसरे को शुभकामनाएं देंगे। आयोजन समिति से जुड़े प्रकाश गर्ग एवं एडवोकेट प्रशांत तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में अष्टगंध, चंदन एवं गुलाल से तिलक लगाया जाएगा तथा पुष्प वर्षा की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा के सुमधुर गीतों, फाग गीतों एवं सामाजिक व्यक्तित्वों की प्रस्तुतियों के बीच सभी लोग नृत्य और उत्साह के साथ होली मिलन मनाएंगे। समिति के सूत्रधार के.के. तिवारी ने जानकारी दी कि 4 मार्च को प्रातः 11 बजे गुलौआ चौक के पास डॉ. संजय गौतम डेवलपर्स के प्लॉट से बारात प्रारंभ होगी, जो गौतमगंज, आनंदकुंज तिराहा, छोटी बजरिया, बीटी बंगला होते हुए पुनः गुलौआ चौक पहुंचेगी। यात्रा में चलित डीजे, बैंड, फाग गीत, राधे-कृष्ण की झांकियां, दुलदुल घोड़ी, बुंदेली नृत्य तथा नगर निगम की फायर गाड़ी द्वारा रंगों की वर्षा आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम के समापन पर स्वल्पाहार एवं मिष्ठान वितरण किया जाएगा। समिति ने गढ़ा एवं संस्कारधानी के प्रबुद्धजन, युवाओं एवं मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।



# विद्युत दरों में वृद्धि का तर्कसंगत तीखा विरोध

जबलपुर। लॉर्डगंज व्यापारी संघ के अध्यक्ष अखिल मिश्र ने मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की ऑनलाइन जनसुनवाई में विद्युत कंपनियों द्वारा प्रस्तावित दरवृद्धि याचिका का तीखा एवं तर्कसंगत विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित वृद्धि से प्रदेश के छोटे एवं मध्यम व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। जनसुनवाई में गैर-घरेलू उपभोक्ताओं (व्यापारी, व्यवसाई, कार्यालय, छोटे शोरूम) के लिए 50 यूनिट के स्लैब को बढ़ाकर 100 यूनिट करने की मांग रखी गई, ताकि छोटे एवं मध्यम स्तर के व्यापारियों को महंगी विद्युत दरों के अनावश्यक भार से राहत मिल सके। साथ ही अन्य राज्यों में लागू यूनिट स्लैब का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत कर वर्तमान प्रस्ताव को अव्यावहारिक बताया गया। सोलर ऊर्जा अपनाने वाले घरेलू एवं गैर-घरेलू उपभोक्ताओं पर प्रतिमाह लगाए जाने वाले नियत प्रभार को भी असंगत बताते हुए उसे अलग करने की मांग की गई। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई उपभोक्ता 500 यूनिट विद्युत उत्पादन करता है और 600 यूनिट उपयोग करता है, तो संपूर्ण 600 यूनिट पर नियत प्रभार लगाना अन्यायपूर्ण है। इसके अतिरिक्त विद्युत कंपनियों के लगभग 3500 करोड़ रुपये के घाटे को उपभोक्ताओं पर थोपने का भी विरोध किया गया तथा आयोग से इसे सिरे से खारिज करने की मांग की गई। साथ ही पूर्व की भांति संभाग स्तर पर भौतिक जनसुनवाई आयोजित करने का आग्रह भी किया गया।

# जनेकृविवि में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए नवीन उर्वरक प्रौद्योगिकियों पर हुआ व्याख्यान

**भविष्य की पीढ़ियों के लिए टिकाऊ और उत्पादक कृषि प्रणाली सुनिश्चित करने की आवश्यकता- डॉ. बिस्वास**

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायनशास्त्र विभाग के अंतर्गत एडवांस्ड फैकल्टी ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित 21 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण के 20वें दिन "सतत खेती में मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रबंधन के लिए उभरती प्रौद्योगिकियां और नवाचार" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।मुख्य वक्ता भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के एमेरिटस साइंटिस्ट एवं प्रख्यात मृदा वैज्ञानिक डॉ. डी. आर. बिस्वास ने "सतत खेती में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन हेतु नवीन उर्वरक फार्मूलेशन" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए टिकाऊ और उत्पादक कृषि प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु मृदा स्वास्थ्य संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।डॉ. बिस्वास ने बताया कि एक चम्मच मिट्टी में अरबों सूक्ष्मजीव उपस्थित रहते हैं, जो मृदा की उर्वरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत के पास विश्व की लगभग 2.5 प्रतिशत भूमि, 15 प्रतिशत पशुधन और 17.5 प्रतिशत जनसंख्या है, जिससे भूमि संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि देश की लगभग 95 प्रतिशत मिट्टियां नाइट्रोजन की कमी से ग्रस्त हैं,




जबकि फॉस्फोरस, पोटाश, जिंक, बोरॉन एवं सल्फर जैसे पोषक तत्वों की कमी भी व्यापक है।उन्होंने बताया कि 1 किलोग्राम एनपीके उर्वरक से औसतन 3.5 किलोग्राम अनाज उत्पादन होता है, किंतु पोषक तत्व उपयोग दक्षता अभी भी कम है। समाधान के रूप में रॉक फॉस्फेट समृद्ध प्रसंस्कृत कम्पोस्ट, धीमी गति से घुलने वाले एवं नियंत्रित विमोचन उर्वरकों के उपयोग, मृदा एवं जुताई अनुसंधान तथा अवशिष्ट फॉस्फोरस प्रबंधन पर विशेष बल दिया।कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. बी. के. दीक्षित सहित डॉ. बी. एस. द्विवेदी, डॉ. जी. एस. टैगोर, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. आर. के. साहू, डॉ. एफ. सी. अमूले, डॉ. अभिषेक शर्मा, प्रशांत कुर्मी, मधुकर, श्रीमती संगीता ठाकुर,रविन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र विजयवर्गीय, विकास पटेल, श्रीमती रचना यादव, राजकुमार काछी सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्रं. /अ-6/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री राधा कृष्णा सिंह पिता स्व. श्री सीताराम सिंह निवासी 826 एपीआर-2 बिलहरी मंडला रोड जबलपुर द्वारा ग्राम बिलहरी प.ह.नं. 24 ख.नं. 71/1 रकबा 1460 हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/वसीयतनामा/ सहमति पत्र फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु अवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। अत: उक्त भूमि/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किय जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 18/02/2026 को जारी।

जारी दिनांक - 18/02/2026

पेशी दिनांक - 28/02/2026

अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं Sulochana Bai Mahar (सुलोचना बाई महार) सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरे सभी शासकीय / अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम Sulochana Bai Mahar (सुलोचना बाई महार) हैं। जो कि सही हैं परन्तु मेरे आधार कार्ड में लिपिक त्रुटिवश Sulochna Bai Mahar (सुलोचना बाई महार) दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, यह विज्ञप्ति के बाद मुझे Sulochana Bai Mahar (सुलोचना बाई महार) के नाम से जाना पहचाना जावे।

पुराना नाम : Sulochna Bai Mahar (सुलोचना बाई महार)

नया नाम: Sulochana Bai Mahar (सुलोचना बाई महार) पति श्री विसन महार उम्र लगभग 64 वर्ष निवासी म.नं. एच 199, ग्राम हरदुली, बरगी नगर, जबलपुर म.प्र.

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक -04 छोटीलाईन फाटक गोरखपुर, नगर पालिक निगम, जबलपुर
पत्रांक/सं.अ/04/एम/235 2024-25
दिनांक 23/2/26

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्तिकर पिन नं 1000509571 में पंजीकृत भवन स्वामी श्री/श्रीमती कर्नल सुभाष चंद साहनी पिता स्व. श्री एस. एल. साहनी के स्थान पर आवेदक श्री/श्रीमती अमित साहनी पिता के-के. साहनी ने मकान नं. 113 वार्ड क्रं. 12 प्लॉट क्षेत्रफल 3131 भूतल 1250 प्रथमतल... द्वितीय तल... तृतीय तल... एवं दस्तावेज पंजीकृत विक्रम पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस पर किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय, क्रमांक-04, छोटी लाईन फाटक, गोरखपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-4 गोरखपुर नगर निगम, जबलपुर**

# भारत से बांग्लादेश लौटेगा बड़ा सैन्य अफसर, रहमान के पीएम बनते ही बड़ा बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश में नई सरकार के सत्ता संभालते ही सेना के शीर्ष स्तर पर बड़े बदलावों का दौर शुरू हो गया है। रविवार को सेना मुख्यालय ने एक महत्वपूर्ण फेरबदल किया, जिसमें नए चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (सीजीएस) की नियुक्ति की गई है। लेफ्टिनेंट जनरल एम मैनुर रहमान को नया सीजीएस बनाया गया है, जो इससे पहले सेना प्रशिक्षण और सिद्धांत कमान के प्रमुख थे। यह बदलाव प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार के कार्यभार संभालने के कुछ ही दिनों बाद किए गए हैं। इस फेरबदल का असर देश की प्रमुख सैन्य खुफिया एजेंसी और रणनीतिक कमानों पर भी पड़ा है, जिसे शासन व्यवस्था को नए सिरे से व्यवस्थित करने की कोशिश माना जा रहा है।

## मुहम्मद यूनुस के 18 महीने का अंतरिम शासन रहा है बहुत विवादित

### भारत में रुके ब्रिगेडियर को मिली तरक्की

इस फेरबदल का एक दिलचस्प पहलू भारत से भी जुड़ा हुआ है। भारत में बांग्लादेश उच्चायोग के रक्षा सलाहकार के रूप में तैनात ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद हाफिजुर रहमान को वापस ढाका बुलाया गया है। उन्हें मेजर जनरल के पद पर पदोन्नत किया गया है और एक पैदल सेना डिवीजन के जीओसी के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कदम को बांग्लादेश की नई सैन्य रणनीति और महत्वपूर्ण पदों पर भरोसेमंद अफसरों की तैनाती के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव में दो-तिहाई बहुमत मिलने के बाद तारिक रहमान ने 17 फरवरी को शपथ ली थी, जिसके साथ ही मुहम्मद यूनुस के 18 महीने के अंतरिम शासन का अंत हो गया है।



### आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

राजनीतिक और सैन्य बदलावों के बीच भारत और बांग्लादेश के कूटनीतिक रिश्तों में भी जमी बर्फ पिघलती नजर आ रही है। ढाका में नियुक्त भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने रविवार को बांग्लादेश के नए विदेश मंत्री खलीलुर रहमान से मुलाकात की है। इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि भारत, बांग्लादेश की नई सरकार के साथ संवाद को आगे बढ़ाने के लिए काफी उत्सुक है। पिछले कुछ समय में दोनों देशों के रिश्तों में जो गिरावट आई थी, उसे सुधारने के लिए नई दिल्ली अब सक्रिय रूप से बातचीत करना चाहती है। इस बैठक में विदेश राज्य मंत्री शमा ओबैद भी मौजूद थीं, जहां आपसी सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा हुई।

### नई सरकार के आने से सुधार की उम्मीद

उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने स्पष्ट किया कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध परस्पर हित और लाभ के आधार पर मजबूत किए जाएंगे। उन्होंने सकारात्मक और रचनात्मक सोच के साथ हर क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने की इच्छा जताई है। मुहम्मद यूनुस के कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के संबंध ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंच गए थे, लेकिन अब नई सरकार के आने से सुधार की उम्मीदें बढ़ गई हैं। भारत का संदेश साफ है कि वह पड़ोसी देश के साथ मिलकर विकास और शांति की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। सैन्य फेरबदल और राजनीतिक संवाद के इस दौर ने पूरे दक्षिण एशिया की नजरें बांग्लादेश की भावी दिशा पर टिका दी हैं।

---

15 मिलियन डॉलर का था ईनाम समर्थकों ने सड़कों पर किया खूनी तांडव

# मैक्सिको में सेना ने बड़े ड्रग माफिया को मारा, देशभर में भड़का गृहयुद्ध

एजेंसी ▶▶| मैक्सिको सिटी

मैक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आगजनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। अमेरिका के लिए सिरदर्द बन चुके इस अपराधी की मौत के बाद मैक्सिको के कई राज्यों में हिंसा की आग भड़क उठी है। उसकी मौत की खबर मिलते ही कार्टेल के सदस्यों ने बदला लेने के लिए कई शहरों में आगजनी और हमले शुरू कर दिए हैं। जालिस्को, मिचोआकन और गुआडालाजारा जैसे इलाकों में भारी हिंसा भड़क गई है। कार्टेल के सदस्यों ने कारों को आग लगाकर सड़कों को जाम कर दिया है ताकि सुरक्षा बल आगे न बढ़ सकें। इसके चलते आम लोग डर के चलते एयरपोर्ट से बाहर भाग रहे हैं। एयर कनाडा ने प्यूर्टो वालार्टा और गुआडालाजारा के लिए फ्लाइट्स सस्पेंड कर दी हैं और कस्टमर्स को अपने एयरपोर्ट पर न जाने की एडवाइस दी है।

## भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

### सेना ने चलाया था ऑपरेशन

तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान मेंचो वह घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मैक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं। एल मेंचो, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का लीडर था। जलिस्को कार्टेल मैक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है। इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपए का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मैक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे।



### भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

भारतीय दूतावास ने मैक्सिको में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए सोमवार को एक परामर्श जारी किया जिसमें उनसे सावधानी बरतने और घरों के अंदर रहने का आग्रह किया गया है। मैक्सिको स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "मैक्सिको में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सुरक्षा अभियान जारी हैं और इससे जुड़े सड़क अवरोध एवं आपराधिक गतिविधियां हो रही हैं। भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक सुरक्षित स्थानों पर रहने का परामर्श दिया जाता है।' इमरजेंसी में 911 पर कॉल करें। भीड़ से बचें।

### मैक्सिको पर एक्शन लेने को दबाव बना रहे थे ट्रम्प

*जालिस्को कार्टेल (सीजेएनजी) कार्टेल 2009 में बना था। एल मेंचो की लीडरशिप में यह मैक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग नेटवर्क बन गया था। यह कोकीन, मेथामफेटामिन और हाल के वर्षों में फेंटानिल जैसी सिंथेटिक ड्रग्स अमेरिका भेजता था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मेंचों की मौत से मैक्सिको और अमेरिका के रिश्तों में सुधार हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मैक्सिको पर दबाव बना रहे थे कि वह कार्टेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।*

# एयरटेल स्थापित करेगा डिजिटल एनबीएफसी प्लेटफार्म

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने आज अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) इकाई एयरटेल मनी लिमिटेड के लिए बड़ी योजनाओं की घोषणा की। यह कदम भारत में ऋण उपलब्धता की कमी को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एनबीएफसी सहायक कंपनी को आने वाले कुछ वर्षों में कुल 20 हजार करोड़ रुपये की पूंजी से सशक्त किया जाएगा। इसमें एयरटेल 70 प्रतिशत निवेश करेगी, जबकि शेष 30 प्रतिशत राशि प्रमोटर समूह के माध्यम से भारती एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा निवेश की जाएगी। कंपनी का उद्देश्य देश में ऋण उपलब्धता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों तक औपचारिक वित्तीय सेवाएं पहुंचाना है।

पिछले दो वर्षों में एयरटेल ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक मजबूत लेंडिंग सर्विस प्रोवाइडर मॉडल विकसित किया है, जिसके जरिए अब तक 9,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित किए जा चुके हैं। कंपनी के अनुसार सख्त जांच प्रक्रिया और रियल-टाइम जोखिम निगरानी के कारण डिफॉल्ट दर उद्योग मानकों के अनुरूप नियंत्रित रही है। एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल वित्तल ने कहा कि यह विस्तार कंपनी की मजबूत तकनीकी क्षमता, डेटा विश्लेषण और ग्राहकों के भरोसे पर आधारित है। उन्होंने इसे भविष्य के लिए तैयार डिजिटल लोन कारोबार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। केयर एज रेटिंग्स के अनुसार भारत में औपचारिक ऋण का जीडीपी अनुपात 53% है, जो ऋण विस्तार की व्यापक संभावनाओं को दर्शाता है। एयरटेल का यह कदम वित्तीय सेवा क्षेत्र में एक नए विकास इंजन के रूप में देखा जा रहा है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि एनबीएफसी और एलएसपी प्लेटफॉर्म का संचालन अलग-अलग रहेगा, हालांकि लोन प्रक्रिया तकनीकी रूप से एकीकृत होगी, ताकि ग्राहकों को बेहतर और सुरक्षित अनुभव मिल सके।

# टाटा संस के निदेशक मंडल ने चंद्रशेखरन को तीसरा कार्यकाल देने पर फैसला टाला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विविध कारोबार वाले टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के निदेशक मंडल ने चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को तीसरे कार्यकाल के लिए नियुक्त करने के बारे में मंगलवार को फैसला टाल दिया। सूत्रों ने शीर्ष स्तर पर कुछ मतभेद उभरने के संकेत देते हुए यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि टाटा संस के निदेशक मंडल की बैठक में चंद्रशेखरन के फरवरी, 2027 में समाप्त होने जा रहे मौजूदा कार्यकाल को बढ़ाने पर कोई फैसला नहीं लिया गया। बैठक के बाद कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने समूह की कुछ कंपनियों में हो रहे नुकसान पर चिंता जताई। सूत्रों के मुताबिक, नोएल टाटा आने वाले समय में टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने के भी पक्ष में नहीं हैं और इस संबंध में वह लिखित प्रतिबद्धता चाहते हैं। हालांकि, 62 वर्षीय चंद्रशेखरन को निदेशक मंडल के कई सदस्यों का समर्थन मिला। उनका मानना था कि समूह की किसी एक कंपनी के नुकसान से पूरे समूह के प्रदर्शन या चेयरमैन के योगदान को नहीं आंका जाना चाहिए।

▪ सूत्रों ने शीर्ष स्तर पर कुछ मतभेद उभरने के दिए संकेत



### चंद्रशेखरण वर्ष 1987 में टाटा समूह से जुड़े.

*चंद्रशेखरन वर्ष 1987 में टाटा समूह से जुड़े थे और वह बाद में समूह की आईटी कंपनी टीसीएस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बने। फरवरी, 2017 में उन्हें टाटा संस का चेयरमैन नियुक्त किया गया था। उनके कार्यकाल में समूह की 15 प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों का राजस्व और मुनाफा लगभग दोगुना हुआ है।*

---

खालिस्तानी ग्रुप ने ईमेल में लिखा- दिल्ली बनेगा खालिस्तान, आर्मी-एयरफोर्स स्कूल को भी धमकी

# दिल्ली विस-सचिवालय को बम ब्लास्ट की धमकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा भवन, दिल्ली सचिवालय और लाल किले को बम ब्लास्ट में उड़ाने की धमकी दी गई है। सोमवार को खालिस्तानी ग्रुप का धमकी वाला ईमेल भेजा गया। जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हुईं, विधानसभा भवन की सर्चिंग की गई। बम स्क्वाड और डॉग स्क्वॉड सर्च में जुटीं लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, लाल किला की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। इससे पहले दिल्ली स्थित धौला कुआं के आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। जानकारी मिलने पर दिल्ली पुलिस, बम स्क्वाड, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली फायर सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची थी। पूरा कैंपस खाली कराया गया। जांच में कुछ भी नहीं मिला था।



### 'दिल्ली बनेगा खालिस्तान'

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ईमेल में दिल्ली बनेगा खालिस्तान की धमकी दी गई थी। लिखा था कि अगले 3 दिनों के भीतर आर्मी स्कूल, लाल किला और मेट्रो स्टेशनों पर विस्फोट हो सकते हैं। ईमेल में विधानसभा, आर्मी स्कूल और लाल किले के लिए अलग-अलग समय भी लिखा था। धमकी के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के सभी स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। मेट्रो स्टेशनों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर एंटी-सैबोटाज जांच, रैंडम चेकिंग और यात्रियों की तलाशी की जा रही है। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की टीमों को लाल किला, दिल्ली सचिवालय और विधानसभा परिसर सहित कई संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है। इसके अलावा, सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बैठकें भी की गई हैं। पुलिस ने बताया कि साइबर टीमें ईमेल भेजने वालों का पता लगाने के लिए आईपी एड्रेस ट्रेस करने की कोशिश कर रही हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जांच को गुमराह करने के लिए वीपीएन (वीपीएन) का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

# बलरामपुर में ओलावृष्टि रायपुर-बिलासपुर में हल्की बारिश, पारा 6 डिग्री गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय निम्नदाब के असर से लंबे समय बाद प्रदेश के मौसम में बदलाव हुआ है। छाए बादल और ठंडी हवा से दिन के तापमान में 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। रायपुर, बिलासपुर समेत कई इलाकों में हल्की बारिश हुई और बलरामपुर के वाड्रफनगर में काफी देर तक ओलावृष्टि हुई। सिस्टम के चौबीस घंटे में कमजोर पड़ने के बाद भी मध्य और दक्षिण में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। आमतौर पर ठंड की विदाई वाले मौसम यानी फरवरी में मौसमी बदलाव होने की संभावना काफी रहती है। इस बार ऐसा बदलाव दूसरी बार हुआ है। माह के दूसरे सप्ताह में मौसम तंत्रिका के सक्रिय होने की वजह से कोरिया जिले में बारिश हुई थी और कुछ इलाकों में दिन में बादल छाए हुए थे। इसके बाद चौथे सप्ताह में इस तरह का बदलाव देखने को मिला है। वर्तमान में बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में एक निम्नदाब का क्षेत्र बना हुआ है। इसके अलावा वहां ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा में सक्रिय है। इसके असर से सोमवार की सुबह सरगुजा, बिलासपुर और रायपुर संभाग के मौसम में बदलाव नजर आया।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Tata 1616
Model 2023
MP-20-ZG-9150
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590
TIMES

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
कमिंस डीज़ल इंजन के CAMC के लिए ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (मेक/डीजल), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मोतीबाग, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।
**निविदा सूचना संख्या:** E-200341-CAMC-Of-SPIC-SECR/2025-28
**कार्य का नाम:** कमिंस डीज़ल इंजन, मॉडल NTA-855-R, संख्या 01 व 40 KVA DG Set, संख्या 01 का नागपुर मंडल के SPIC No. SEC 230078 द्वारा संचालित का एकल निविदा आधार पर OEM या OEM अधिकृत डीलरों से 03 साल की अवधि हेतु CAMC।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 62,05,667/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,24,100/-,
**अनुबंध की अवधि:** 3 वर्ष (36 महीने),
**बोली शुरू की तारीख:** दि. **24.02.2026** से,
**निविदा बंद होने की तारीख व समय:** दिनांक **10.03.2026** को **15.00** बजे।
**निविदा खुलने की तारीख व समय:** दिनांक **10.03.2026** को **15.30** बजे।
अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
मोतीबाग नागपुर
FL/75-328
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

आवश्यकता
आवश्यकता है - अनुभवी सुरक्षागार्ड, गनमैन, फिल्ड ऑफिसर, सिक्युरिटी सुपरवाइसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- साई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 8085233213, 8253010291, 722302602, 8889997826 (बिलासपुर /04/मार्च 26)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330


## शब्द पहेली - 6149



**बाएँ से दाए-**
1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -6148 का हल



## सूडोकु नवताल- 6159

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SERACHA, BANGALORE

▪ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
▪ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
▪ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
▪ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6158 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।

लाइफ Style



# तमन्ना

## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नर्ड्स' और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।



# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज


**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

टीवी मसाला



# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।

## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आईं तान्या

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।



# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



## ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

## चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय।. वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को



लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



## मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएमवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

## कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



## पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

## दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया पहला वनडे : हरमनप्रीत और स्मृति की फिफ्टी गई बेकार


# ऑस्ट्रेलिया ने 70 गेंद पहले हासिल किया 214 का लक्ष्य, भारतीय टीम को 6 विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड चैंपियन भारत को पहले वनडे मुकाबले में छह विकेट से पीट दिया। ब्रिस्बेन में खेले गए मुकाबले में उसे जीत के लिए 215 रन का लक्ष्य मिला था। बेथ मूनी (76) और एलिसा हीली (50) के अर्धशतकों से 70 गेंद पहले ही जीत हासिल कर ली। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 214 रन का स्कोर बनाया था। भारत की तरफ से हरमनप्रीत कौर (53) और स्मृति मांधना (58) ने फिफ्टी बनाई थी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया को जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। महिला वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल के बाद यह भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच पहला वनडे मुकाबला था। साथ ही यह एलिसा हीली की आखिरी इंटरनेशनल सीरीज भी है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने जबरदस्त अंदाज में खेल दिखाया।

#### भारत ने जीता टॉस, चुनी बैटिंग

टॉस का सिक्का भारत के पक्ष में गिरा और उन्होंने बैटिंग करना चुना। यह फैसला गलत साबित हुआ। चार महीने बाद वापसी कर रही प्रतिका रावल दो गेंद खेल सकी और बिना खाता खोले मेगन शूट का शिकार हो गई। उनकी वापसी के चलते शेफाली वर्मा को नंबर तीन पर बैटिंग के लिए आना पड़ा और वह भी नाकाम रही। 17 गेंद में चार रन बनाने के बाद उन्हें डार्सी ब्राउन ने आउट किया। जेमिमा रॉड्रिग्स आठ रन बनाकर एश्ले गार्डनर का शिकार बनी। 52 पर तीन विकेट गिरने के बाद मांधना और हरमनप्रीत साथ आईं। इन्होंने चौथे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की।

#### बेथ और एनाबेल ने की शानदार बैटिंग



#### सदरलैंड ने लगाया जीत का छक्का

आखिरी इंटरनेशनल सीरीज खेल रही हीली 70 गेंद में चार चौकों से 50 रन बनाने के बाद क्रांति गोड की गेंद पर आउट हुई। यहां से मूनी और एनाबेल सदरलैंड ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 85 रन की पार्टनरशिप हुई। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत के करीब पहुंच गई। जब लक्ष्य 11 रन दूर था तब मूनी को दीप्ति ने आउट कर दिया। लेकिन सदरलैंड ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह 44 गेंद में 48 रन बनाकर नाबाद रही।

#### चोट के कारण हरमनप्रीत ने नहीं की फील्डिंग

कप्तान हरमनप्रीत कौर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे के दौरान चोट लग गई। उन्हें बैटिंग के दौरान घुटने में चोट लगी। इसकी वजह से हरमनप्रीत कौर फील्डिंग के नहीं उतरी। उनकी जगह स्मृति मांधना ने टीम का नेतृत्व किया। बीसीसीआई ने बताया कि हरमनप्रीत मेडिकल टीम की निगरानी में है। महिला वर्ल्ड कप 2025 जीतने के बाद भारतीय महिला टीम का यह पहला वनडे मुकाबला है। हरमनप्रीत कौर को कब और कैसे चोट लगी यह साफ नहीं हो पाया। हालांकि भारतीय पारी के 38वें ओवर में उन्होंने फिजियो की मदद ली थी। भारतीय कप्तान ने पांचवें नंबर पर आकर 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। भारत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया को भी चोटों के मोर्चे पर जूझना पड़ रहा है। उसकी दो खिलाड़ी एलिस पैरी और किम गार्थ चोटों की वजह से वनडे सीरीज से बाहर हो गईं। इन दोनों के टी20 सीरीज के आखिरी मैच में चोट लगी थी।

#### हरमनप्रीत-काश्वी ने कराया 200 पार

मांधना ने 68 गेंद का सामना किया और सात चौकों से 58 रन की पारी खेली। उन्हें ताहलिया मैक्ग्रा ने रवाना किया। दीप्ति शर्मा (2) और ऋचा घोष (23) भी लंबी पारी नहीं खेल पाई। छह विकेट पर 140 रन के स्कोर से हरमनप्रीत और काश्वी गौतम (43) ने टीम को उबारा। दोनों के बीच 53 रन की साझेदारी हुई। काश्वी ने तीन चौकों व इतने ही छक्कों से 44 गेंद में 43 रन बनाए और भारत को 200 के पार पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सात बॉलर्स ने बॉलिंग की और छह को विकेट मिले। गार्डनर 33 पर तीन विकेट के साथ सबसे सफल रही। मेगन शूट को दो सफलता मिली।



#### ऑस्ट्रेलिया के ओपनर्स का आतिशी खेल

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को कप्तान हीली और फीबी लिचफील्ड ने शानदार शुरुआत दी। दोनों के बीच 55 रन की साझेदारी हुई। श्री चरणी ने लिचफील्ड को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज छह चौकों से 32 रन बनाकर आउट हुई। अगली गेंद पर जॉर्जिया वॉल भी आउट हो गई, जिससे श्रीचरणी हैट्रिक पर आ गई। लेकिन बेथ मूनी ने कप्तान के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया को फिर से जीत की पटरी पर डाल दिया। इन दोनों के बीच 64 रन की साझेदारी हुई।

### वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान

## 12 टीमें लेंगी हिस्सा, भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला क्रिकेट के सबसे बड़े मंच का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। आईसीसी ने वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप के पूरे शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही भारत बनाम पाकिस्तान मैच की तारीख का भी खुलासा हो गया है। एक बार फिर दो चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें टूर्नामेंट में आमने-सामने होंगी, जहां मुकाबला सिर्फ जीत-हार का नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा का भी होगा।

वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप इस साल 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा और इस बार 12 टीमें हिस्सा लेंगी। लीग स्टेज में ही भारत और पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा। भारत और पाकिस्तान 14 जून को एजबेस्टन में आमने-सामने होंगे।

#### एक ही ग्रुप में भारत-पाकिस्तान

ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स को जगह मिली है। लीग स्टेज में ही भारत और पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा। भारत और पाकिस्तान 14 जून को एजबेस्टन में आमने-सामने होंगे। महिला क्रिकेट में भी यह प्रतिद्वंद्विता हर बार रोमांच से भर देती है, और इस बार भी स्टेडियम खचाखच भरे रहने की उम्मीद है। भारत हालिया टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन कर चुका है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 6 बार की चैंपियन टीम है। ऐसे में इस ग्रुप को 'ग्रुप ऑफ डेथ' कहा जा रहा है। पाकिस्तान भी बड़े मंच पर उलटफेर करने की क्षमता रखता है, जिससे भारत-पाक मुकाबला और भी अहम बन गया है।



#### वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप

ग्रुप 1: ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नीदरलैंड्स

ग्रुप 2: वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड

#### इस दिन होंगे टीम इंडिया के मुकाबले

टीम इंडिया अपना पहला मैच 14 जून को एजबेस्टन में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी, जिसके बाद 17 जून को उसका सामना नीदरलैंड्स से होगा। 21 जून को टीम इंडिया के सामने साउथ अफ्रीकी टीम होगी, जबकि 25 जून को उसका समना बांग्लादेश से होगा। 28 जून को भारत के सामने ऑस्ट्रेलियाई टीम होगी। विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में अब तक कुल 9 एडीशन खेले गए हैं, जिसमें भारत के नाम एक भी खिताब नहीं है। टीम इंडिया ने चार बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में प्रवेश किया है, लेकिन ट्रॉफी अपने नाम नहीं कर सकी। इस बार भारत का मकसद जीत के साथ अपने सफर को पूरा करना होगा।


### खबर संक्षेप



#### हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी: सैमन्स

**मुंबई।** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी। सैमन्स ने कहा, 'हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।' उन्होंने कहा, ' इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।'

#### हेटमायर की प्रतिभा बेकार जा रही थी : होप



**मुंबई।** वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने कहा कि शिमरोन हेटमायर मौजूदा टी20 विश्व कप में तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं और इस बात पर अफसोस जताया कि पहले बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने पर इस बिग हिटर का सही उपयोग नहीं हो पा रहा था। होप ने कहा, 'वह (हेटमायर) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है उसको देखकर मुझे लगता है की बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने से उनकी प्रतिभा कुछ हद तक बेकार गई। वह इतना अच्छा बल्लेबाज है कि किसी भी तरह की स्थिति में बल्लेबाजी कर सकता है फिर चाहे वह स्पिन हो या तेज गेंदबाजी।' उन्होंने कहा, 'वह तीसरे नंबर पर बहुमूल्य खिलाड़ी साबित हुए हैं। वह इस नंबर पर पूरी तरह स्वच्छंद होकर खेलते हैं और हम उनसे यही चाहते हैं। इस टूर्नामेंट में वह हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं।

## कराटे के प्रबंधन के लिए गठित हो समिति : खेल मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से देश में कराटे के संचालन के लिए एक तदर्थ (एड-हॉक) समिति गठित करने को कहा है क्योंकि कई संगठन इस खेल का राष्ट्रीय महासंघ होने का दावा कर रहे हैं, जिससे /"व्यवस्थित प्रशासन/" प्रभावित हो रहा है और खिलाड़ियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है।

आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे पत्र में मंत्रालय ने कहा कि कराटे इस वर्ष एशियाई खेलों की सूची में शामिल है, इसलिए इसके सुशासन की संरचना सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस स्पर्धा में कुल 56 पदक दांव पर हैं। कराटे हालांकि 2024 ओलंपिक का हिस्सा नहीं था। मंत्रालय ने पत्र में कहा, ' मंत्रालय, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से अनुरोध करता है कि संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघ से परामर्श कर एक अंतरिम या तदर्थ समिति गठित की जाए, जो कराटे खेल के कार्यों की देखरेख और प्रबंधन करे।



## जम्मू कश्मीर की मजबूत पकड़, पुंडीर का शतक

### रणजी ट्रॉफी फाइनल : पहले दिन जम्मू कश्मीर ने बनाए 2 विकेट पर 284 रन

एजेंसी ▶▶| हुबली

जम्मू-कश्मीर ने केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर जारी रणजी ट्रॉफी एलीट के फाइनल मुकाबले में पहले दिन के खेल तक अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है। मंगलवार को दिन की समाप्ति तक इस टीम ने 2 विकेट खोकर 284 रन बना लिए हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू-कश्मीर की शुरुआत निराशाजनक रही। टीम ने 18 के स्कोर पर कामरान इकबाल का विकेट खो दिया था। इकबाल टीम के खाते में सिर्फ 6 रन ही जुटा सके। इसके बाद यावर हसन ने शुभम पुंडीर के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन जुटाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

#### प्रसिद्ध एकमात्र सफल गेंदबाज

हसन ने 150 गेंदों का सामना करते हुए 13 चौकों की मदद से 88 रन बनाए। यहां से शुभम पुंडीर ने कप्तान पारस डोगरा के साथ 22 रन की साझेदारी की। कप्तान पुंडीर 9 के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे, जहां से पुंडीर ने अब्दुल समद के साथ मोर्चा संभाला। दिन की समाप्ति तक दोनों बल्लेबाजों ने 144 गेंदों में 105 रन की साझेदारी कर ली है। पहले दिन के खेल तक शुभम पुंडीर 221 गेंदों में 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ नाबाद 117 रन बना चुके थे, जबकि अब्दुल समद ने 67 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 52 रन अपने खाते में जोड़ लिए हैं। कर्नाटक की तरफ से प्रसिद्ध कृष्णा एकमात्र सफल गेंदबाज रहे हैं, जिन्होंने 16 ओवरों में 36 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

#### ये हैं प्लेइंग इलेवन

**जम्मू-कश्मीर:** कामरन इकबाल, यावर हसन, शुभम पुंडीर, पारस डोगरा (कप्तान), अब्दुल समद, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), आबिद मुश्ताक, औकिब नबी डार, युद्धवीर सिंह चरक, साहिल लोत्रा और सुनील कुमार।

**कर्नाटक :** केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल (कप्तान), करुण नायर, स्मरण रविचंद्रन, श्रेयस गोपाल, कृतिक कृष्णा (विकेटकीपर), विद्याधर पाटिल, विजयकुमार वैशाक, शिखर शेट्टी और प्रसिद्ध कृष्णा।

## दिल्ली में शुरू हुई पैरा तैराकी कार्यशाला

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग के सहयोग से तीन दिवसीय पैरा तैराकी कोचिंग कार्यशाला शुरू हुई। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तैराकी परिसर में आयोजित की जा रही इस कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ और कोच भारत में पैरा तैराकी को बेहतर बनाने पर चर्चा करेंगे।



ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) में भी तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने उद्घाटन समारोह के दौरान ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन को शॉल भेंट की। ग्रीन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पैरा खेलों में अपनी विशेषज्ञता भारत के साथ साझा करने के लिए तैयार है। ग्रीन ने कहा, 'पैरा तैराकी को बढ़ावा देने के लिए भारत में विशेषज्ञता लाने से हम बेहद खुश हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत का संबंध मुख्य रूप से क्रिकेट से जुड़ा रहा है, लेकिन जैसे-जैसे भारत वैश्विक खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर रहा है उसे देखते हुए ऑस्ट्रेलिया उसके साथ एक भागीदार के रूप में बने रहना चाहता है।'

## प्राग शतरंज महोत्सव : साल की पहली सफलता पर डी. गुकेश की निगाह

एजेंसी ▶▶| प्राग

विश्व चैंपियन गुकेश विश्व कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर बुधवार से शुरू होने वाले प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं।



गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ समय तक लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में तीन भारतीय खिलाड़ी हुआ करते थे, लेकिन अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञाननंदा खराब प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गए हैं। गुकेश के साथ इस प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। अमेरिका के हैंस नीमन एक और ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन पर सभी की नजर रहेगी। ईरान के परहम मगसूदलू भी प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे जबकि नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है, जिससे वह भी दावेदारों में शामिल हो गए हैं।

### मैक्सिकन ओपन

## किप्सन ने किया बड़ा उलटफेर, दो बार के चैंपियन मिनौर को हराया



एजेंसी ▶▶| अकापुल्को

अमेरिका के पैट्रिक किप्सन ने मैक्सिकन ओपन के पहले राउंड में बड़ा उलटफेर किया है। उन्होंने छठी सीड और दो बार के चैंपियन एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ 6-1, (4)6-7, 7-6(4) से जीत दर्ज की। यह साल 2024 में इंडियन वेल्स के बाद उनकी पहली टूर-लेवल जीत थी। यह मैक्सिकन टूर्नामेंट में किप्सन का पहला मैच था, इत्तेफाक से उसी हफ्ते उन्होंने अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिंग हासिल की थी। दूसरी ओर, डी मिनौर दो हफ्ते पहले रॉटरडैम में खिताब जीतने के बाद अपना पहला इवेंट खेल रहे थे। किप्सन ने एलेक्स डी मिनौर की सर्विस तोड़कर मैच का पासा पलट दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने आखिरी सेट में 5-4 से जीत हासिल की, और फिर दो घंटे 39 मिनट में एक मुश्किल मुकाबला खत्म किया।

#### पैट्रिक ने तीन ब्रेक चांस को पाइंट में बदला

एटीपी स्टैट्स के मुताबिक, अमेरिकन खिलाड़ी ने अपनी पहली सर्व के बाद शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें से 71 प्रतिशत प्वाइंट्स (68 में से 48) हासिल किए, और अपने मौकों का पूरा फायदा उठाते हुए पांच में से तीन ब्रेक चांस को गोल में बदला। मैच के बाद किप्सन ने कहा, मुकाबला जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। सब कुछ जरूरी था। मुझे अच्छी सर्व करनी थी।

### मुंबई हाफ मैराथन जीतने के बाद हो गई थीं गायब

## डोप टेस्ट से भागीं पूजा, लगा 3 साल का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 2025 में मुंबई हाफ मैराथन की फिनिश लाइन पार करते वक्त पूजा आत्माराम के चेहरे पर जीत की चमक थी, लेकिन कुछ ही मिनटों में तस्वीर बदल गई। स्वर्ण पदक जीतने के बाद जब उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुने जाने की सूचना मिली, तो घटनाक्रम ने अप्रत्याशित मोड़ ले लिया।

रिपोर्ट के अनुसार, एक चैपरोन पूजा आत्माराम को डोपिंग कंट्रोल स्टेशन की ओर ले जा रहा था। भीड़, थकान और तनाव के बीच वह अचानक दिशा बदलकर भीड़ में गायब हो गई। इसके बाद न तो उनका सैंपल लिया जा सका और न ही अधिकारी पूजा से संपर्क कर पाए। एंटी-डोपिंग नियमों के तहत सैंपल देने से




इनकार या टेस्ट प्रक्रिया से बचना गंभीर उल्लंघन माना जाता है। इसके चलते पूजा आत्माराम को तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। हालांकि, आरोप की सूचना मिलने के एक सप्ताह के भीतर पूजा ने गलती मानते हुए माफी मांगी। इसे ध्यान में रखते हुए एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने चार साल के संभावित प्रतिबंध को एक साल घटाकर तीन साल कर दिया।

#### लंबी दूरी की धाविका हैं पूजा

प्रतिबंध तीन फरवरी से लागू होगा। एआईयू ने यह भी कहा कि 23 नवंबर 2025 और उसके बाद के पूजा आत्माराम के नतीजे डिसक्वालिफाई माने जाएंगे। 30 वर्षीय पूजा आत्माराम मुख्य रूप से 5000 मीटर और 10 हजार मीटर स्पर्धाओं में हिस्सा लेती हैं। साल 2024 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए वह इंडियन ग्रैंड प्रिक्स 2 में तीसरे स्थान पर रही थीं, जो अब तक का उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन है।

#### टेस्ट से बचने भीड़ में गायब

एआईयू के विस्तृत फैसले में कहा गया कि रेस समाप्त होते ही एक डोपिंग कंट्रोल ऑफिसर और लीड ने उन्हें टेस्टिंग के लिए चुने जाने की जानकारी दी थी। इसके बावजूद पूजा आत्माराम ने डोपिंग कंट्रोल फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं किए।

#### कौन होता है चैपरोन?

खेल में चैपरोन को एथलीट सहायक या पर्यवेक्षक भी कहते हैं। चैपरोन वह अधिकृत व्यक्ति है जो एथलीट्स के साथ रहता है, उनकी देखरेख करता है और उनकी सुरक्षा, भलाई और सही व्यवहार की तस्दीक करता है। रेस डायरेक्टर और लीड डीसीओ ने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आखिरकार उनका सैंपल एकत्र नहीं किया जा सका। इस मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई इस साल तीन फरवरी को शुरू हुई। बाद में अपराध स्वीकारने के आधार प्रतिबंध में एक वर्ष की कमी दी गई।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Tata Ace Diesel
Model 2024
MP-20-ZP-2088
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936,
Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590




## महाधिवक्ता कार्यालय से जुड़ा मामला : अगली सुनवाई 16 मार्च को

# शासकीय वकीलों की नियुक्ति को चुनौती पर जवाब पेश करने तीन हफ्ते की मोहलत

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट में एक याचिका के जरिए मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता कार्यालय में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। मंगलवार को कोर्ट को अवगत कराया कि पूर्व में जारी नोटिस महाधिवक्ता कार्यालय सहित सभी विधि अधिकारियों को हस्तगत कर दिए गए थे। जिन्होंने लेने से इनकार किया, उनका नामोल्लेख शपथ-पत्र में कर दिया गया है। नोटिस मिलने के बावजूद जवाब न आना चिंताजनक है। कोर्ट ने उक्त जानकारी को रिकार्ड पर लेकर यह अभिनिर्धारित कर दिया कि आगे से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह स्वयं इस मामले में राज्य की ओर से पक्ष रखने खड़े हुआ करेंगे। साथ ही जिनके जवाब नहीं आए, उन्हें तीन सप्ताह में जवाब पेश करने निर्देश दे दिए।

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के संयुक्त सचिव योगेश सोनी ने याचिका में आरोप लगाया है कि महाधिवक्ता कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से अर्हताविहीन वकीलों को शासकीय वकील बना दिया गया है। महाधिवक्ता कार्यालय में कुल 157 ला आफिसर्स की नियुक्ति को लेकर 25 दिसंबर को सूची जारी की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी और पक्षपातपूर्ण है। सूची में पारदर्शिता का अभाव है।

याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2013 की राजपत्र अधिसूचना में सरकारी वकीलों की नियुक्ति के लिए स्पष्ट और निर्धारित प्रक्रिया तय की गई है, लेकिन महाधिवक्ता कार्यालय ने उसका स्पष्ट उल्लंघन किया। अधिसूचना में कहा गया था कि सरकारी अधिवक्ता की नियुक्ति के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की प्रेक्टिस की योग्यता निर्धारित है। इसके उलट कई शासकीय अधिवक्ता ऐसे हैं जिनकी प्रेक्टस 10 साल से बहुत कम है। अधिवक्ता योगेश सोनी ने दलील दी कि इस बार महाधिवक्ता कार्यालय में ला आफिसर बनने के लिए सैकड़ों वकीलों ने आवेदन किया था। आवेदन निर्धारित फार्म में आमंत्रित तो किए गए, लेकिन यह कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया कि इन आवेदनों की जांच, मूल्यांकन और शार्टलिस्टिंग किस आधार पर की गई। यह भी कहा गया है कि न तो कोई मापदंड जारी किया गया, न अंक प्रणाली, न ही चयन या अस्वीकृति के कारण बताए गए। इससे पूरी प्रक्रिया पर गंभीर संदेह उत्पन्न होता है।

## सोम डिस्टिलरीज मामले की सुनवाई से जस्टिस विशाल मिश्रा ने खुद को किया अलग

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में सोम डिस्टिलरीज की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस विशाल मिश्रा ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया। जस्टिस मिश्रा ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि मामले से जुड़ा केस किसी दूसरी कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया जाए। हालांकि न्यायाधीश ने इस केस की सुनवाई से अलग होने का कोई कारण नहीं बताया है। इससे पहले भी जस्टिस विशाल मिश्रा ने भाजपा विधायक संजय पाठक के अवैध उत्खनन केस से खुद को अलग कर लिया था। तब यह कारण बताया था कि संजय पाठक ने केस को लेकर संपर्क किया था। हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने शराब कंपनी सोम डिस्टिलरीज का लाइसेंस रद्द कर दिया है। जिसको लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने सोम डिस्टिलरीज के सभी लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। करीब 20 दिन पहले रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टिलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टिलरीज प्रा. लि. का लाइसेंस आबकारी आयुक्त ने सस्पेंड कर दिया है। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंपनियों के संचालक, प्रतिनिधि, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अपर सत्र न्यायालय, देपालपुर जिला इंदौर के एक प्रकरण में पारित निर्णय के आधार पर कार्रवाई की गई थी। इसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर द्वारा संबंधित आपराधिक अपीलों में सजा के क्रियान्वयन पर रोक लगाई गई है, लेकिन दोषसिद्धि अभी भी प्रभावी है।

## हाईकोर्ट ने नाबालिग को बंधक बनाने पर मांगा जवाब

*राज्य शासन, गृह सचिव, डीजीपी, एसपी पन्ना, टीआई अमानगंज सहित अन्य को नोटिस*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नाबालिग को बंधक बनाने के आरोप के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस सिलसिले में राज्य शासन, गृह सचिव, डीजीपी, एसपी पन्ना, टीआई अमानगंज सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी। अमानगंज, पन्ना निवासी गोविंद चौधरी की ओर से दलील दी गई कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता की 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री 14 जनवरी, 2026 से लापता है। ऐसी आशंका है कि क्षेत्र का ही कोई युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। लिहाजा, नाबालिग को तलाशकर पुलिस कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करे। शिकायत के बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया। लेकिन पातासाजी की दिशा में समुचित गंभीरता नदारद है। इसीलिए न्यायहित में हाई कोर्ट आना पड़ा।

## जबलपुर स्टेशन पर यात्री की अटकी श्वांस को मिला आक्सीजन का सहारा



**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन पर रेल कर्मचारियों की तत्परता से एक यात्री की जान बची। उसकी श्वांसे रुक रही थी, लिहाजा उसे ऑक्सीजन सिलेण्डर मुहैया कराया गया। दरअसल मंगलवार को 139 रेल मदद सेवा के माध्यम से सूचना मिली कि प्राप्त हुई की ट्रेन संख्या 12165 में यात्रा कर रहे यात्री सतीश कुमार, उम्र 41 वर्ष, जिनका पीएनआर 8444926443 है और वे कोच एस-8, सीट संख्या 41 पर यात्रा कर रहे हैं, को यात्रा के दौरान श्वांस लेने में गंभीर कठिनाई हो रही है एवं उन्हें तत्काल ऑक्सीजन सिलेंडर की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही उप स्टेशन प्रबंधक आशीष चड्ढा एवं राजू द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बिना किसी विलंब के दवा बाजार स्थित अनन्या क्लिनिक से संपर्क स्थापित किया गया। जैसे ही ट्रेन जबलपुर स्टेशन पर पहुँची, अनन्या क्लिनिक के स्टाफ शुभम यादव एवं अतुल राव द्वारा तुरंत ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराया गया, जिससे यात्री को समय पर आवश्यक चिकित्सा सहायता मिल सकी और उसकी अटकी श्वांसे बहाल हो सकी। यात्रियों के परिजनों ने रेल प्रशासन की मदद के प्रति अपना आभार प्रदर्शन किया।

### सागर, दमोह, कटनी, सिहोरा में होगा ठहराव

## कोटा-जबलपुर के बीच चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेलवे प्रशासन ने होली के अवसर पर घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने कोटा से जबलपुर के बीच स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। इन ट्रेनों के संचालन से होली पर होने वाली भीड़ से यात्रियों को राहत मिलेगी।

### इन स्टेशनों पर ठहराव

कोटा-जबलपुर-कोटा (09806/09805) दो फेरे- कोटा से प्रस्थान (09806)- 1 और 3 मार्च, शाम 6:30 बजे (जबलपुर आगमन: सुबह 6:55 बजे)
जबलपुर से वापसी (09805): 2 और 4 मार्च, सुबह 9:10 बजे (कोटा आगमन: रात 10:15 बजे)
इन स्टेशनों पर ठहराव: अंता, बारां, अटरू, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोकनगर, बीना मालखेड़ी, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा और सिहोरा रोड। कोच कंपोजिशन: कुल 12 डिब्बे (6 सामान्य, 2 स्लीपर, 2 बैठक श्रेणी)।

### छिंदवाड़ा की युवती के साथ धोखा, जबलपुर से कनेक्शन जुड़े

## रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर फर्जीवाड़ा

हरिभूमि जबलपुर।




पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा रेल मंडल में जबलपुर संभाग के छिंदवाड़ा जिले की एक युवती के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जीवाड़े का मामला प्रकाश में आया है। इस मामलें में जबलपुर के कार्मिक विभाग से भी तार जुड़ रहे है। दरअसल छिंदवाड़ा की एक युवती को नौकरी दिलाने के नाम पर न उससे ढाई लाख रुपए ऐठे गए बल्कि उसे कोटा के डीआरएम ऑफिस में फर्जी तरीके से ट्रेनिंग भी दिलवाई गई। आश्चर्य की बात तो यह कि आरपीएफ के पहरे और सीसीटीव्ही की निगरानी में कैसे ट्रेनिंग दिला दी गई यह आश्चर्य का विषय है। कोटा जीआरपी ने इस गिरोह का पर्दा फाशकर आरापी बिहार निवासी अनुपम चौधरी और कोटा निवासी कौशल शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं मामलें के मास्टर माइंड की तलाश की जा रही है।

### युवती के गंभीर आरोप

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा निवासी आरती मोखेडे ने पिछले साल (2025) मार्च में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसे रेलवे में नौकरी का झांसा देकर कोटा बुलाया गया। ठगों ने उसे डीआरएम ऑफिस के एक कमरे में बैठाकर उसकी बाकायदा परीक्षा ली गई। यही नहीं रेलवे अस्पताल ले जाकर उसका ब्लड सैंपल लिया गया और मेडिकल प्रक्रिया पूरी की गई।

### पमरे जबलपुर मुख्यालय के बड़े अधिकारी के मिले हस्ताक्षर

बताया गया है कि ठगी गई युवती आरती को मिले कॉल लेटर में पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मुख्यालय के एक बड़े अधिकारी के हस्ताक्षर मिले हैं। हालांकि, पुलिस अभी इन हस्ताक्षरों के असली या नकली होने की जांच कर रही है।

### तीन तलाक मामलें में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

## साली के मोबाइल पर वाइस मैसेज भेजकर पत्नी को दिया तलाक

**जबलपुर।** ससुराल की प्रताड़ना से तंग आकर मायके में रह रही एक महिला के पति ने अपनी साली के मोबाइल पर वाइस मैसेज तीन बार तलाक, तलाक भेज दिया अब महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शादी के 10 साल बाद रिश्तों में आई दरार के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधारताल निवासी फरहीन अली ने एक लिखित शिकायत की, जिसमें कहा है कि उसका विवाह वर्ष 2010 में मुस्लिम रीति रिवाज से भानतलैया हनुमानताल निवासी वाहिद अली के साथ हुआ था। उसके 2 बच्चे हैं। शादी के कुछ समय बाद से पति वाहिद अली, ससुर नजर अली, सास सुल्ताना बानो, ननद शमा खान, नुशरत खान देवर जावेद अली द्वारा घरेलू बातों को लेकर उसके शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति करने लगे थे। पति की मारपीट से परेशान होकर वह लगभग तीन माह से मायके में रही थी। 16 जनवरी को पति वाहिद ने फोन करके बोला कि ससुराल आ जाओ तो वह ससुराल भानतलैया आ गयी, पति द्वारा उसे लगातार परेशान किया गया था। महिला ने पुलिस को बताया कि घर में काम करने का बहाना करके उसे मायके छोड़ दिया और बच्चों को अपने पास रख लिया। उसने पति को फोन लगाकर ससुराल जाने के लिये कहा तो पति ने फोन पर गाली गलोज कर एवं तलाक देने की धमकी दी और 16 फरवरी को पति ने उसकी बहन के मोबाइल पर रात लगभग 10 बजे वायस मैसेज करके कहा कि, मैं वाहिद अली अपने होशो हवाश में फरहीन को तलाक देता हूॅ, कहते हुये तीन तलाक दे दिया था। पुलिस ने लिखित शिकायत पर धारा 85, 296, 115(2) बीएनएस तथा 4 मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकार का संरक्षण) अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### कैबिनेट के फैसले से महाकौशल में रेल सुविधा का होगा विस्तार

## जबलपुर-गोंदिया डबल लाइन को मंजूरी



**जबलपुर।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों के रेल लाईनों की संख्या बढ़ाने बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी। इनमें जबलपुर, गोंदिया डबल लाईन भी शामिल हैं। ये परियोजनाएं 2030-31 तक पूरी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने मंगलवार 24 फरवरी को रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे लाइनों की संख्या बढ़ाने संबंधी तीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी। इनमें गोंदिया-जबलपुर लाइन दोहरीकरण, पुनारख-किऊल तीसरी और चौथी लाइन व गम्हरिया-चांडिल तीसरी और चौथी लाइन शामिल हैं. महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड के 8 जिलों में व्याप्त इन तीन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 5,407 गांवों में संपर्क में सुधार होगा, जिनकी आबादी लगभग 98 लाख है।

### महाकोशल, जबलपुर क्षेत्र को मिलेगा लाभ

जबलपुर-गोंदिया डबल लाइन प्रोजेक्ट्स से प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क में सुधार होगा, जिनमें जबलपुर के कचनार शिव मंदिर, बालाघाट में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, गंगुलपारा बांध और जलप्रपात, पेंच राष्ट्रीय उद्यान, धुआंधार जलप्रपात, बरगी बांध, आदि शामिल हैं।

### माल लदान में बहु उपयोगी होगी

ये परियोजनाएं कोयला, इस्पात, लौह अयस्क, सीमेंट, गिट्टी और पत्थर के टुकड़े, फ्लाई ऐश, उर्वरक, चूना पत्थर, मैंगनीज, डोलोमाइट, खाद्यान्न, सार्वजनिक तेल और उत्पाद-पीओएल जैसी वस्तुओं की ढुलाई के लिए आवश्यक मार्ग हैं। इन रेल मार्गों के क्षमता वर्धन से प्रति वर्ष 52 मिलियन टन (एमटीपीए) की अतिरिक्त माल ढुलाई हो सकेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240